भोपाल
शनिवार, 23 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–14
वर्ष : 11, अंक : 01
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

मौसम
अधि. 34
न्यून. 19

### पीएम मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

## बोले- यह 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित





मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष बन गए हैं।

भूटान दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। अपनी स्थापना के बाद से यह ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

## सीएम डॉ. यादव ने मंडला में कहा भाजपा ने जनजातीय समाज को दिया उनका हक और मान-सम्मान

# आपकी अंगुली में सुदर्शन चक्र की ताकत बटन दबाकर अधर्मियों का 'नाश' कीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को मंडला पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते का नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद जनसभा को संबोधित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान कृष्ण के पास एक सुदर्शन चक्र था, जो अधर्मियों का नाश करता था।

आपके पास भी वही ताकत है। जिस तरह कृष्ण की अंगुली पर सुदर्शन चक्र होता था, आपकी अंगुली में भी ताकत ▶▶ शेष पेज 6 पर

**कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराते हैं और उनका प्रत्याशी कहता है कि मंदिर से जरूरी कोई काम नहीं है क्या?**



मंडला पहुंचने पर सीएम डॉ. यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने नर्मदा पूजन किया।

### प्रधानमंत्री ने दिया जनजातीय समाज और उसके महापुरुषों को सम्मान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश में वर्षों तक शासन किया, लेकिन जनजातीय भाई-बंधुओं के हित के लिए कोई कार्य नहीं किया। जनजातीय बंधुओं के विकास और कल्याण की चिंता अगर किसी ने की है तो भाजपा सरकार ने की है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने जनजातीय कल्याण मंत्रालय बनाकर जनजातीय समाज के उत्थान के लिए बजट आवंटित किया। वर्ष 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जनजातीय जननायकों, क्रांतिवीरों और महापुरुषों को सम्मान देने के लिए गौरव दिवस की शुरूआत की गई साथ ही आदिवासी समाज को मान और सम्मान दिया जा रहा है। 2014 के बाद पीएम मोदी की सरकार गरीबों, ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी



सीएम ने जमीन पर बैठकर नगाड़ा भी बजाया। एक्स पर इसे शेयर किया।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### मॉस्को में आतंकी हमला, 40 की मौत

**नई दिल्ली।** रूस के मॉस्को में 5 बंदूकधारियों ने एक कॉन्सर्ट हॉल में गोलीबारी की। इसमें 40 से ज्यादा के मौत की खबर है। 100 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। घटना मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुई। हमलावरों ने हॉल में मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। घटना के वीडियो सामने आए हैं। रेस्क्यू जारी है। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी



#### आईपीएल 2024 की हुई भव्य शुरुआत

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 का शुक्रवार शाम को आगाज हो गया। यह मैच चेन्नई के घरेलू मैदान एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 8 बजे से शुरू हुआ। मुकाबले से पहले ओपनिंग सेरेमनी हुई। जिसमें बॉलीवुड स्टार्स ने परफॉर्म किया। सिंगर एआर रहमान के साथ सिंगर सोनू निगम, एक्टर टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार पहुंचे।



#### गेट 2024: स्कोरकार्ड आज जारी होगा

**नई दिल्ली।** गेट यानी ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट 2024) रिजल्ट घोषित कर दिया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलोर ने 18 मार्च को गेट 2024 परीक्षा टॉपर्स लिस्ट भी जारी की है। वहीं गेट 2024 स्कोर 23 मार्च को जारी किया जाएगा। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक और डाउनलोड कर सकेंगे।



### *प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 28 पेजों में बताया कि केजरीवाल की 10 दिन की रिमांड क्यों जरूरी है? 28 मार्च तक रिमांड मिली*

# ईडी का दावा : केजरीवाल ही 'घोटाले' के सरगना, 45 करोड़ गोवा चुनाव में भेजे गए

*ईडी का यह भी दावा कि केजरीवाल के घर से 150 पेज का दस्तावेज मिला जिसमें घोटाले की जांच कर रहे ईडी के अफसरों की जासूसी के तथ्य, एजेंसी ने कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए*

*शुक्रवार को ईडी ने केजरीवाल को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया और 10 दिन की रिमांड की मांग की। 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में भेजा। इधर, गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष भी सुनवाई होनी थी। लेकिन, उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली।*

**ईडी के पास सब कुछ है तो फिर हिरासत क्यों? : सिंघवी**

केजरीवाल के वकील सिंघवी ने कहा कि अगर आपके पास सब कुछ है तो आप हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों करना चाहते हैं। 80 प्रतिशत लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे। पहला आरोप पत्र 2022 में दायर हुआ और 2 साल बाद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया।



1 *कोर्ट में पेशी पर जाते वक्त केजरीवाल ने कहा- मेरा जीवन देश के लिए समर्पित*

2 *गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली से लेकर मोहाली तक आप कार्यकर्ताओं ने काटा बवाल*

3 *भारत के 75 साल के इतिहास में पहली बार कोई सिटिंग मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ है*



**दक्षिण लॉबी को करीब 592 से 600 करोड़ का फायदा हुआ : एएसजी**

*एएसजी राजू ने कहा कि हाई कोर्ट ने केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत नहीं दी है। सरकारी गवाह की विश्वसनीयता मुकदमे के दौरान की जांची जा सकती है। चेन आफ मनी ट्रेल का पता लगाने के लिए केजरीवाल के रिमांड की जरूरत है। बड़ी संख्या में डिजिटल एविडेंस मिटाए गए हैं और इसके कारण जांच* ▶▶ शेष पेज 6 पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रात भर एक कंबल व एक गद्दे पर ईडी की कस्टडी काटने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को जज कावेरी बाबेजा की राऊज एवन्यू कोर्ट में पेश किया गया। जहां तीन घंटे दोनों पक्षों में जोरदार बहस चली।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उस दौरान केजरीवाल के खिलाफ बड़ी दलीलें रखीं। 10 दिन की रिमांड भी मांगी। लेकिन ईडी को 6 दिन की रिमांड ▶▶ शेष पेज 6 पर

**अन्ना हजारे का बड़ा बयान**

#### मुझे कोई दुख नहीं, उसने मेरी बात नहीं मानी

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर समाजसेवी अन्ना हजारे ने कहा कि केजरीवाल ने कभी मेरी बात नहीं मानी। मैं पहले ही कह रहा था कि शराब पॉलिसी नहीं लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि और भी अच्छे काम है जो कानून के जरिए किए जा सकते हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर मुझे कोई दुख नहीं ▶▶ शेष पेज 6 पर



**सीएम डॉ. यादव बोले**

#### केजरीवाल को पद का मद, वे इस्तीफा देकर फेस करते आरोप

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को पद का मद हो गया। किंतु मुख्यमंत्री के रूप में जेल जाना, बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। आज तक कभी ऐसा समय नहीं हुआ। डॉ. यादव ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर



**वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा**

### कोई भी सबूत नहीं मिला फिर भी गिरफ्तारी, क्यों?

*केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि रिमांड ऑटोमैटिक नहीं है। इसे पीएमएलए जैसे कानून के प्रावधानों को पूरा करना होगा। पहली शर्त यह है कि उसके पास कोई भौतिक सामग्री हो। मतलब विश्वास करने का कारण होना चाहिए और अंततः वह दोषी होना चाहिए। ऐसा सामान्य कानून में क्यों नहीं होता? क्योंकि जब गिरफ्तारी करना मुश्किल होता है तो व्यक्ति को छोड़ना भी मुश्किल होता है। किसी को दोषी मानने की वजह और ईडी के पास मौजूद सामग्री के बीच एक कारणात्मक संबंध होना चाहिए। पहली चीज जो हमें दिखानी चाहिए वह है गिरफ्तारी की आवश्यकता। सिर्फ इसलिए कि आपके पास गिरफ्तार करने का पावर है इसका मतलब यह नहीं कि आपको इसका इस्तेमाल करना ही होगा। प्लीज, कानून को एक बार देखें। पूरी रिमांड एप्लीकेशन गिरफ्तारी के ग्राउंड्स की कॉपी पेस्ट है। अगर आपके पास सब कुछ है तो आप हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों करना चाहते हैं। 80 प्रतिशत लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे। अगर मेरे शिकायतकर्ता के अधीन काम करने वाला कोई व्यक्ति मेरे खिलाफ बयान देता है तो क्या वह अदालत उसे सबूत मान सकती है? किसी भी गलत काम को दिखाने के लिए कोई सामग्री नहीं मिली, कोई आपत्तिजनक सामग्री भी नहीं मिली। सिंघवी ने पवन बंसल जजमेंट को पढ़ते हुए कहा कि गिरफ्तारी के वक्त सेफगार्ड नहीं अपनाए गए। जब सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता तो सुप्रीम कोर्ट को दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।*

***शरथ रेड्डी ने 9 नवंबर 2021** पहले बयान में कहा कि उसने किसी को पैसे नहीं दिए और अगले दिन जांच में सहयोग नहीं* ▶▶ शेष पेज 6 पर

## इसरो ने उतारा स्वदेशी 'पुष्पक' विमान



## भारत के भविष्य का अंतरिक्षयान तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार की सुबह अपने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) की लैंडिंग का सफल परीक्षण किया। इसका नाम पुष्पक है। लैंडिंग आंध्र प्रदेश के चित्रदुर्ग चल्लाकेरे में की गई। यहां डीआरडीओ की एक फैसिलिटी है, जहां पर इसकी लैंडिंग और टेकऑफ टेस्ट होते हैं। पुष्पक खास तरह का स्पेस शटल है, जो अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स और कार्गो ले जाने का काम करेगा। इससे पहले 2 अप्रैल 2023 को इसरो, डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना ने मिलकर इसका लैंडिंग टेस्ट किया था। उस समय चिनूक हेलिकॉप्टर से पुष्पक को 4.5 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया था। जिसके बाद यान ने खुद ही सफल लैंडिंग की। पुष्पक पूरी तरह ▶▶ शेष पेज 6 पर



### हादसे में गई थी 36 लोगों की जान

## इंदौर बेलेश्वर बावड़ी हादसे में दो आरोपी गिरफ्तार

करीब एक साल बाद कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

पिछले साल रामनवमी को इंदौर के पटेल नगर में हुए बेलेश्वर बावड़ी हादसे मामले में दो आरोपियों ने गिरफ्तारी दी है। पुलिस तो उन्हें नहीं पकड़ पाई। वे खुद थाने पहुंचे। दोनों आरोपी मंदिर ट्रस्ट से जुड़े हैं। शुक्रवार सुबह मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी और सचिव मुरली सबनानी थाने में पेश हुए। पुलिस ने पहले उनका मेडिकल कराया फिर उन्हें कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने यह गिरफ्तारी हादसे के 11 माह ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दिग्विजय ने कर दी लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा

राजगढ़ में नहीं थी चुनाव लड़ने वालों की कमी

## कहा- मानना पड़ता है पार्टी का 'आदेश'

◆ यह चुनाव अकेले दिग्विजय के बस का नहीं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने अंततः शुक्रवार को राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

राजगढ़ पहुंचे दिग्विजय ने नेताओं-कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा की हमारे पास चुनाव लड़ने वाले बहुत थे।



चुनाव लड़ने के लिए प्रियव्रत सिंह, हेमराज कल्पोनी, रामचंद्र दांगी जैसे प्रत्याशी थे, लेकिन पार्टी का आदेश मानना पड़ता है। मुझे बताया गया कि आपको चुनाव लड़ना है, हालांकि अभी घोषणा नहीं हुई है। दिग्विजय राजगढ़ क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राजगढ़ ▶▶ शेष पेज 6 पर

### धार में भोजशाला के सर्वे पर अर्जेंट हियरिंग वाली याचिका सुप्रीमकोर्ट ने की खारिज

175 से अधिक पुलिस जवान परिसर में तैनात किए गए

# एएसआई की टीम ने वीडियोग्राफी की, सर्वे वाले स्थान चिन्हित किए

### *भोजशाला का सर्वे रमजान के जुमे की नमाज से पहले रोक दिया गया, आज फिर होगा सर्वे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर ज्ञानवापी की तरह धार स्थित भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वे शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गया। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की टीम भोजशाला का सर्वे कर रही है। इसका सर्वेक्षण करने के लिए एएसआई की 20 सदस्यीय टीम सुबह 6 बजे भोजशाला परिसर में पहुंची। सर्वे टीम दोपहर में नमाज से पहले भोजशाला परिसर से बाहर आ गई थी। अब दूसरे ▶▶ शेष पेज 6 पर

एएसआई की 20 सदस्यीय टीम सुबह 6 बजे भोजशाला परिसर में पहुंची थी

इस क्षेत्र की निगरानी 60 कैमरों की मदद से की जा रही है



**शहर काजी बोले: सर्वे की सूचना नहीं दी गई**

धार के शहर काजी वकार सादिक व जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के जुल्फिकार अहमद ने कहा कि वे हाईकोर्ट के निर्णय का सम्मान करेंगे, लेकिन सर्वे की हमें कोई सूचना नहीं दी गई है। शहर काजी भोजशाला के सर्वे के दौरान शामिल नहीं हुए हैं।

**नहीं रोकी जाएगी नमाज**

सर्वे का असर जुमे की नमाज पर नहीं होगा। नमाज पढ़ने आने वाले लोगों को भोजशाला में प्रवेश दिया जाएगा। धार एसपी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हाई कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। नमाज प्रभावित नहीं होगी।

### डीजीसीए का बड़ा एक्शन

## एयर इंडिया पर लगाया 80 लाख का जुर्माना

एयरलाइंस ने तोड़ा था नियम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने उड़ान के वक्त नियमों का उल्लंघन करने पर एयर इंडिया पर 80 लाख रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया है। अथॉरिटी ने अपनी ये कार्रवाई जनवरी के ऑडिट में हुए कई खुलासों के बाद की है।

डीजीसीए ने जनवरी में एयर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किए थे, जिसकी चालक दल के लिए अल्ट्रा-लंबी दूरी की उड़ानों से पहले और बाद में जरूरी आराम न देने, लेओवर के दौरान जरूरी आराम न देने का मामला ▶▶ शेष पेज 6 पर



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 मार्च 2024



# कोलार सिक्सलेन का सर्वधर्म पुल शुरू, बीच में समतल होने लगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार रोड पर ट्रैफिक को लेकर परेशान लोगों को नया बना सर्वधर्म पुल चालू होने से काफी राहत मिल गई। पुल की टेस्टिंग के साथ ही ट्रैफिक को शुरू कर दिया गया। क्योंकि काफी समय से लोग सर्वधर्म पुल के पुराने हिस्से को लेकर परेशान थे। यह नया पुल पुराने पुल से जोड़कर ही बनाया गया है। 13 मीटर चौड़े और 60 मीटर लंबे इस पुल को शुरू होने के बाद पूरे पुल की चौड़ाई सिक्सलेन से भी ज्यादा हो गई है। इससे पुल पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना नहीं रहेगी। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार इस सिक्सलेन रोड की नई डेड लाइन अब दो हिस्से में तय की गई है। पहले हिस्से को सर्वधर्म पुल से कोलार गेस्ट हाउस तक का काम अब पूरा करने के हिसाब से किया जा रहा है। उम्मीद है कि साल के अंत तक यहां पूरे सिक्सलेन पर ट्रैफिक चलेगा, जबकि दूसरा हिस्सा सर्वधर्म पुल से गोलजोड़ तक का हिस्सा है। इसका काम भी उम्मीद है कि अगले साल मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

**पुल की टेस्टिंग भी ट्रैफिक चालू करने के साथ ही शुरू कर दी गई**

**कोलार गेस्ट हाउस से सर्वधर्म पुल तक पहले सिक्सलेन को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है**

### जाम से मिली राहत

15 किलोमीटर लंबे सिक्सलेन में सर्वधर्म पुल सबसे महत्वपूर्ण है। सिक्सलेन के साथ ही इसका काम भी शुरू कर दिया गया। इससे लोगों को जाम से काफी राहत मिल गई। पिछले डेढ़ साल से 15x10 किलोमीटर लंबे कोलार सिक्सलेन का निर्माण चल रहा है। चूना भट्टी चौराहे से डीमार्ट तक एक लेन और डीमार्ट से कालापानी गांव से आगे तक दोनों लेन का काम पूरा हो चुका है।

---

होली पर घर जाने को लेकर ट्रेनों में बढ़ी यात्रियों की तादाद

# स्लीपर बने जनरल कोच, भीड़ होने से गेट पर खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर यात्री

**आज से तीन दिन की छुट्टी होने के कारण राजधानी में नौकरी करने वाले बड़ी संख्या में लोग त्योहार पर अपने घर के लिए हुए रवाना**





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

होली त्यौहार के चलते ट्रेनों में शुक्रवार को भारी भीड़ देखने को मिली। भोपाल स्टेशन पर दिनभर ही अच्छी खासी भीड़ रही है। शाम के समय 5 के बाद स्टेशन पर पैर रखने तक के लिए जगह नहीं थी। शाम को राज्यरानी एक्सप्रेस के समय ट्रेन में सवार होने को लेकर लोगों की आपा-धापी मच गई।

कई लोग पटरी के पास खड़े होकर दूसरी साइट से बैठने की कोशिश करते नजर आए। सरकारी व प्राइवेट कार्यालयों के अधिकांश कर्मचारी शुक्रवार की वर्किंग करने के बाद घर पर त्योहार मनाने के लिए निकल गए। दरअसल होली पर शनिवार, रविवार व सोमवार की तीन दिन की छुट्टी मिल रही है। वहीं इन दिनों परीक्षा खत्म होने के बाद अधिकांश स्कूलों में छुट्टी है। इसके चलते लोग अपने घर त्योहार मानाने निकल पड़े हैं। इन दिनों भोपाल सहित अन्य स्टेशनों से जाने वाली ट्रेनें यात्रियों से फुल हैं। लोग ट्रेन के टॉयलेट में बैठकर सफर करते नजर आए। वहीं स्लीपर कोच जरनल कोच जैसे लग रहे थे। रेलवे सूत्रों के अनुसार रोजाना करीब 75 से 85 हजार यात्री सफर करते है, लेकिन होली पर्व के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा डेढ गुना से अधिक यात्री पहुंचे। होली के मौके पर एक लाख से अधिक यात्री स्टेशन पहुंचे। इसके चलते रेलवे की ओर से टिकट काउंटर पर अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई।

### सीट कंफर्म न होने से परेशान होते रहे यात्री

घर जाने के लिए ट्रेन में महीनों पहले ई-टिकट करवाए थे, लेकिन बर्थ कंफर्म नहीं हो पाई। इससे इसके चलते कई परेशान यात्रियों ने टीटीई से अधिक चार्ज देकर टिकट बनवाते नजर आए।

### इन ट्रेनों में यात्रियों की अधिक भीड़ देखने मिली

भोपाल स्टेशन पर राज्यरानी,कुशीनगर एक्सप्रेस,दक्षिण एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों जैसे ही प्लेटफार्म पर यात्री उनमें सवार होने के लिए के दौड़ते देखे जा रहे थे। कई लोग तो रेलवे ट्रैक पार कर ट्रेन के अंदर जाने में मशक्कत करते नजर आए। इस दौरान ट्रेन बैठे यात्रियों से उनका विवाद हुआ।

### बसों में भी फुल रहीं सीटें

होली के अवसर पर राजधानी के विभिन्न बस स्टैंड से रवाना होने वाली सभी बसें यात्रियों से खचाखच भरकर जा रही हैं। बस चालक क्षमता से अधिक सवारियों को बैठा रहे है। 50 सीटर बसों में 70 से 80 यात्रियों बैठा रहे हैं।

---

शनिवार को रीशेड्यूल कराई जाएंगी रजिस्ट्री

# रजिस्ट्री का सर्वर ठप, सौ खरीदारों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मार्च माह के आखिरी दिनों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ बढ़ने के बावजूद संपदा का साफ्टवेयर साथ नहीं दे रहा है, जिसकी वजह से दस मिनट में होने वाली रजिस्ट्री के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। दो दिन पहले सर्वर में एरर आने की वजह से रजिस्ट्री के लिए दो से तीन घंटे का इंतजार करना पड़ा था। शुक्रवार को रजिस्ट्री के लिए 284 स्लॉट बुक किए गए थे, लेकिन देर शाम तक सिर्फ 192 रजिस्ट्री हो पाईं। ऐसे में करीब सौ लोगों को वापस लौटना पड़ा। अब शनिवार को इन रजिस्ट्री को री शेड्यूल कराया जाएगा।

पंजीयन अफसरों का तर्क है कि प्रदेश भर में रजिस्ट्री अधिक होने से सर्वर ठप होने की समस्या आ रही है। बता दें कि नई कलेक्टर गाइडलाइन एक अप्रैल से लागू हो जाएगी, जिससे जिले के 1443 स्थानों पर पांच से 95 प्रतिशत तक प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे।

**सर्वर डाउन होने से प्रॉपर्टी के खरीदार हो रहे परेशान**



### पंजीयन दफ्तरों में बढ़ रही भीड़

जिले के आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन दफ्तरों में शुक्रवार को सुबह से रजिस्ट्री कराने लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए थे। कुछ देर सही चलने के बाद सर्वर ठप हो गया और देर शाम सात बजे तक यही स्थिति बनी रही। इस वजह से कार्यालयों में लोगों की भीड़ मौजूद रही और वह परेशान होते रहे। परवलिया सड़क निवासी निवासी ब्रजेश चौहान ने बताया कि वह शुक्रवार को रजिस्ट्री कराने आए थे, लेकिन चार घंटे इंतजार के बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। अब शनिवार को फिर आना पड़ेगा।

### बढ़ी रजिस्ट्री की तादाद

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में प्रदेशभर में करीब 15 हजार रजिस्ट्री रोजाना दर्ज की जा रही हैं, लेकिन सर्वर ठप होने के कारण सिर्फ छह से सात हजार रजिस्ट्रियां ही दर्ज हो रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भोपाल जिले को 1373 करोड़ रुपए का टॉरगेट दिया गया है, जिसमें अब तक 1200 करोड़ रुपए का राजस्व मिल गया है।

### दवाब अधिक होने से सर्वर डाउन

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में अधिक दस्तावेज रजिस्टर्ड होने की वजह से पंजीयन विभाग की वेबसाइट पर दबाव अधिक हो जाता है। इस वजह से कुछ देर के लिए सर्वर धीमा होता है, लेकिन बाद में स्थिति में सुधार हो जाता है।

**स्वप्नेश शर्मा**, वरिष्ठ जिला पंजीयक

---

14 फरवरी को शासकीय सम्मान के साथ हुई थी रवाना

# थाईलैंड भ्रमण के बाद सारीपुत्र एवं महामोग्ल्यान की अस्थियां आईं सांची

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सारीपुत्र एवं महामोग्ल्यान की अस्थि धातु थायलैंड भ्रमण कर शासकीय सम्मान के साथ सांची में यथास्थान रखी गईं। भारत सरकार एवं श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी की अनुमति से सांची में स्थित भगवान बुद्ध के प्रिय शिष्य पूज्यनीय सारीपुत्र एवं महामोग्ल्यान की अस्थी 14 फरवरी शासकीय सम्मान के साथ भारत से थाईलैंड में भ्रमण के लिए रवाना की गईं।

यह पवित्र अस्थियां थाईलैंड के बैंकाक शहर के सनम लाभ पाव्हेलियन में 22 फरवरी से तीन मार्च तक रही। इन आठ दिनों में 20,85,360 उपासक-उपासिकाओं ने दर्शन किए। इसके बाद चार से आठ मार्च तक चियांगमई में हो कुमलाग रायल रुजाप्रुक में सहित अलग-अलग शहरों में उपसिकाओं ने दर्शन किए। भोपाल राजाभोज एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इसे पूरी सम्मान के साथ आगवानी कर सुरक्षा के साथ सांची ले जाया गया। वहां उपस्थित पुलिस बल ने गार्ड ऑफ आनर देकर एवं पूजा कर यथास्थान सुरक्षित रख दी गईं।

---

**किसानों को एक क्विंटल गेहूं पर 200 रुपए अतिरिक्त खर्च**

# परवलिया का खरीदी केंद्र बंद, 25 गांवों के किसानों को 40 किमी दूर जाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परवलिया सड़क, कलाखेड़ी, तारासेवनिया, रसूलिया पठार सहित 25 गांवों के किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 40 किमी दूर मुगालिया कोट जाना पड़ रहा है। इससे किसानों को एक क्विंटल गेहूं पर 200 रुपए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा था। इन किसानों ने इस संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से मुलाकात की। उन्होंने किसानों से कहा कि उनके लिए परवलिया सड़क पर उपार्जन केंद्र बनाया जाएगा।

शुक्रवार को इन गांवों के किसान दोपहर को कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पहले हर बार परवलिया सड़क पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र बनाए जाते थे, लेकिन इस बार यह केंद्र बंद कर दिया गया है। इसकी जगह किसानों को गेहूं बेचने स्टीन सायलो पर मुगालिया कोट जाना पड़ रहा है। जो उनके गांव से 40 किमी दूर है। इससे उनका खर्च बढ़ गया है। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली का और अन्य खर्च शामिल है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि परवलिया सड़क पर उपार्जन केंद्र बनाने की मांग की है। किसानों की समस्या को देखते हुए परवलिया सड़क पर भी केंद्र बना दिया जाएगा।



---

अंडाशय में गठान के कारण महिला का फूल जाता था पेट

# हमीदिया के डॉक्टरों ने सर्जरी कर निकाला 14 किग्रा का ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विदिशा की रहने वाली 25 महिला के अंडाशय में गठान होने के कारण पेट फूल जाता था। महिला के दो बच्चे है। गठान और पेट फूलने की समस्या के कारण महिला काफी परेशान थी। परिजनों ने महिला को कई निजी अस्पताल में दिखाया, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद परिजन इलाज के लिए महिला को हमीदिया अस्पल लेकर आए। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ. शबाना सुल्तान ने महिला को भर्ती कर जांच कराई। जांच में पाया गया कि मरीज के अंडाशय में 30 सेमी की गठान है। डॉक्टरों ने बिना देर किए मरीज की सर्जरी कर 14 किलोग्राम का अंडाशय का ट्यूमर निकाला। सर्जरी टीम में डॉ शबाना सुल्तान, डॉ. अंशु, डॉ. आयशा खान, डॉ. निधि गुप्ता, एनेस्थेटिस्ट डॉ. रजनी ठाकुर,डॉ. रिचा पांडे, डॉ. शिवासामी और नर्स मीना शामिल थी।

---

21 दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का हुआ समापन

# होली मनाने मायके पहुंचीं मां भवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

होली के पूर्व बड़ेवाले महादेव मंदिर से शुक्रवार को मां भवानी अपने मायके भवानी मंदिर सोमवारा पहुंची। बड़वाले महादेव मन्दिर सेवा समिति के संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि मां भवानी को लेने के लिए मां भवानी मन्दिर समिति सोमवारा के अध्यक्ष रमेश सैनी एक शोभायात्रा के रूप में गाजे बाजे के साथ बटेश्वर धाम पहुंचे। इसके बाद बड़वाले महादेव मंदिर में दोनों मंदिर समितियों के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई और मां भवानी को यहां से विदा कराकर भवानी मंदिर पहुंचे। इसी के साथ बड़वाले महादेव मंदिर में 21 दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का समापन भी हो गया।



होली प्रदोष पर रंगारंग श्रृंगार किया

संजय अग्रवाल ने बताया कि शिवरात्रि महोत्सव का समापन के अवसर पर शुक्रवार को बटेश्वर धाम में होली प्रदोष पर बाबा बटेश्वर का रंग बिरंगे फूलों एवं गुलाल अबीर से दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### दो दिन पहले मां की होती है विदाई

परंपरानुसार महाशिवरात्रि पर शिव विवाह पर मां भवानी बड़वाले महादेव मंदिर पहुंचती है। बड़वाले महादेव मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम होते है। इसी प्रकार होली के दो दिन पहले मां भवानी होली मनाने के लिए अपने मायके भवानी मंदिर सोमवार पहुंचती है। इसको लेकर आज मां की विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

---

सर्वार्थ सिद्धि और वृद्धि योग के साथ उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का विशेष

# इस बार होलिका दहन पर भद्रा का रहेगा साया रात 10.50 बजे के बाद ही जलाना शुभ होगा

**फाल्गुन पूर्णिमा के चलते चंद्रग्रहण भी रहेगा, जो भारत में नहीं दिखेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस बार होलिका दहन पर भद्रा का साया पड़ रहा है। होली फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तिथि पर 24 मार्च रविवार को जलाई जाएगा। भद्रा होने से रात 10.50 बजे के बाद ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा। वैसे इस दिन फाल्गुन पूर्णिमा के चलते चंद्रग्रहण भी रहेगा, जो भारत में नहीं दिखेगा।

यह उप छाया ग्रहण है इसलिए इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। राजधानी भोपाल में 1200 से अधिक जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरुजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया होलिका दहन रवि, बुधादित्य और सर्वार्थ सिद्धि योग में होगा। अगले दिन 25 मार्च को होली खेली जाएगी। इस अवधि में 24 को व्रत और 25 को स्नान-दान पूर्णिमा रहेगी। खरमास का समापन भी होली के दिन होगा।



### भद्रा सुबह 9:47 बजे प्रारंभ

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 24 मार्च को भद्रा सुबह 9:47 बजे प्रारंभ हो जाएगी। यह इस दिन रात 10:50 बजे तक रहेगी। भद्रा का विशेष प्रभाव शाम 6:33 बजे से रात 10:50 बजे तक रहेगा। भद्रा काल में होलिका दहन करना अशुभ माना गया है। इसलिए भद्रा काल खत्म होने के बाद होलिका दहन करना श्रेष्ठ रहेगा। इस बार होलिका दहन सर्वार्थ सिद्धि और वृद्धि योग में उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रदोष युक्त पूर्णिमा में किया जाएगा। वैसे तो तिथियों के और भद्रा के फेर में अक्सर पर्व-त्योहार आते रहते हैं, लेकिन भद्रा तिथि में होलिका दहन करना और राखी बांधना शास्त्रों में निषेध कहा गया है।

### 24 तक रहेंगे होलाष्टक , नहीं होंगे शुभ कार्य

17 मार्च से होलाष्टक की शुरुआत हुई थी, ये 24 मार्च तक चलेंगे। इस दौरान सभी शुभ कार्य बंद रहते हैं। इन दिनों देवी-देवताओं की आराधना चलती है। होलाष्टक को लेकर एक पौराणिक कथा है कि राजा हिरण्यकश्यप बेटे प्रहलाद को भगवान विष्णु की भक्ति से दूर करना चाहते थे और इसके बाद 8वें दिन बहन होलिका, जिसे आग में नहीं जलने का वरदान था, वह प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि शैया पर बैठ गई। इस दौरान प्रहलाद बच गए और होलिका जल गई।

### भद्रा का अर्थ मंगल करने वाला, लेकिन शुभ कार्य निषेध

पुराणों के अनुसार भद्रा भगवान सूर्य की पुत्री और शनिदेव की बहन है। पंचांग शुद्धि में भद्रा का खास महत्व होता है। यह प्रायः अशुभ दृष्टि वाली है। ज्योतिष में तिथि, वार, योग, नक्षत्र और करण से मिलकर पंचांग बनता है। इनमें से सातवें करण विष्टि का नाम ही भद्रा है। यह सदैव गतिशील होती है। वैसे तो भद्रा का अर्थ मंगल करने वाला होता है, लेकिन इस अर्थ के विपरीत विष्टि या भद्रा करण में शुभ कार्य निषेध बताए गए हैं। वैसे लगभग प्रत्येक पूर्णिमा पर भद्रा आती है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 मार्च 2024



रमजान मुबारक



इफ्तार-6:37 शनिवार (शाम)
सहरी-4:42 रविवार (सुबह)

## लाचार है निगम का नियम...पागल हो चुके डॉग को भी मारने का अधिकार नहीं, सिर्फ आबादी रोकने के भरोसे

ढाई लाख में से एक लाख की नसबंदी हुई, 80 प्रतिशत की नसबंदी होने के बाद रुकेगी आबादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी में मंगलवार को स्ट्रीट डॉग के शिकार हुए बच्चे को देखने शुक्रवार को कई पैट लवर्स पहुंचे। वहीं, इस संबंध में निगम अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ समय में ही स्ट्रीट डॉग की संख्या दो लाख से ज्यादा पहुंच गई और रोजाना ही इनके शिकार बच्चे हो रहे हैं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अफसोस इस बात का है कि पागल हो चुके एक भी स्ट्रीट डॉग को मार नहीं सकते हैं।

सिर्फ आबादी कंट्रोल होने का इंतजार कर सकते हैं। अब तक ढाई लाख में से एक लाख स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी हो चुकी है, लेकिन आबादी कंट्रोल का प्रभाव तभी दिखेगा, जब 80 फीसदी स्ट्रीट डॉग की नसबंदी हो चुकी होगी।



### अब खतरे से बाहर है हुमेर

हुमेर के परिजनों के अनुसार शुक्रवार को हुई जांच में हुमेर की आंखें ठीक मिली। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने नसबंदी करने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की है। नसबंदी के अलावा कोई रास्ता नहीं राजधानी में तीन एबीसी सेंटर चल रहे हैं और रोजाना दो ढाई सौ स्ट्रीट डॉग पहुंच रहे हैं, लेकिन आबादी कंट्रोल तब दिखाई देगा जब 80 प्रतिशत की नसबंदी हो जाएगी। इसके अलावा कुछ कर ही नहीं सकते।

**रणवीर सिंह,** अपर आयुक्त, नगर निगम, भोपाल

### स्ट्रीट डॉग के शिकार बच्चे को देखने के लिए पहुंचे पैट लवर्स

पेट लवर्स पहुंचे बच्चे को देखने बाणगंगा की गंगानगर बस्ती में मंगलवार को स्ट्रीट डॉग का शिकार हुए 6 साल के मासूम हुमेर को देखने के लिए शुक्रवार को राजधानी के कई पैट लवर्स भी पहुंचे। पैट लवर्स स्वाति गौरव के अनुसार उन्होंने हुमेर के परिजनों से चर्चा की है। हुमेर पहले स्वस्थ हो जाए फिर उसको सहायता दिलाने के बारे में संबंधित विभागों से चर्चा करेंगे। निगम अधिकारियों से कहा है कि नसबंदी की संख्या बढ़ाई जाए।

## आरबीएल बैंक का टॉस्क हैड गिरफ्तार, 27 तक रिमांड पर भेजा गया

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के 19 करोड़ 40 लाख रुपए के घोटाले में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। आरबीएल के तत्कालीन टॉस्क हैड कुमार मयंक को एसआईटी की टीम ने अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। उसने एक्सिस बैंक के अपने निजी खाते में विश्वविद्यालय के 10 करोड़ रुपए ट्रांसफर कराए थे। पुलिस ने शुक्रवार को उसे जिला न्यायालय में पेश कर 27 मार्च तक रिमांड पर लिया है। आरोपी भनक लगने पर प्रकरण दर्ज होने से पहले ही फरार हो गया था। एसआईटी का कहना है कि आरोपी से पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरजीपीवी घोटाले में और कौन-कौन लोग शामिल है और कब से इसकी साजिश रची जा रही थी। कुल कितनी राशि का गबन हुआ है। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुमार मयंक नवंबर 2018 से मार्च 2023 तक आरबीएल में टॉस्क हैड के पद पर था। उसके बाद वह एक्सिस बैंक में मार्केटिंग हैड बन गया। बैंक में रहते हुए निजी खाते में आरजीपीवी से 10 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए थे। बाद में राशि एक्सिस बैंक के अपने निजी खाते में ट्रांसफर कर ली थी।

## तीन बच्चियों को किया रेस्क्यू, बालगृह भेजा

**भोपाल।** जिला प्रशासन की टीम द्वारा राजधानी के लालघाटी स्थित प्लाई ओवर के नीचे से तीन नाबालिग बच्चियों को रेस्क्यू किया गया और बालगृह में भेजा गया है। बच्चों की देख-रेख और संरक्षण को देखते हुए बाल आयोग ने जिला कलेक्टर को इस संबंध में पत्र लिखा गया था। आयोग ने अपने पत्र में बताया गया था कि प्लाइ ओवर के नीचे अपने पिता के साथ रहते हैं।

बच्चियों की उम्र 10, 5 और डेढ़ वर्ष है। बच्चियों का पिता शराब का अत्यधिक सेवन करता है और मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हे सुरक्षित जगह पर पहुंचाना और उनकी देख-रेख व्यवस्था करने की अनुशंसा की थी।

बिजनेस साइट

## स्पेशल सिचुएशन में निवेशः आक्रामक निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प

**ग्वालियर।** बिजनेस को कई बार अलग अलग चरणों और चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। कभी-कभी, बाजार की स्थिति चाहे जो भी हो, उन्हें अभूतपूर्व, कभी-कभी अप्रत्याशित स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इससे अल्प से मध्यम अवधि के लिए उनके बिजनेस संचालन में महत्वपूर्ण उथल-पुथल हो जाती है। वास्तव में, ये स्पेशल सिचुएशन हैं जो कंपनियों के विकास में तात्कालिक बाधाएं पैदा करती हैं। हालांकि, ऐसी स्पेशल सिचुएशन अपने साथ दिलचस्प निवेश के अवसर भी लाती हैं, जिन्हें अक्सर केवल एक गहरी नजर ही पहचान पाती है। और यदि पेशेवर निवेश प्रक्रिया के माध्यम से इन अवसरों का अच्छी तरह से उपयोग किया जाता है, तो यह निवेशक के वेल्थ क्रिएशन अनुभव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण रूप से मदद कर सकता है।



**विनोद कुमार गोयल**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, ग्वालियर

**स्पेशल सिचुएशन निवेश क्या है?** - जैसा कि नाम से स्पष्ट है, स्पेशल सिचुएशन के दौरान आने वाले अवसरों में निवेश करना स्पेशल सिचुएशन निवेश के रूप में जाना जाता है। उदाहरण के लिए, सरकारी नीतियों और विनियमों, कंपनी के बोर्ड में प्रबंधन संघर्ष, मुकदमे, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और अत्याधुनिक प्रतिस्पर्धा के कारण बढ़ती चुनौतियां, कंपनियों और क्षेत्रों के लिए स्पेशल सिचुएशन को जन्म दे सकती हैं। यहां तक कि, सर्वश्रेष्ठ कंपनियों को भी ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

यद्यपि प्रारंभिक स्तर पर ये कठिन बाधाओं की तरह लग सकते हैं, ऐसे उदाहरण भविष्य में किसी कंपनी की तीव्र वृद्धि के लिए एक बदलाव का प्वाइंट भी बन सकते हैं। ये स्थितियां एक समझदार फंड मैनेजर के लिए निवेश का अवसर प्रस्तुत करती हैं जो विकास के अवसरों की व्याख्या कर सकता है।

चूंकि स्पेशल सिचुएशन में निवेश के लिए कंपनी-आधारित और सेक्टर-आधारित निवेश रणनीति की आवश्यकता होती है, इसलिए निवेश शैली "बॉटम अप स्टॉक पिकिंग" है। स्पेशल सिचुएशन निवेश शैली का अनुसरण करने वाले पोर्टफोलियो बाजार पूंजीकरण और सेक्टर अलग दृष्टिकोण के साथ प्रकृति में केंद्रित होते हैं। यहां निवेश करते समय अनिश्चितताओं और जोखिमों को अलग करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। थीम की प्रकृति को देखते हुए, एक आम निवेशक के लिए सबसे विवेकपूर्ण दृष्टिकोण पेशेवर रूप से प्रबंधित म्यूचुअल फंड योजनाओं को चुनना है, जिनका उद्देश्य स्पेशल सिचुएशन को अवसरों में बदलना है। इस सेक्टर में प्रमुख नामों में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड है। अपनी स्थापना के बाद से, इस योजना ने अपने बेंचमार्क निफ्टी 500 के 17.7 प्रतिशत की तुलना में 22.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। यहां तक कि 1-वर्ष, 3-वर्ष और 5-वर्ष की अवधि में भी, इस योजना ने बेंचमार्क से बढ़कर काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।










## लोक सभा क्षेत्र
**भिंड**

1 भाजपा प्रत्याशी
संध्या राय

2 कांग्रेस प्रत्याशी
फूल सिंह बरैया

**पिछली बार कौन जीता**
संध्या राय, भाजपा

**जीत का अंतर**
1 लाख 99 हजार, 885

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा का मुख्य मुद्दा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी देश भर में दौरा कर विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं। अर्थात पार्टी मोदी लहर पर सवार है। दूसरी तरफ कांग्रेस हर वर्ग को न्याय की बात कर रही है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग पार्टी का बड़ा मुद्दा है। दो मुख्यमंत्रियों पहले हेमंत सोरेन और अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से कांग्रेस के इस आरोप को ताकत मिली है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से भी पार्टी को फायदे की उम्मीद है।

### बसपा में भी रहे कांग्रेस के बैरया, दलितों में अच्छी पकड़, भाजपा को महिला प्रत्याशी होने का लाभ, लहर से उम्मीद

# फूल सिंह के बयान आत्मघाती, संध्या की निष्क्रियता से नाराजगी

*चंबल-ग्वालियर अंचल की भिंड लोकसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। भाजपा की ओर से सांसद संध्या राय फिर मैदान में हैं तो कांग्रेस ने भांडेर से विधानसभा का चुनाव जीते फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में चल रही लहर के साथ पार्टी प्रत्याशी के महिला होने का लाभ मिल सकता है, जबकि फूल सिंह बरैया पहले बहुजन समाज पार्टी में रहे हैं। उनकी दलित वर्ग में अच्छी पकड़ है। अलबत्ता, बरैया के कई विवादित बयान उनके लिए आत्मघाती साबित हो सकते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी संध्या राय की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के लोग नाराज हैं।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल में विधानसभा चुनावों की तरह लोकसभा के चुनाव भी भाजपा के लिए आसान नहीं हैं। मोदी लहर के बावजूद अंचल की अन्य सीटों की तरह भिंड में भी उसे कांग्रेस से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है।

बसपा की मौजूदगी यहां दोनों दलों का खेल बिगाड़ती है। भाजपा की संध्या राय ने 2019 के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के देवाशीष को लगभग दो लाख वोटों के अंतर से हराया था। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में माहौल है। 2019 में पाक अधिकृत कश्मीर में एयर स्ट्राइक के कारण



संध्या राय



फूल सिंह बरैया

राष्ट्रीयता बड़ा मुद्दा था, जबकि इस बार भाजपा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर में धारा 370 को भुनाने की तैयारी में है। पिछली बार भाजपा ने डॉ. भागीरथ प्रसाद का टिकट काट कर संध्या राय को टिकट दिया था। पहले वे विधायक थीं। पार्टी ने इस बार फिर उन पर भरोसा किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनका लोगों से बात करते हुए एक वीडियो वायरल हो चुका है। इसमें लोग उन पर निष्क्रियता और क्षेत्र के लिए कुछ न करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रत्याशी की यह स्थिति चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने पिछले प्रत्याशी देवाशीष की जगह विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। बरैया एक समय बसपा के सर्वेसर्वा हुआ करते थे, अब कांग्रेस में हैं। इस नाते दलितों में उनकी अच्छी पकड़ है। भांडेर से वे लगभग 30 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं, लेकिन अपने कई बयानों के कारण वे सामान्य वर्ग की आंखों को खटकते हैं। कांग्रेस को चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## विधानसभा चुनाव में मिलीं 4-4 सीटें

विधानसभा चुनाव के लिहाज से भिंड लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। दोनों दलों ने क्षेत्र की चार-चार सीटें जीती हैं। हालांकि माहौल कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा था, लेकिन पार्टी के दो दिग्गज चौधरी राकेश सिंह भिंड और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह लहार से चुनाव हार गए। इस चुनाव में भाजपा के एक दिग्गज डॉ. नरोत्तम मिश्रा को दतिया में पराजय का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें भिंड, लहार, मेहगांव और सेवढ़ा जीतीं, जबकि कांग्रेस ने अटेर, गोहद, भांडेर और दतिया में कब्जा किया।

## भिंड और दतिया जिले को मिलाकर बनी सीट

भिंड लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इसके अंतर्गत भिंड जिले की पांच और दतिया जिले की तीन सीटें आती हैं। भिंड जिले की सीटों में अटेर, भिंड, लहार, मेहगांव, गोहद और दतिया जिले की सेवढ़ा, भाण्डेर तथा दतिया शामिल हैं। वर्ष 2008 से पहले तक भिंड लोकसभा सीट सामान्य थी, लेकिन इसके बाद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गई। जब सीट सामान्य थी, तब 1996 से 2004 तक लगातार डॉ. राम लखन सिंह भाजपा से सांसद रहे हैं। 1991 में भी भिंड से योगानंद सरस्वती जीते थे। आरक्षित होने के बाद 2009 में अशोक अर्गल, 2014 में डॉ. भागीरथ प्रसाद और 2019 में भाजपा की संध्या राय चुनाव जीते हैं। संध्या को एक बार फिर मौका मिला है। 1989 से लगातार यहां भारतीय जनता पार्टी ही काबिज है।

## भिंड में दलित और पिछड़ों का बोलबाला

- भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों पर नजर डालने से पता चलता है कि यहां दलित एवं पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित मतदाताओं की बहुतायत के कारण ही यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। दूसरे नंबर पर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी खासी है। चुनाव में सामान्य वर्ग के क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन ये दोनों वर्ग एक पार्टी में साथ नहीं जाते। चंबल-ग्वालियर अंचल की जातीय राजनीति का असर भिंड में भी है। हर चुनाव में इसका असर पड़ता है।

---

जैसा मैंने देखा था

## चुनाव...

## आपसी चर्चा, अखबार और पर्चों को पढ़कर लगाया जाता था चुनाव प्रचार का अंदाजा

वर्तमान लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी भूमिका सोशल मीडिया की दिखाई दे रही है, जबकि इस समय सोशल मीडिया की सत्यता की न तो किसी प्रकार से जांच की जा रही है और न ही उस पर किसी प्रकार का एक्शन। जबकि इस समय जो सूचना प्रौद्योगिकी चल रही है, उससे लाभ ज्यादा है, लेकिन चुनाव प्रचार में उसका उपयोग कई राजनीतिक दल गलत जानकारी देकर या असत्यता पर आधारित खबर देकर भ्रम की स्थिति पैदा कर देते हैं। इससे मतदाता किसी के बारे में सही और गलत का आंकलन नहीं कर पाता है। चुनाव से संबंधित जो लोग व्यवस्था देख रहे हैं, उन्हें इस पर नजर रखना चाहिए। वर्ना चुनाव का ढांचा बिगड़ता चला जाएगा और सोशल मीडिया का उपयोग करना लोग छोड़ देंगे। सोशल मीडिया का लाभ भी इतना है कि किसी भी जानकारी के लिए दूसरे दिन का इंतजार नहीं करना पड़ता। पूरे देश में एक पल में खबर इधर से उधर हो जाती है। सोशल मीडिया का जब दौर नहीं था, तब आपसी चर्चा और अखबार और पर्चों को पढ़कर ही चुनाव प्रचार का अंदाजा लगाया जाता था। उम्मीदवार भी शालीनता से मिलने और अखबार वालों को अपनी बात समझाने आते थे। उस दौरान झूठ और सही के बीच भेद मालूम पड़ जाता था और लोग भी ध्यान रखते थे। इस समय सोशल मीडिया पर झूठ इस प्रकार परोसा जा रहा है कि लोगों को समझ नहीं आ रहा कि क्या करें।



पंकज पाठक
वरिष्ठ पत्रकार

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मतदान से पहले उम्मीदवार की पूरी प्रोफाइल देखूंगी...

इस बार होने जा रहे लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान कराने जा रहे युवाओं की सोच में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। युवा वर्ग मतदान को लेकर काफी जागरुक हैं। हम उम्मीदवार की काबिलियत को देख कर अपना वोट देंगे। मतदान से पहले उम्मीदवार की पूरी प्रोफाइल देखेंगे। वह कितना पढ़ा-लिखा है, उसकी छवि कैसी है। ईमानदार है या नहीं। इसके साथ ही राजनैतिक पार्टी को भी देखकर वोट करूंगी। क्योंकि सरकार जिस पार्टी की बनेगी, वह विकास काम करेगी या नहीं। युवाओं के लिए रोजगार सृजन कर सकेगी या नहीं समेत कई मुद्दों को ध्यान में रखूंगी।



\- **शिखा धाकड़**, युवा मतदाता

### देश और युवाओं का विकास के मुद्दे पर वोट डालूंगा...

आज का युवा शिक्षित और समझदार हो चुका है। पहला मतदान अहम होता है। इसलिए मैं लोकसभा चुनाव में मतदान आवश्यक रूप से करूंगा। वोट डालने से पहले योग्य जनप्रतिनिधि को देखूंगा। इसमें जहां प्रत्याशी किस पार्टी से जुड़ा हुआ है। जिस पार्टी में देश का विकास, युवाओं का भविष्य दिखाई देगा उसके प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालूंगा। मेरे हिसाब से लोकतंत्र में सरकार चुनने में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवा देश के भविष्य होते हैं। अतः सभी युवाओं को सोच समझकर ही जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए।



\- **पंकज श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

## जो हो न सका...

## सुल्तानिया अस्पताल की खाली हुई बिल्डिंग में सरकारी कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च फाउंडेशन अब तक नहीं खोला जा सका

वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के बाद सांसद चुनी गई प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने यह प्रयास किया था कि एक सरकारी कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च फाउंडेशन अलग से बन जाए, जिससे पूरे प्रदेश के लोगों को लाभ मिल सके। दरअसल अभी तक इसके लिए कोई सरकारी अस्पताल स्वतंत्र रूप से नहीं बनाया है। एम्स या हमीदिया में इलाज तो मिलता है, लेकिन अलग से सरकारी अस्पताल नहीं हैए। जिससे लोगों को मुंबई के टाटा या भोपाल के एक संस्थागत अस्पताल जाना पड़ता है। यहां खर्चा इतना ज्यादा है कि आदमी पूरी तरह से अपना सब कुछ बेचने को मजबूर हो जाता है।

भोपाल के डॉ. यशवंत राव धवले के अनुसार सुल्तानिया जनाना अस्पताल को हमीदिया में शिफ्ट किया गया है। अगर सुल्तानिया को कैंसर अस्पताल के लिए चयनित किया जाता है तो यह अस्पताल मध्य प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लोगों की सेवा कर सकता है।

### प्रस्ताव बनाकर भेजा था



कैंसर अनुसंधान में उन्नत और अद्यतन तौर-तरीके बढ़ाए जा सकते थे। इस संबंध में सांसद ने प्रदेश व सरकार को भी प्रस्ताव भेज दिया था। प्रदेश सरकार इसमें निर्णय लेती तो आगे का काम केंद्र के माध्यम से सांसद द्वारा करवाया जा सकता था।

## जानिए आदर्श आचार संहिता ...

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 28 क (उद्धरण परिशिष्ट-एक) के अधीन निर्वाचनों के संचालन के लिए नियोजित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा राज्य सरकार की ओर से पदाभिहित पुलिस अधिकारी निर्वाचन के परिणाम घोषित होने तक भारत निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर समझे जाएंगे। ऐसे अधिकारी उस समय तक निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे। निर्वाचनों से सशक्त पदीय कर्त्तव्य को यथोचित तरीके से जिम्मेदारी पूर्वक करना विधि के साथ अपेक्षित कर्त्तव्य है। जिसकी अवहेलना शासकीय सेवक को दण्ड का पात्र बनाती है। इस विषय में आपका ध्यान विशेष रूप से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसका उद्धरण परिशिष्ट-एक में दिया गया है। चुनाव की घोषणा के दिनांक से निर्वाचन पूर्ण होने तक की अवधि में मंत्रियों को यात्रा के दौरों के सिलसिले में शासन आदेश प्रसारित करता है। जब कभी मंत्री जिले में शासकीय भ्रमण पर आएं और सर्किट हाउस या विश्राम गृह में ठहरें, तब हमेशा की तरह उनके आगमन, प्रस्थान के समय उपस्थित रहना चाहिए। यदि मंत्री किसी निजी निवास पर ठहरते हैं तो आगमन और प्रस्थान के समय किसी अधिकारी को जाने की जरूरत नहीं है। यदि किसी सरकारी काम से कोई मंत्री किसी अधिकारी को सर्किट हाउस या रेस्ट हाउस में बुलाए तो जाना चाहिए, परन्तु किसी के निजी मकान पर जहां मंत्री ठहरे हों, नहीं जाना चाहिए. निर्वाचन से संबंधित अधिकारी उक्त विषय में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें॥

## चाय पे चर्चा

- कांग्रेस नहीं खोल रही पत्ते, उम्मीदवार को लेकर लोगों में जिज्ञासा
- अयोध्या नगर चौराहे पर चाय पर चल रही राजनैतिक चर्चा रही गर्म

## कांग्रेस में अरुण श्रीवास्तव जीपी माली के नाम की चर्चा

चुनाव को लेकर राजधानी में राजनतिक चर्चाओं का दौर जारी है। मतदाता अपनी राय दे रहा है। शुक्रवार को अयोध्या नगर चौराहा स्थित टी स्टॉल पर जब हरिभूमि की टीम पहुंची, तो यहां चाय के साथ जगदीश जोशी, हिमांशु गुप्ता और राजेंद्र चौरे चुनावी चर्चा में व्यस्थ थे। बात भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत हार को बात चल रही थी। चर्चा के दौरान जगदीश जोशी ने कहा कि





भाजपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिया है, लेकिन कांग्रेस ने अब तक प्रत्याशी न घोषित करके सस्पेंस और ज्यादा बढ़ा दिया है। इसके बाद यह माना जा रहा है कि पार्टी इस सीट पर कोई बड़े या नए चेहरे को उतार सकती है। इस पर राजेंद्र चौरे ने कहा कि वैसे तो भाजपा ने मौजूदा सांसद का टिकट काटा है, लेकिन पूर्व महापौर भी आम लोगों के बीच के नेता है। हिमांशु ने कहा कि आलोक शर्मा के विधानसभा चुनाव हारने का इस चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## विधानसभा रेंडमाइजेशन के बाद प्रभारियों को सुपुर्द की ईवीएम

लोकसभा सीट के लिए 7 मई को होने वाले मतदान को देखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय ने विधानसभा के मतदान केंद्रों के लिए रेंडमाइजेशन कर लिया है। जिसके तहत शुक्रवार को भदभदा स्थित ईवीएम गोडाउन में मशीनों को विधानसभावार रख लिया गया है। यह मशीनें विस क्षेत्र के मतदान केंद्रों के साथ बीस फीसदी अतिरिक्त मशीनें भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जिले के मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन कर लिया गया है। इन मशीनों को विधानसभावार हेंडओवर भी कर दिया गया है। नामांकन की नाम वापसी के बाद मतदान केंद्रों के लिए दूसरा रेंडमाइजेशन किया जाएगा।



### कलेक्टर जारी करेंगे ईडीसी

## कर्मचारी ड्यूटी वाले पोलिंग बूथ पर कर सकेंगे मतदान

लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की जरूरत नहीं पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मतदान कराने वाले कर्मचारियों को इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें ड्यूटी वाले मतदान केंद्रों पर ही ईवीएम से वोट करने का मौका दिया जाएगा। जिसके लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ईडीसी जारी करेंगे, जिसके आधार पर कर्मचारी वोट कर सकेंगे। चुनाव आयोग की नई व्यवस्था से इसका सीधा फायदा जिले के करीब 15 हजार कर्मचारियों को मिलेगा। पहले इनको पोस्टल बैलेट जारी किए जाते थे। जिनकी वापसी डाक से या डायरेक्ट की जाती थी।

पिछले विधानसभा चुनाव में 2049 मतदान केंद्रों के हिसाब से 8 हजार 196 कर्मचारियों को मतदान कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, जबकि बीस फीसदी अतिरिक्त कर्मचारियों को भी रखा गया था। इस बार मतदान केंद्रों की तादाद बढ़कर 2363 हो गई है, जिसको देखते हुए पुलिसकर्मियों को मिलाकर करीब 15 हजार कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया जाएगा। यह कर्मचारी ईडीसी दिखाकर ड्यूटी वाले मतदान केंद्र में ही वोट डाल सकेंगे।

### अलग से नहीं करना होगी वोट की गिनती

जिले की सातों विधानसभा सहित सीहोर की एक विधानसभा को मिलाकर भोपाल लोकसभा सीट बनाई गई है। जिसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि भोपाल जिले के सभी मतदान केंद्रों पर तैनात किए जाने वाले कर्मचारी अपना वोट डाल सकेंगे। विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों के पोस्टल बैलेट से मतदान करने की वजह से बैलेट बॉक्स को सुरक्षित रखा जाता है। इसके साथ नतीजे वाले दिन सबसे पहले मत पत्रों की गिनती कराई जाती है। इसके साथ अन्य कर्मचारी डाक से भी मतपत्र भेजते हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि इस बार चुनाव ड्यूटी वाले कर्मचारियों को ईडीसी जारी किया जाएगा। जिससे यह आसानी से अपनी ड्यूटी वाले मतदान केंद्र पर ही ईवीएम से वोट डाल सकेंगे। बता दें कि ड्यूटी वाले मतदान केंद्रों पर ही ईवीएम से वोट करने का मौका मिलेगा, जिससे अलग से वोटों की गिनती नहीं होगी।

**सीधे मैदान से**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने मंडला लोकसभा प्रबंध समिति की बैठक ली

## भाजपा ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनाकर एवं जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर मिटाया कलंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सनातन, संस्कृति, भारतीय लोकतंत्र, सामाजिक समरसता और राष्ट्रवाद को लेकर समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम किया है। पवित्र भाव से हमारे रोम-रोम में भारत को परम वैभव के शिखर पर ले जाने का संकल्प है। भाजपा ईश्वर को साक्षी मानकर भारत के भाग्य को बदलने के लिए काम कर रही है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव और प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने मंडला के भाजपा कार्यालय में लोकसभा प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित करते

### भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरिः डॉ. मोहन





बैठक को केंद्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी तपस्या से भगवान का मन भी द्रवित हुआ है, इसलिए देश को वैश्विक नेता के रूप में नरेन्द्र मोदी जैसा नेता मिला है। भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होता है। हम सब कार्यकर्ता ही हैं।

### हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर डॉ. मुखर्जी के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करेंः शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी नेतृत्व में आठवीं बार फग्गन सिंह कुलस्ते पर विश्वास व्यक्त किया है। जिनके ऊपर प्रधानमंत्री का विश्वास हो उनके ऊपर हमारा विश्वास और जनता का आशीर्वाद होना चाहिए। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान के प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट करें। संगठन का तंत्र हमारी ताकत है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ता मंडला के सभी 2614 बूथ पर विजय का संकल्प लेकर चुनाव कार्य में जुटें। इस अवसर पर प्रदेश शासन की मंत्री संपतिया उइके, लोकसभा प्रभारी डॉ. विनोद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।


आईएचएम के 'द सागरा' फूड एंड वाइन फेस्टिवल में मध्य एशिया, यूरोप, सिंगापुर, जापान के खास कुजिंस खास




# लौकी मुस्सलम, मखाना खीर, अपराजिता के फूलों से तैयार पास्ता के साथ रतलाम की वाइन रही खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लौकी मुस्सलम, मखाना खीर, अपराजिता के फूलों से तैयार पास्ता, शाही कबाब, सीक कबाब, वेंजिटेबल कटलेट्स के साथ एक दर्जन से अधिक मॉकटेल्स की खास वैरायटी। जी हां मध्य एशिया, यूरोप, सिंगापुर, जापान सहित इंडिया के खास कुजिंस से तैयार इस फूड फेस्ट का आयोजन किया आईएचएम में।

'द सागरा' फूड फेस्ट में आठ शेफ्स और सौ से अधिक स्टूडेंट्स ने अलग अलग देशों की खास वैरायटी के कुजिंस को सर्व किया। इसके साथ ही वोकल फॉर लोकल को प्रमोट करने के लिए रतलाम की वाइन का लाजवाब स्वाद भी व्यंजन प्रेमियों ने चखा।





### लाइव काउंटर पर हक्का नूडल्स और शाही पास्ता किया सर्व

फूड फेस्ट में लाइव काउंटर्स भी खास रहे, जिसमें स्टूडेंट्स ने हक्का नूडल्स, शाही पास्ता के साथ तवा वेज की खास वैरायटी को सर्व किया। अपराजिता के फूलों से ब्ल्यू कलर के नूडल्स व ब्लैक केरेट से रेड नूडल्स भी तैयार किए गए।



**एक तरफ जायकों का दौर तो दूसरी ओर म्यूजिकल बैंड ने जीता दिल**
फूड फेस्ट में जहां एक ओर लोग अलग-अलग देशों की खास डिशेज के जायकों का चस्का ले रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर उनके मनोरंजन के लिए म्यूजिकल बैंड परफार्मेंस ने शाम को ओर भी सुहाना बना दिया।

### पिरार्ना, निकोइस और सीजर सलाद ने जीता मन

फूड फेस्ट में केवल फूड की ही डिफरेंट वैरायटी नहीं थी, बल्कि सेंट्रल एशिया, यूरोप और अमेरिकन कंट्रीज के भी ढेरों सलाद को खास रूप से व्यंजन प्रेमियों के लिए सर्व किया, जिसमें पिपिरार्ना-स्पेन, केप्रिसी- इटली, निकोइस- फ्रांस, सीजर सलाद - मेक्सिको, सोम तम- थाईलैंड, तब्बौलेह- लेबनान और मैकरोनी - संयुक्त राज्य अमेरिका के सलाद खास रूप से शामिल थे।

पड्रैगन फ्रूट लेमोनेड, इमली मोहितो मॉकटेल्स में रहीं शामिल यूरोपियन कंट्रीज पर जोर देते हुए स्टूडेंट्स ने मॉकटेल्स की भी ढेरों वैरायटी शामिल की जिसमें ड्रैगन फ्रूट लेमोनेड, इमली मोहितो, रस्पबैरी मोहितो, अपराजिता, मिंट लेमोनेट, स्प्राइट मोइतो के साथ ही रास्पबेरी मोजिटो मॉकटेल की खास वैरायटी ने लोगों का दिल जीत लिया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के 48वां स्थापना दिवस समारोह का दूसरा दिन

# छत्तीसगढ़ी करमा, मुरिया नृत्य से सजी स्थापना दिवस की शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## दीप प्रज्ज्वलन के बाद मुख्य अतिथि बोले- मातृभाषा को सीखने के लिए किसी स्कूल की जरूरत नहीं होती और लोक भाषा का कोई अनुवाद नहीं कर सकता

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा 48वां स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ कि सांस्कृतिक धरोहर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, का शुभारंभ मुख्य अतिथि कपिल तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की जन जातीय लोक संस्कृति में सप्त मातृका का बोध होता है। जिसमें धरती, प्रकृति, स्त्री, नदी, गाय, भाषा, शक्ति शामिल है। मातृभाषा को सीखने के लिए किसी स्कूल की जरूरत नहीं होती और लोक भाषा का कोई अनुवाद नहीं कर सकता।

### दंड देने की घटना का किया वर्णन

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बस्तर विश्वविद्यालय एव राष्ट्रीय मानव संग्रहालय समिति के सदस्य डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ कि संस्कृति अतुलनीय है। उन्होंने ग्रीक, ईरान, इराक जैसे देशों में रामायण के प्रसंग नाट्यन्तर एवं बस्तर के केशकल में देवी देवता को भी भंगराम माई के जात्रा के दौरान दंड देने की घटना का उदाहरण देकर संस्कृति की महत्ता को समझाया।





**करमा नृत्य की प्रस्तुति**
शाम की बेला में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित राम एवं टीम द्वारा सबसे पहले छत्तीसगढ़ी समुदाय का कर्मा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। करमा पर्व में बहनें भाइयों की दीर्घायु होने की कामना करती हैं। इसके लिए करम वृक्ष के डंगाल की स्थापना घरों में की जाती है।

### अभुजमरिया जनजाति के मुरिया नृत्य ने बांधा समां



बुटुलु राम एवं टीम ने मुरिया नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मुरिया नृत्य बस्तर की अभुजमरिया जनजाति द्वारा किया जाने वाला नृत्य है। यह नृत्य फसल और वर्षा के देवता ककसार की पूजा के बाद किया जाता है। नृत्य के साथ संगीत और घुंघरुओं की ध्वनि से एक रोमांचक वातावरण उत्पन्न होता है। इस नृत्य के माध्यम से युवक और युवतियों को अपना जीवनसाथी ढूंढने का अवसर भी प्राप्त होता है।

### भाषा और संस्कृति का एक-दूसरे के साथ है अटूट संबंध

कार्यक्रम में संदर्भ पुस्तकालय में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति विषय पर पुस्तक प्रदर्शनी के शुभारंभ के साथ 19वें वार्षिक इंगारामासं व्याख्यान में प्रोफेसर कमालकान्त मिश्रा ने कहा कि भाषा और संस्कृति का एक-दूसरे के साथ अटूट संबंध है। उन्होने संग्राहालय में भाषा दीर्घा की स्थापना के लिए योजना बनाने एव क्रियान्वित करने पर बल दिया।

# शहरों के विकास की गति में आगामी 45 वर्षों में जल प्रबंधन कैसा हो, इस पर शोध कार्य है आवश्यक

## विश्व जल दिवस पर मैनिट में दो दिनी अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय परंपरा में कोई भी ऐसा धार्मिक कार्य नहीं होता जिसमें जल कलश स्थापित न किया जाता हो। इसी से जल की महत्ता सिद्ध होती है। नदियों को हमारे यहां मां का दर्जा दिया गया है। पुराणों में देवी देवता से लेकर राजा-महाराजा, ऋषि मुनि द्वारा सुंदर सरोवर, जलाशय, जल प्रांतर, झरने, कुंए, बावड़ी आदि लोक हित में बवनावे का जिक्र मिलता है। आवश्यकता है कि हम इन जलाशयों को संरक्षित करके रखे।

यह कहना है मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कोठारी का। डॉ. कोठारी शुक्रवार को 32वें विश्व जल दिवस के अवसर पर मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शुरू हुए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।



### भारत सरकार की विभिन्न कार्य योजना को बताया

सम्मेलन में सीडब्ल्यूसी के चीफ इंजीनियर आदित्य शर्मा ने भारत सरकार की जल प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने केन-बेतवा लिंक परियोजना, नल जल योजना सहित कई योजनाओं के क्रियान्वयन और इसके परिणामों के बारे में बताया। आदित्य शर्मा ने कहा कि भारत का अनुभव दुनिया को यह सिखाने में अमूल्य रहा है कि कैसे जल प्रबंधन को फिर से खोजा जा सकता है, जो सस्ता और बेहतर हो।



### जल सम्मेलन में 162 शोध पत्रों का हुआ वाचन

सम्मेलन में बड़ी संख्या देश-विदेश प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन संयोजन समिति के सचिव प्रो. एच.एल. तिवारी ने बताया कि सम्मेलन में चीन, अमेरिका, जापान सहित भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी शामिल हुए हैं। सम्मेलन में कुल 17 सत्र आयोजित किये गये हैं जिनमें 21 वक्ता जल प्रबंधन और जल संचय से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत कर रहे हैं। सम्मेलन में कुल 162 शोध पत्रों का वाचन हुआ।

# रैंप पर उतरकर 18 से 80 साल की गृहिणियां बनीं 'मेम साब'



**संतनगर।** लालघाटी स्थित प्लेहोटल इन अरिया में महिलाओं के लिए बिग मेमसाहब टैलेंट शो आयोजन किया गया। इस शो में भाग लेने वाली सभी महिलाएं गृहिणी थी, जिन्होंने मंच पर अपनी कला का जौहर दिखा कर सब का मन मोह लिया। शो की शुरुआत फैशन शो से हुई, जिसमें महिलाओं द्वारा आकर्षण परिधान पहन कर रैंप वॉक किया और जलवा बिखेरा। इसके साथ ही महिलाओं ने डांसिंग, सिंगिंग जैसी अनेक विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक आनंद सबधानी एवं निधि ने बताया कि भोपाल में शहर में यह पहला मौका है, जब इस तरह का आयोजन किया गया है। इसमें 18 से 80 वर्ष की करीब 45 महिलाओं ने अपनी कला को मंच पर प्रदर्शित किया।




शहीद भवन में नाटक 'दलदल के बाशिंदे' का मंचन

# चित्रित, संकेतित और अंतर्निहित पारिवारिक संबंधों के उदाहरणों की खोज करता नाटक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में जारी रिफ्लेक्शन नाट्य महोत्सव में शुक्रवार की शाम रंग-माध्यम नाट्य संस्था की प्रस्तुति 'दलदल के बाशिंदे' का मंचन दिनेश नायर के निर्देशन में किया गया। वोले सोयिंका द्वारा लिखित इस नाटक में कहानियों के जो टुकड़े जबरदस्त तरीके से सजाए गए हैं, वे पूरे नाटक में पारिवारिक बंधन की झलक देते हैं। इस नाटक का लक्ष्य नाटक में चित्रित, संकेतित और अंतर्निहित पारिवारिक संबंधों के उदाहरणों की खोज करना है।

### दलदल के बाशिंदे की कहानी

दलदली भूमि पर स्थित झोपड़ी में माकुरी और उनकी पत्नी अलु रहते हैं। दंपत्ति का बेटा अवुचिके शहर में रहने आया, लेकिन कभी माता-पिता से बात नहीं की। वहीं अवुचिक का जुड़वां भाई इग्वेजु आठ महीने पहले शहर गया था, लेकिन वह संतान के कर्तव्यों का सम्मान करता है। उसने पिताजी को कुर्सी भी भेजी है। इग्वेजू फिर से गांव लौट आता है। फिर एक दिन दरवाजे पर दस्तक होती है। वहां भिखारी दिखता हैं। वह मकुरी से दलदल को उपजाऊ खेत में बदलने के लिए जलमग्न धरती का एक टुकड़ा मांगता है।



**खबर संक्षेप**

### एसआरएम का आईपीओ 26 मार्च को खुलेगा

**मुंबई।** एसआरएम कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड, जम्मू एवं कश्मीर स्थित एक प्रमुख इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन एवं डेवलपमेंट कंपनी ने 26 मार्च 2024 को एक इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अप्पर प्राइस बैंड पर 130 करोड एकत्र करना है। कंपनी के शेयरों को एनएसई और बीएसई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इश्यू साइज 10 प्रत्येक सम भाव पर 62,00,000 इक्विटी शेयर्स तक हैं। इश्यू 26 मार्च 2024 को खुलेगा और 28 मार्च, 2024 को बंद होगा।

### जेल वन ने की इंडियन प्रीमियर से साझेदारी

**नई दिल्ली।** टैक्नोलॉजी आधारित वित्तीय सेवा कंपनी एंजेल वन लिमिटेड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी 2024 से 2028 तक की पांच साल की अवधि के लिए है। इस दौरान कंपनी वित्तीय सेवा श्रेणी में आईपीएल के एसोसिएट पार्टनर के रूप में काम करेगी। इस गठबंधन के माध्यम से, एंजेल वन का लक्ष्य वित्तीय जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आईपीएल के जरिये छिंदवाड़ा सहित देश में विशेषकर युवा वर्ग के बीच पहुंचना है।

### एंजेल वन का आईपीएल के साथ गठबंधन

**मुंबई।** टैक्नोलॉजी आधारित वित्तीय सेवा कंपनी एंजेल वन लिमिटेड ने इंडियन प्रीमियर लीग के साथ गठबंधन की घोषणा की है। यह साझेदारी 2024 से 2028 तक की पांच साल की अवधि के लिए है। इस दौरान कंपनी वित्तीय सेवा श्रेणी में आईपीएल के एसोसिएट पार्टनर के रूप में काम करेगी। इस गठबंधन के माध्यम से, एंजेल वन का लक्ष्य वित्तीय जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आईपीएल के जरिए बड़ी संख्या में देश में विशेषकर युवा वर्ग के बीच पहुंचना है।

# होली पर होगा देशभर में 50 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार

## कारोबारियों ने किया चीनी सामान का पूर्ण बहिष्कार

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

होली के त्यौहार को लेकर भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर के व्यापारियों में एक नई उमंग और उत्साह का माहौल है और व्यापार के भविष्य को लेकर एक बार फिर नई आशा जगी है।

पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष होली के त्योहारी सीजन में देश भर के व्यापार में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है जिसके कारण देशभर में 50 हजार करोड़ से ज्यादा के व्यापार का अनुमान है। पिछले वर्षों की तरह चीनी सामान का न केवल कारोबारियों ने बल्कि आम लोगों ने भी पूर्ण बहिष्कार किया। होली से जुड़े सामान का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ का होता है जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा है।



**बाजार में पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम**

खंडेलवाल ने बताया की इस बार बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपए से 350 रुपए तक की उपलब्ध है। टैंक के रूप में पिचकारी 100 रुपए से लेकर 400 रुपए तक में उपलब्ध है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है। बच्चे स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि को बच्चे खूब पसंद कर रहे है वहीं गुलाल के स्प्रे की मांग बेहद हो रही है।

## हर्बल रंग , गुलाल और पिचकारी सहित किराना सामग्री की जबरदस्त मांग

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस बार केवल भारत में ही निर्मित हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन , पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों की जमकर बिक्री हो रही है वहीं मिठाइयां, ड्राई फ्रूट , गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े , फ़र्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी जबरदस्त मांग बाजारों में दिखाई दे रही है। खंडेलवाल ने बताया की इस वर्ष दिल्ली सहित देशभर में भर में बड़े पैमाने पर होली समारोहों का आयोजन हो रहा है जिसके चलते बैंक्वेट हाल, फार्म हाउस, होटलों , रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक पार्कों में होली समारोहों आयोजनों का तांता लगा हुआ है और इस सेक्टर ने दो वर्ष के बाद अच्छा व्यापार के दिन देखे हैं।



**खुदरा बाजार में रौनक, सामानों की खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़**

होली का पर्व नजदीक आने से सभी थोक एवं खुदरा बाजार पूरी तरह सजे हुए हैं। सभी बाजारों में दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ होली के अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगी है। मिठाई की दुकानों पर खास तौर से होली पर बनने वाली गुंजिया आदि के बड़े स्तर पर बिक्री हो रही है। होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा गुजिया के हार और मेवा से दुकानें सजी हुई है। इसके चलते बाजार में चहल पहल बनी रही। केमिकल युक्त गुलाल, रंग की बजाय हर्बल रंग, अबीर और गुलाल की सर्वाधिक माँग बाजारों में है वहीं गुब्बारे और पिचकारी की मांग पिछले सालों के मुक़ाबले कुछ ज़्यादा ही है।

**चावल की कीमत में 10 फीसदी की गिरावट**

# निर्यात बैन और हर सप्ताह के शुक्रवार को स्टॉक घोषणा से चावल में आई गिरावट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

गैर बासमती चावल की कीमत में मार्च 2024 में 10 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है। बाजार में सस्ती कीमत में भारत ब्रांड चावल उपलब्ध होने और व्यापारियों को हर हफ्ते अपने चावल स्टॉक की घोषणा करने के चलते कीमतें नीचे आई है। इसके अलावा चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगे होने की वजह से घरेलू बाजार में उपलब्धता बढ़ गई है। इस बीच निर्यातकों को उम्मीद है कि सरकार चुनाव से पहले निर्यात पर लगा बैन हटा सकती है।

कारोबारियों के अनुसार केंद्र सरकार ने भारत ब्रांड चावल बिक्री शुरू करने से और सप्ताह के हर शुक्रवार को चावल मिलों और ट्रेडर्स से चावल और धान के स्टॉक की घोषणा करने जैसे दोहरे कदम उठाने के बाद गैर बासमती चावल की कीमत में 10 फीसदी की गिरावट आई है। केंद्र सरकार सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (एनएसीएमएफआई), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और रिटेल चेन केंद्रीय भंडार गृह के जरिए भारत ब्रांड चावल 5 किलोग्राम और 10 किलोग्राम के पैक में 29 रुपये प्रति किलो की कीमत पर बेच रही है। व्यापारियों के अनुसार बाजार में सुगंधित गोबिंदभोग चावल की कीमत जो 65 रुपए प्रति किलोग्राम थी वह थोक स्तर पर गिरकर 55 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। चावल की आपूर्ति अच्छी है। जबकि निर्यात प्रतिबंध के साथ ही विदेशी बाजारों से मांग में भी कमी आई है। राइस मिल से जुड़े जानकार और चावल- दाल व्यापारी ईश्वरदास संगतानी के अनुसार इस समय चावल की कीमतें आमतौर पर बढ़ जाती हैं, लेकिन इस साल कीमतों में गिरावट देखी जा रही है।



**50 फीसदी डिस्काउंट पर चुनाव सामग्री देने का दावा**

# आम चुनाव से बढ़ी ऑनलाइन और ऑफलाइन चुनाव सामग्री की मांग



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर में आम चुनाव-2024 के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक उत्साह क्षेत्र में व्याप्त हो गया है। इसके साथ ही चुनाव प्रचार सामग्री की खरीदी और बिक्री ऑनलाइन और ऑफ लाइन शुरू हो गई है। राजधानी भोपाल के टीटी नगर स्थित चुनाव सामग्री विक्रेता फर्म शीला एड मेकर के संचालक अजय अग्रवाल के अनुसार हमारे द्वारा ऑफलाइन चुनाव सामग्री जहां आउटलेट से उपलब्ध कराई जा रही है तो ऑनलाइन मंच पर भी चुनाव से संबंधित सभी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है जिसमेंभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' , झंडे, बैनर, दुपट्टे , टोपी , बैच आदि सामग्री, आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि मौजूद है। अजय अग्रवाल के अनुसार सभी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर शीला एड मेकर की वेबसाइड है जहां सभी राजनीतिक दल के नाम की चुनाव प्रचार सामग्री उपलब्ध है। अजय के अनुसार चूंकि विधान सभा चुनाव में बहुत ज्यादा चुनाव प्रचार सामग्री की डिमांड नहीं थी, जिसके चलते स्टॉक बचा है। अतः स्टॉक क्लियर करने हमारे द्वारा 50 प्रतिशत का डिस्काउंट ऑफ लाइन और ऑन लाइन दोनों ही स्तर पर दिया जा रहा है।

**मोदी का परिवार' 'मोदी की गारंटी' है खूब फेमस**

उनके अनुसार भोपाल, मध्यप्रदेश सहित समूचे देशभर में ऑर्डर के अनुसार 12 से 24 घंटे में हमारे द्वारा चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार एक खास 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट डिजाइन की गई है जिसमें 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों उपलब्ध कराई जा रही है। आपूर्तिकर्ता ने कहाकि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

**बिजनेस न्यूज**

### विक्रमादित्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में व्याख्यानमाला का आयोजन



**भोपाल।** जगद्गुरु शंकराचार्य पर व्याख्यानमाला के आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रो.रमाकांत पाण्डेय निदेशक केंद्रीय संस्कृत विश्विद्यालय भोपाल द्वारा बताया कि विक्रमादित्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बहुत ही सौभाग्यशाली है कि इस संस्थान को भारतीय भाषा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, द्वारा चुना गया है। हमारा प्रयास है कि हम अपने छात्रों को हमारे महान राष्ट्र के खुशहाल, स्वस्थ, जिम्मेदार, गौरवान्वित योगदान देने वाले नागरिकों के रूप में विकसित करें, जो भारत को एक विकसित देश में बदलने की शक्तिशाली दृष्टि से प्रेरित हो। संस्था का उद्देश्य प्रत्येक छात्र को सांस्कृतिक और विरासत मूल्य शिक्षा प्रदान करना और एक प्रबुद्ध एवं संवेदनशील नागरिक और एक संपूर्ण मनुष्य तैयार करने के लिए सीखने के माहौल का मार्ग प्रशस्त करना, छात्रों के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए संतुलित शारीरिक, नैतिक, आध्यात्मिक, पाठ्येतर और व्यावसायिक निर्देश प्रदान करना। प्रत्येक छात्र में आत्मविश्वास पैदा करना और जीवन के हर क्षेत्र में जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना पैदा करना राष्ट्रीय एकता, वैज्ञानिक स्वभाव और मन और आत्मा की स्वतंत्रता में योगदान देने वाली धारणाओं को समाहित करके राष्ट्र निर्माता की भूमिका निभाना। विद्या भारती उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अवधारणा को साकार करने के लिए की गई है जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा के आदर्श और गतिविधियों का निर्धारण करना है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संस्थानों के साथ संपर्क, संवाद और समन्वय स्थापित करके सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम करने की सख्त जरूरत है। विद्या भारती उत्कृष्टता के केंद्र बनाने का प्रयास करती है जो प्राचीन और आधुनिक पारंपरिक और गैर पारंपरिक शिक्षा को भारतीय शिक्षा दर्शन के आधार पर छात्रों में ज्ञान, कौशल और प्रेरणा का विकास करके संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण के संकल्प को पूर्ण कर सके।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार



**भोपाल।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा देश भर के सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के लिए दिल्ली में 'भविष्य की बैंकिंग' विषय पर अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अंशुली आर्या, आईएएस, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक आशीष पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सेमिनार में चित्रा दातार, महाप्रबंधक, के.राजेश कुमार, महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं राजभाषा, हरिशंकर वत्स, अंचल प्रबंधक, दिल्ली अंचल तथा डॉ. राजेंद्र श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) प्रमुखता से उपस्थित थे। इस सेमिनार में वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के निदेशक जगजीत कुमार तथा उप निदेशक धर्मबीर ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी का मार्गदर्शन किया। सेमिनार में सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के शीर्ष कार्यपालकों और राजभाषा प्राधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभाग लिया। के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं राजभाषा ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया। सेमिनार में अतिथि वक्ताओं द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र लिए गए। मंच पर उपस्थित मान्यवरों द्वारा बैंक की गृह पत्रिका "महाबैंक प्रगति" का विमोचन किया गया तथा पत्रिका के ब्रेल संस्करण का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर बैंक के विभिन्न मोबाइल हिन्दी ऐप लॉन्च किए गए। बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हिंदी आलेख प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। चित्रा दातार, महाप्रबंधक ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की और हरि शंकर वत्स, अंचल प्रबंधक, दिल्ली अंचल ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

### जियो के मैथ्यू ओमन को मिला पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी को वॉयस एंड डेटा द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं वर्ष 2023 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के प्रेसिडेंट मैथ्यू ओमन को 'पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवार्ड' से नवाजा गया। देश में 5जी के तेज रोलआउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ओमन को यह अवार्ड मिला। मुकेश अंबानी की लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए मैथ्यू ओमन ने कहाकि वॉयस और डेटा द्वारा मुकेश धीरूभाई अंबानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिए जाने से हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनकी लीडरशिप में कंपनी ने दूरसंचार, खुदरा, मीडिया और खेल क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। आज की डिजिटल दुनिया में भारत की भूमिका क्रांतिकारी होगी। एक उद्योग और राष्ट्र के रूप में, हमारा योगदान अद्वितीय रहेगा और यह सभी भारतीयों के लिए अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ भविष्य की ओर अग्रसर होगा

### एसबीआई कार्ड और टाइटन ने मिलकर लांच किया 'टाइटन एसबीआई कार्ड'



**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने टाइटन कंपनी लिमिटेड, आभूषण, घड़ियों, चश्मे और एथनिक वियर की श्रेणियों में अग्रणी खिलाड़ी, के साथ पार्टनरशिप में आज टाइटन एसबीआई कार्ड लॉन्च किया है। अपनी तरह का अनोखा शॉपिंग क्रेडिट कार्ड कंज़्यूमर्स की आकांक्षात्मक खर्च की जरूरतें पूरी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टाइटन एसबीआई कार्ड विभिन्न जीवनशैली श्रेणियों में खर्च पर त्वरित लाभ प्रदान करता है। कैशबैक, टाइटन गिफ़्ट वाउचर और रिवॉर्ड पॉइंट जैसी सुविधाओं के साथ, कार्डहोल्डर सालाना 2,00,000 रुपए से ज़्यादा के ख़ास फ़ायदे ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति एसबीआई कार्ड वेबसाइटया टाइटन स्टोर्स पर जाकर एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से पूरी तरह से डिजिटल तरीके से कार्ड के लिए नामांकन कर सकता है। एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहाकि आकांक्षी जीवनशैली और उत्पादों के प्रति भारतीय कंज़्यूमर का रुझान बढ़ रहा है। हमें टाइटन एसबीआई कार्ड पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो एक विशेष क्रेडिट कार्ड है और हमारे कस्टमर की जीवनशैली के लिए खर्च करने की जरूरतों को पूरा करता है।

**सागर के दस्तावेज पर राजस्थान हो रहा था परिवहन**

# मंडी प्रशासन ने पकड़ा 250 क्विंटल महुआ बतौर मंडी शुल्क जमा कराया 33250 रुपए

व्यापार प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

भोपाल कृषि उपज मंडी समिति के नवनियुक्त सचिव आरपी गुप्ता के निर्देशन पर आकस्मिक निरीक्षण दल के प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने शुक्रवार को 250 क्विंटल महुआ पकड़ा। जो बिना अनुज्ञा पत्र और ईवे बिल के राजधानी के लांबाखेड़ा स्थित भोपाल कोल्ड स्टोर भरा गया था और यह भोपाल से बांसवाड़ा राजस्थान के लिए परिवहन किया जा रहा था। प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त पकड़े गए महुआ को जब्ती कर संबंधित व्यापारी से मंडी प्रशासन में 33250 रुपए राशि जमा कराई गई।

गौरतलब है कि नवनियुक्त सचिव आरपी गुप्ता के कुशल प्रशासकीय नियंत्रण और निर्देशन में मंडी समिति भोपाल के आकस्मिक निरीक्षण दल के प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने वाहन क्रमांक एमपी 43एच0763 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त वाहन मे महुआ 250 क्विंटल भरा पाया। जो कि भोपाल कोल्ड स्टोर्स लांबा खेड़ा से भरा गया था और राजस्थान के जा रहा था मगर शाहगढ़ जिला सागर के व्यापारी मेसर्स राघव ट्रेडर्स द्वारा अनुज्ञा पत्र, ईवे बिल, बिल बिल्टी इत्यादि कागजात के नाम से बनाए गए थे। नियमानुसार जिस स्थान से वाहन भरा जाता है उसी स्थान से अनुज्ञा पत्र ईवे बिल आदि जारी किए जाते हैं। अतः वाहन चालक के कथनों के आधार पर वस्तुस्थित का पंचनामा , जब्ती नामा तैयार कर विस्तृत विवेचना के लिए वाहन को मंडी प्रांगण करोंद में लाया गया। जिसके पश्चात संबंधित फर्म राघव ट्रेडर्स शाहगढ़ के आवेदन पर सचिव आरपीएस गुप्ता द्वारा 25250 रुपए की मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत एवं धारा 53 के तहत पशमन 5000 कुल 33250 रुपए जमा कराकर वाहन को मुक्त किया गया।



# धड़ाम हुआ रुपया, डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो पर भारत की करेंसी

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया अपने नए ऑल टाइम लो पर आ गया है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 34 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 83.47 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। इंट्रा-डे में रुपया 83.43 के निचले स्तर तक गिर गया, जो डॉलर के मुकाबले सबसे निचला स्तर है।

जानकारों के मुताबिक डॉलर की मजबूती के साथ-साथ चीनी युआन की गिरावट ने रुपये पर दबाव डाला। इसके अतिरिक्त, बाजार में डॉलर की कमी हो गई, जिसका असर रुपया पर पड़ा है। इस बीच, डॉलर सूचकांक 0.4 फीसदी बढ़ गया। आने वाले दिन रुपये के लिए बेहद अहम होंगे। रुपया के गिरने से भारत का पेट्रोलियम आयात महंगा हो जाएगा। दरअसल भारत डॉलर में बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम आइटम्स के आयात करता है। इसके अलावा अन्य तरह के आयात बिल पर भी इसका असर पड़ेगा।



**शेयर बाजार का हाल**

शुक्रवार को बीएसई के 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 190.75 अंक की छलांग लगाकर 72,831.94 अंक पर पहुंच गया। इसके साथ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 84.80 अंक की तेजी के साथ 22,096.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत चढ़कर 38,801.23 अंक, स्मॉलकैप 1.06 प्रतिशत तेजी के साथ 42,771.27 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में कुल 3906 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2430 में खरीदारी रही। वहीं, 1375 में बिकवाली देखने को मिल जबकि 101 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरसों की कीमतें एमएसपी से नीचे आने पर सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग

**नई दिल्ली:** सरसों की थोक कीमतें 5,650 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे आने परखाद्य तेल उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। एसईए ने कहाकि हम अधिकारियों से एमएसपी पर सरसों के बीज की खरीद की सुविधा के लिए प्रमुख मंडी क्षेत्रों में खरीद केंद्र स्थापित करने के लिए (सहकारी) नेफेड को निर्देश देने का आग्रह करते हैं, जिससे बाजार स्थिरता और किसान कल्याण का समर्थन किया जा सके। उन्होंने कहा कि एमएसपी खासकर सरसों की कटाई के मौजूदा मौसम में बड़ी चिंता बनी हुई है। सरसों के बीज की मौजूदा बाजार कीमतें 5,650 रुपए के एमएसपी से नीचे हैं, जिससे तत्काल सरकारी दखल की जरूरत है। चालू सत्र के दौरान रकबा 100 लाख हेक्टेयर के शिखर पर पहुंचने के बावजूद कीमतों में गिरावट के कारण सरसों की खेती में स्थिरता का सामना करना पड़ रहा है।

### ऑफलाइन आईटीआर भरने के लिए फॉर्म जारी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 यानी एसेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए जेसन सुविधा यानी ऑफलाइन फॉर्म आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) जारी कर दिया है। इनका उपयोग टैक्सपेयर 1 अप्रैल, 2024 से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने के लिए कर सकते हैं। जेसन सर्विस का इस्तेमाल पहले से भरे हुए डिटेल्स को ऑफलाइन फार्मेट में डाउनलोड या इंपोर्ट करते समय किया जाता है। साथ ही इसका उपयोग ऑफलाइन तरीके से भरी गई आईटीआर को जेनरेट करते समय भी किया जाता है। इनकम टैक्स विभाग आइटीआर को ऑनलाइन या आंशिक ऑफलाइन मोड के जरिए दाखिल करने की अनुमति देता है। ऑनलाइन तरीके से आरटीआर भरते समय जरूरी ट्रांजैक्शन, टैक्स का ब्योरा और अन्य जानकारियां पहले से ही भरी होती हैं।

### होटल एसो. ऑफ इंडिया ने केबी काचरु को अध्यक्ष चुना



**नई दिल्ली।** रैडिसन होटल ग्रुप में दक्षिण एशिया के चेयरमैन केबी काचरु को होटल ऐसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) की ऐतिहासिक 100वीं कार्यकारी समिति की बैठक में दो साल के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना गया है। एचएआई की 27वीं सालाना आम सभा के बाद कार्यकारी समिति की बैठक हुई थी। काचरु निवर्तमान अध्यक्ष पुनीत छटवाल, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईएचसीएल से कार्यभार ग्रहण करेंगे। कार्यकारी समिति ने इस बैठक में आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष-परिचालन रोहित खोसला को ऐसोसिएशन का उपाध्यक्ष भी चुना है।

### निसान ने की नए मैनेजिंग डायरेक्टर की नियुक्ति



**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने कंपनी के नए मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में सौरभ वत्स की नियुक्ति का ऐलान किया। उनका कार्यकाल 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा। इसी साल 15 जनवरी को सौरभ वत्स को कंपनी ने डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया था। अब एमडी के रूप में प्रोन्नत होने के बाद सौरभ निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट एवं बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन के रीजन डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट फ्रैंक टोरेस को रिपोर्ट करेंगे। सौरभ वत्स मौजूदा मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 31 मार्च, 2024 को पूरा हो रहा है।

### जॉय ई-बाइक ने खोला 156 डिस्ट्रीब्यूटर शोरूम



**नई दिल्ली।** 'जॉय ई-बाइक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविजर्ड इनोवेशंस एंड मोबिलिटी लिमिटेड ने अपनी तीव्र विस्तार की यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है। पिछले एक साल के दौरान लगातार विस्तार के साथ ब्राण्ड ने देश भर में 156 एक्सक्लुजिव डिस्ट्रीब्यूटर शोरूम खोले हैं, इसके अलावा देश भर में 750 से अधिक टचपॉइन्ट्स के साथ कंपनी ने विस्तार के पहले चरण में सफलता हासिल की है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज उपलब्ध कराने के लक्ष्य के तहत कंपनी इन प्रयासों को जारी रखे हुए है। यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, "हमने रिकॉर्ड अवधि में 156 डिस्ट्रीब्यूटर शोरूमों के उद्घाटन के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

### एचडीएफसी बैंक और टीडी बैंक ग्रुप में समझौता

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक और टीडी बैंक ग्रुप (टीडी) ने कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे भारतीय छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक विस्तृत संबंध की घोषणा की। इस समझौते के साथ, टीडी और एचडीएफसी बैंक एक नए रेफरल प्रोग्राम की घोषणा कर रहे हैं। एचडीएफसी बैंक कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे छात्रों को टीडी इंटरनेशनल स्टूडेंट जीआईसी प्रोग्राम में रेफर करेगा। ये प्रोग्राम छात्रों को कनाडा सरकार के स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम स्टडी परमिट रूट का आसानी से पालन करने में सक्षम बनाता है। यह रेफरल पार्टनरशिप दोनों बैंकों के मौजूदा संबंधों पर आधारित है, जहां टीडी ने 2015 से कनाडियन डॉलर क्लियरिंग के लिए एचडीएफसी बैंक के मुख्य कॉरेस्पोंडेंट बैंकिंग पार्टनर के रूप में काम किया है।

### आईआईटी में बीएस डिग्री प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बीएस डिग्री प्रोग्राम के तहत डेटा साइंस एवं एप्लिकेशन तथा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में 4-वर्षीय बीएस कोर्स के अगले बैच के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आईआईटी मद्रास से डिग्री लेने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए ये दोनों प्रोग्राम सुलभ और सस्ता होने के साथ शिक्षा में उच्चगुणवत्ता की मिसालें हैं । आज के दौर में डेटासाइंस और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम दोनों में जॉब के सबसे अधिक अवसर हैं और आने वाले वर्षों में इनके बढ़ने का अनुमान है। आगामी बैच के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 है।इच्छुक उम्मीदवार वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## चिंतन

# भ्रष्टाचार के विरोध से करप्शन के आरोप तक

दिल्ली शराब घोटाले की आंच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक पहुंच गई है। दसवें सम्मन के बाद करीब दो घंटे तक पूछताछ और उसके उपरांत ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी ने राष्ट्रीय राजधानी की सियासत में भूचाल ला दिया है। सीएम रहते हुए गिरफ्तारी का यह देश में पहला मामला है। आप व भाजपा के बीच जुबानी पारा गर्म है। आम आदमी पार्टी इस गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसे भाजपा नीत राजग सरकार की करतूत बता रही है, तो भाजपा की तरफ से कहा जा रहा है कि यह कानूनी प्रक्रिया है, कानून अपना काम कर रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ राजग सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। विपक्ष की ओर से केंद्रीय जांच एजेंसियां-सीबीआई, ईडी, एनआईए, गंभीर आर्थिक अपराध जांच शाखा (एसईएफआईओ) आदि पर विपक्ष को जानबूझकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसके पीछे लॉजिक भी है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2014 से लेकर अब तक करीब 125 आरोपित बड़े नेता ईडी के रडार पर आए हैं, इनमें से करीब 119 नेता विपक्ष के हैं, यानी कि करीब दस वर्ष में ईडी ने जिन नेताओं पर एक्शन लिया है, उनमें से तकरीबन 95 फीसदी विपक्ष के हैं। यूपीए शासन के दौरान 2004 से 2014 तक ईडी ने 26 आरोपित नेताओं की जांच की, उनमें 14 विपक्ष के थे, करीब 54 फीसदी विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई हुई। इन आंकड़ों के चलते केंद्रीय जांच एजेंसियों पर बायस्ड होने का आरोप विपक्ष लग रहा है। हालांकि ये आरोप राजनीति के चलते लगाए जा रहे हों, क्योंकि यह हो सकता है कि चूंकि ईडी की ताकत राजग सरकार के दौरान बढ़ी है, इसलिए वह खुलकर काम कर पा रही है, वह भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकंजा कसा रही है। ईडी के शिकंजे में आए नेताओं पर लगे आरोपों को देखों तो सबमें एक पैटर्न दिखता है। इनमें से अधिकतर अपराध नीतिगत भ्रष्टाचार के हैं, कुछेक पद का दुरुपयोग कर व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के हैं। दिल्ली शराब घोटाला भी एक प्रकार के नीतिगत भ्रष्टाचार का उदाहरण है। अधिक राजस्व हासिल करने के लिए दिल्ली सरकार ने अपनी आबकारी नीति में मनमाना बदलाव कर दिया, यह परवाह किए बिना कि पुरानी से अचानक नई में शिफ्ट होने पर पुरानी नीति के लाभार्थियों को नुकसान हो सकता है। हालांकि विरोध के बाद दिल्ली सरकार ने अपनी आबकारी नीति वापस ले ली थी, लेकिन इस नीति की खामियों के छींटे अनेक आप नेताओं पर पड़े हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ अण्णा आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी ने राजनीति में व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीद जगाई थी, लेकिन इतने अल्पकाल में आप नेताओं पर भ्रष्टाचार की आंच ने उस उम्मीद को धूमिल कर दिया है। यूं तो अभी सीएम केजरीवाल कानूनी रूप से जेल में रहते हुए सरकार चला सकते हैं, विशेष संवैधानिक संकट के समय ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता है या जिद पर अड़े तो केंद्रीय विकल्प का इस्तेमाल हो सकता है, लेकिन आप ने जो स्वस्थ राजनीति और भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वच्छ प्रशासन की अपनी छवि बनाई थी, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद वह छवि तार तार हो गई है। शराब घोटाले में ईडी के केजरी सरकार आरोपित नेताओं पर लगे आरोप की असली परीक्षा अदालत में होगी, तब तक सियासत करने वालों को संयम बरतना चाहिए। देश के सभी नेताओं को स्वायत्त जांच एजेंसियों और अदालत पर भरोसा रखना चाहिए। नीतिगत भ्रष्टाचार में आरोपित नेताओं को अपनी अंतरात्मा की आवाज पर राष्ट्रहित में अपना पद छोड़ देना चाहिए और जांच में सहयोग करना चाहिए।



शहीद दिवस
योगेश कुमार गोयल

# युवाओं को प्रेरणा देते शहीदों के विचार

भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत माता के ऐसे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने देशप्रेम और देशभक्ति को अपने प्राणों से भी ज्यादा महत्व दिया और देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। भगत सिंह कहा करते थे कि एक सच्चा बलिदानी वही है, जो जरूरत पड़ने पर सब कुछ त्याग दे। ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इन तीनों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को देश सदैव याद रखेगा। वतन के लिए त्याग और बलिदान इनके लिए सर्वोपरि रहा। इनके विचार आज भी देश के करोड़ों युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं।

भारत के वीर सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिवर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस अथवा सर्वोदय दिवस मनाया जाता है, जो प्रत्येक भारतवासी को गौरव का अनुभव कराता है। देश की आजादी के ये तीनों स्वतंत्रता सेनानी इसी दिन हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए थे और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत सरकार द्वारा इस दिन को 'शहीद दिवस' घोषित किया गया। हालांकि अंग्रेजों से भारत को आजाद कराने के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर किए और उनमें से बहुतों के बलिदान को प्रतिवर्ष किसी न किसी अवसर पर स्मरण भी किया जाता है। यह वही दिन है, जब अंग्रेजों से भारत की आजादी के लिए लड़े भारत मां के वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में फांसी पर लटका दिया था। हालांकि पहले इनको 24 मार्च 1931 को फांसी दी जानी थी, लेकिन इनके बुलंद हौसलों से भयभीत ब्रिटिश सरकार ने जन आन्दोलन को कुचलने के लिए उन्हें एक दिन पहले 23 मार्च 1931 को ही फांसी दे दी थी।

भगत सिंह जब पांच साल के थे, तब एक दिन अपने पिता के साथ खेत में गए और वहां कुछ तिनके चुनकर जमीन में गाड़ने लगे। पिता ने उनसे पूछा कि यह क्या कर रहे हो तो मासूमियत से भगत सिंह ने जवाब दिया कि मैं खेत में बंदूकें बो रहा हूं। जब ये उगकर बहुत सारी बंदूकें बन जाएंगी, तब इनका उपयोग अंग्रेजों के खिलाफ करेंगे। शहीदे आजम भगत सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद से अपनी पहली मुलाकात के समय ही जलती मोमबती की लौ पर हाथ रखकर कसम खाई थी कि उनका समस्त जीवन वतन पर ही कुर्बान होगा। 28 सितम्बर 1907 को जन्मे भगत सिंह ने अपने 23 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में वैचारिक क्रांति की ऐसी मशाल जलाई थी, जिससे आज के दौर में भी युवा काफी प्रभावित हैं। क्रांतिकारियों राजगुरु और सुखदेव का नाम हालांकि सदैव शहीदे आजम भगत सिंह के बाद ही आता है, लेकिन भगत सिंह का नाम आजादी के इन दोनों महान क्रांतिकारियों के बगैर अधूरा है, क्योंकि इनका योगदान भी भगत सिंह से किसी भी मायने में कम नहीं था। तीनों की विचारधारा एक ही थी, इसीलिए तीनों की मित्रता बेहद मजबूत थी। भगतसिंह और सुखदेव के परिवार लायलपुर में आसपास ही रहते थे और दोनों परिवारों में गहरी दोस्ती थी। 15 मई 1907 को पंजाब के लायलपुर में जन्मे सुखदेव भगतसिंह की ही तरह बचपन से आजादी का सपना पाले हुए थे। भगत सिंह, कामरेड रामचन्द्र और भगवती चरण बोहरा के साथ मिलकर उन्होंने लाहौर में नौजवान भारत सभा का गठन कर सॉन्डर्स हत्याकांड में भगतसिंह तथा राजगुरु का साथ दिया था। 24 अगस्त 1908 को पुणे के खेड़ा में जन्मे राजगुरु छत्रपति शिवाजी की छापामार शैली के प्रशंसक थे और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के विचारों से काफी प्रभावित थे। अच्छे निशानेबाज रहे राजगुरु का रुझान जीवन के शुरूआती दिनों से ही क्रांतिकारी गतिविधियों की तरफ होने लगा था। वाराणसी में उनका सम्पर्क क्रांतिकारियों से हुआ



और वे हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी से जुड़ गए। आजाद, भगत सिंह और जतिन दास राजगुरु के अभिन्न मित्र थे।

पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज के कारण स्वतंत्रता संग्राम के दिग्गज नेता लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए राजगुरु ने 19 दिसम्बर 1928 को भगत सिंह के साथ मिलकर लाहौर में जॉन सॉन्डर्स को गोली मारकर स्वयं को गिरफ्तार करा दिया था और भगत सिंह वेश बदलकर कलकत्ता निकल गए थे, जहां उन्होंने बम बनाने की विधि सीखी। भगत सिंह बिना कोई खून-खराबा किए ब्रिटिश शासन तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहते थे, लेकिन तीनों क्रांतिकारियों को अब यकीन हो गया था कि पराधीन भारत की बेड़ियां केवल अहिंसा की नीतियों से नहीं काटी जा सकती, इसीलिए उन्होंने अंग्रेजों की मजदूरों के प्रति शोषण की नीतियों के पारित होने के खिलाफ विरोध प्रकट करने के लिए लाहौर की केन्द्रीय असेम्बली में बम फेंकने की योजना बनाई। 1929 में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में 'पब्लिक सेफ्टी' और 'ट्रेड डिस्प्यूट बिल' के विरोध में सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने के लिए 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' की पहली बैठक हुई। योजनाबद्ध तरीके से भगत सिंह ने 8 अप्रैल 1929 को बटुकेश्वर दत्त के साथ केन्द्रीय असेंबली में एक खाली स्थान पर बम फेंका, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि वे चाहते तो भाग सकते थे लेकिन भगत सिंह का मानना था कि गिरफ्तार होकर वे बेहतर ढंग से अपना संदेश दुनिया के सामने रख पाएंगे। असेंबली में फेंके गए बम के साथ कुछ पर्चे भी फेंके गए थे, जिनमें भगत सिंह ने लिखा था, 'आदमी को मारा जा सकता है, उसके विचारों को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है, लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है।' हालांकि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन पुलिस ने तीनों को जॉन सॉन्डर्स की हत्या के लिए आरोपित किया। गिरफ्तारी के बाद सॉन्डर्स की हत्या में शामिल होने के आरोप में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव पर देशद्रोह तथा हत्या का मुकद्दमा चलाया गया और उन्हें मौत की सजा सुनाई। इसी मामले को बाद में 'लाहौर षड्यंत्र केस' के नाम से जाना गया। भगत सिंह और उनके साथियों ने 64 दिनों तक भूख हड़ताल की। 23 मार्च 1931 की शाम करीब 7.33 बजे भारत मां के इन तीनों महान वीर सपूतों को फांसी दे दी गई।

फांसी पर चढ़ने से कुछ समय पहले भगत सिंह एक मार्क्सवादी पुस्तक पढ़ रहे थे, राजगुरु वेद मंत्रों का गान कर रहे थे जबकि सुखदेव कोई क्रांतिकारी गीत गुनगुना रहे थे। फांसी के तख्ते पर चढ़कर तीनों ने फंदे को चूमा और अपने ही हाथों फंदा अपने गले में डाल लिया। जेल वार्डन ने यह दृश्य देखकर कहा था कि इन युवकों के दिमाग बिगड़े हुए हैं और ये पागल हैं। इस पर सुखदेव ने गुनगुनाते हुए कहा, 'इन बिगड़े दिमागों में घनी खुशबू के लच्छे हैं। हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत माता के ऐसे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने देशप्रेम और देशभक्ति को अपने प्राणों से भी ज्यादा महत्व दिया और देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। भगत सिंह कहा करते थे कि एक सच्चा बलिदानी वही है, जो जरूरत पड़ने पर सब कुछ त्याग दे। ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इन तीनों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को देश सदैव याद रखेगा। वतन के लिए त्याग और बलिदान इनके लिए सर्वोपरि रहा। इनके विचार आज भी देश के करोड़ों युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं। इन महान क्रांतिकारियों के जीवन से हमें शिक्षा मिलती है कि देश की आन, बान और शान के खिलाफ कोई ताकत खड़ी होती है तो हमें ताकत के अलावा वैचारिक रूप से भी उसे कुचलने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



शहीदी दिवस
अजय कुमार शास्त्री

# आर्य समाज के वटवृक्ष स्वामी ओमानंद सरस्वती

भारत भूमि ऋषि मुनियों की तपस्थली एवं कर्मस्थली है। यहां पर महापुरुषों ने समय-समय पर जन्म लेकर जन सेवा का पुण्य कार्य करके अपने जीवन को सार्थक किया है। कुछ महापुरुष अपनी जीवन पद्धति के क्रियाकलापों से मानव जीवन के गौरव की वृद्धि करते हैं। ऐसे महापुरुष स्वामी ओमानंद सरस्वती (भगवान सिंह) हमारे चरित्र नायक हैं। उनका जन्म दिल्ली प्रदेश के नरेला गांव में 22 मार्च 1911 को चौधरी कनक सिंह नंबरदार एवं माता श्रीमती नान्ही देवी के घर हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मैट्रिक तक नरेला तथा उच्च शिक्षा सेंट स्टीफंस कॉलेज दिल्ली में हुई। वहीं पर उनका परिचय भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों के मित्र प्रोफेसर एनके निगम से हुआ। उनके राष्ट्रवादी विचारों से बहुत प्रभावित हुए। इसी दौरान 23 मार्च 1931 के दिन भगत सिंह एवं उनके साथियों को अंग्रेजों द्वारा फांसी देने की घटना से उनके मन में राष्ट्रवादी विचारों से उनके जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया और प्रतिज्ञा की कि 'मैं अब कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर देश सेवा का कार्य करूंगा।' भगवान सिंह ने अब गांव में ही आर्य समाज और कांग्रेस का कार्य करना आरंभ कर दिया। सन 1931 में भारत अंग्रेजों की परतंत्रता से मुक्त होने के लिए उठ खड़ा हुआ था। लगभग 2 वर्ष पूर्व राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, अशफाक उल्ला आदि क्रांतिकारी भारत माता की सेवा में अपना बलिदान दे चुके थे। आजादी पाने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन आरंभ हो चुका था। ऐसे विकट समय में युवा भगवान सिंह ने भारत माता को स्वतंत्र कराने का संकल्प लिया। ऐसे समय में इनके जीवन में अनेक घटनाएं अनायास घट रही थी। आप अपने



साथियों के साथ आर्य समाज व कांग्रेस का कार्य अति उत्साह से कर रहे थे। आपने नमक सत्याग्रह में नरेला क्षेत्र का नेतृत्व किया। इस आंदोलन में नरेला क्षेत्र के अनेक क्रांतिकारी सत्याग्रही गिरफ्तार कर लिए गए। आपने अनुभव किया कि 'राष्ट्र सेवा का कार्य आजीवन ब्रह्मचारी रहकर ही भली भांति किया जा सकता है।' यह अटल निश्चय करके आपने 1936 में आर्य समाज नरेला के वार्षिक उत्सव पर हजारों लोगों की उपस्थिति में आजीवन ब्रह्मचारी रहने की भीष्म प्रतिज्ञा की और नैष्टिक ब्रह्मचारी की दीक्षा लेकर आप भगवान सिंह से ब्रह्मचारी भगवान देव बन गए। इस व्रत को धारण करके आपने गृह त्याग कर दिया और अपनी पैतृक भूमि पर आर्य विद्यार्थी आश्रम की स्थापना की और निर्धन विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था करके आयुर्वेदिक औषधालय, गोशाला और उपदेशक विद्यालय का संचालन करने लगे। 1939 में निजाम हैदराबाद ने अपने राज्य में वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार पर प्रतिबंध लगा दिया, अनेक हिंदू मंदिर गिरा दिए गए और मंदिरों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आर्य समाज ने हिंदू समाज की इस पीड़ा को अपनी पीड़ा मानकर उसका निवारण करने की ठानी और आर्य समाज के नेतृत्व में हैदराबाद सत्याग्रह आरंभ कर दिया। आपने क्षेत्र में घूम-घूम कर हैदराबाद सत्याग्रह के लिए लोगों को तैयार किया और दिल्ली से बहुत बड़ा जत्था लेकर आप हैदराबाद पहुंचे। आपको सत्याग्रहियों का नेता मानकर नवाब की ओर से 1 वर्ष 4 मास की सजा सुनाई गई और नलदुर्ग जेल में मिट्टी, सीमेंट आदि मिलाकर खाना दिए जाने से आपका स्वास्थ्य खराब हो गया जिससे 35 पौंड वजन घट गया। अंत में आर्य समाज के अनेक नेताओं के बलिदान और संघर्ष के कारण आर्य समाज की जीत हुई और निजाम हैदराबाद को हार स्वीकार करनी पड़ी। आप सच्चे मायने में आर्य समाज के वटवृक्ष थे। आपके सानिध्य में अनेक संस्थाएं फलीं फूली हैं। आप पूरे विश्व की आर्य समाजों के संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान, हरियाणा प्रांत की आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान, पूरे भारत के संन्यासियों के संगठन वैदिक यतिमंडल के कार्यकारी प्रधान, महर्षि दयानंद द्वारा बनाई गई परोपकारिणी सभा अजमेर के कार्यकारी प्रधान, अखिल भारतीय इतिहास परिषद भारत सरकार के परामर्शदाता तथा गुरुकुल झज्जर और कन्या गुरुकुल नरेला के कुलपति रहे। आपने संन्यासियों, समाजसेवियों और राजनेताओं की इतनी बड़ी फौज तैयार की है जो आर्य विचारधारा का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। आप द्वारा की गई समाज सेवा के प्रति पूरा समाज सदा ऋणी रहेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# हे श्री कृष्णा! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढ़ता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### पुरुषों के क्षेत्र में अब महिलाओं का एकाधिकार

भारत मे हर क्षेत्र में मर्दों की दुनिया मानी जाती थी। लेकिन अब मर्दों का एकाधिकार टूट रहा है। महिलाओ ने अब सम्भव किया है। चाहे वह बैंकिग क्षेत्र हो या होटल क्षेत्र, अस्पताल बनाने का मामला हो या दोपहिया वाहन या ट्रैक्टर का उत्पादन हो महिलाओ की भागीदारी बढ़ी है। ऊर्जा और पर्यावरण इंजीनियरिंग और जैव प्रोद्योगिकी जैसी विशेषज्ञता के क्षेत्र में हर तरह के उद्योग जगत में महिलाएं अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की इस राष्ट्रव्यापी मुहिम ने महिलाओ को समाज में एक मुकाम दिया है। महिलाए उद्योग चला रही है। वे अपने पारिवारिक व्यवसाय को आगे बढ़ा रही है। **-कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## करंट अफेयर

# नूई की सलाह, अमेरिका में भारतीय छात्र सतर्क रहे

अमेरिका में भारतीय छात्रों से जुड़ी दुखद और चिंताजनक घटनाओं के बीच पेप्सिको की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इंदिरा नूई ने उन्हें (विद्यार्थियों को) 'सतर्क' रहने एवं स्थानीय कानूनों का सम्मान करने की सलाह दी तथा उनसे अपनी सुरक्षा की खातिर यहां नशा या अत्यधिक शराब के सेवन से बचने का आग्रह किया। दुनियाभर में सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली उद्यमियों में से एक मानी जानी वाली नूई ने अमेरिका आ रहे भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित व सतर्क रहने तथा परेशानी में डालने वाली गतिविधियों से बचने की सलाह देते हुए 10 मिनट से अधिक लंबी वीडियो जारी की है।



न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर यह वीडियो पोस्ट किया। नूई (68) ने वीडियो में कहा, 'मेरी यह वीडियो रिकॉर्ड करने की वजह आप सभी युवाओं से बात करना है, जो अमेरिका आने के बारे में सोच रहे हैं या पढ़ाई के सिलसिले में पहले ही यहां आ चुके हैं, क्योंकि मैं भारतीय छात्रों के दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों में फंसने की कई घटनाओं से संबंधित खबरें पढ़ तथा सुन रही हूं।' उन्होंने कहा, 'यह आपको सुनिश्चित करना है कि आप सुरक्षित रहने के लिए क्या करें...कानून के दायरे में रहें, रात को अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं, कृपया नशा या अत्यधिक शराब पीने से बचें।

## ऑफ बीट

# क्या आपके इनबॉक्स में 7,513 बिना पढ़े ईमेल हैं?

आप अपने ईमेल कैसे प्रबंधित करते हैं? क्या आप ऐसे व्यक्ति हैं जो 'इनबॉक्स शून्य' रखते हैं या आप उनमें से हैं जो हजारों ई-मेल को बिना




पढ़े छोड़ देते हैं? जर्नल इंफॉर्मेशन रिसर्च में आज प्रकाशित हमारा नया अध्ययन बताता है कि अपने सभी ईमेल इनबॉक्स में छोड़ने से आप अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड प्रबंधन को लेकर परेशान हो सकते हैं। एक खोजपूर्ण सर्वेक्षण में, हमने प्रतिभागियों से पूछा कि वे अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड जैसे बिल, ऑनलाइन सदस्यता और इसी तरह की वस्तुओं से कैसे निपटते हैं। इनमें से कई ईमेल से आते हैं। हमने पाया कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने अपने इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड अपने ईमेल में छोड़ दिए। केवल आधे आइटम जैसे बिल और अन्य दस्तावेज़ अन्य स्थानों, जैसे उनके कंप्यूटर या क्लाउड पर सहेजे गए, लेकिन अव्यवस्थित इनबॉक्स होने से बिल गायब होने और महत्वपूर्ण पत्राचार का ट्रैक खोने सहित समस्याएं भी पैदा हुईं। आपके ईमेल का ट्रैक खोने का जोखिम ईमेल द्वारा बिल, बीमा नवीनीकरण और अन्य घरेलू दस्तावेज़ प्राप्त करने से समय और धन की बचत होती है, और अनावश्यक कागज़ का उपयोग कम हो जाता है।

## ट्रेंड

### बिहार के वासियों को शुभकामनाएं



संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और समृद्ध परंपराओं की भूमि बिहार के स्थापना दिवस पर सभी बिहार वासियों को शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली, बिहार ने अपने ज्ञान और अध्यात्म के प्रकाश से पूरे विश्व को आलोकित किया है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### पीढ़ी का भविष्य खतरे में



गाजा में एक पूरी पीढ़ी का भविष्य गंभीर खतरे में है। वस्तुतः सभी परिवार पहले से ही हर दिन भोजन छोड़ रहे हैं। एक बार फिर, हम पूछते हैं-इज़राइल अधिक क्रॉसिंग खोलेगा और मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण में तेजी लाएगा

**-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### आम बात हो गई



डरा हुआ तानाशाह, मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है। मीडिया समेत सभी संस्थाओं पर कब्ज़ा, पार्टियों को तोड़ना, मुख्य विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज़ करना भी कम था, तो अब चुने हुए मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भी आम बात हो गई है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### नस्लवाद गलत



यह सभ्यता-विरोधी जागृत मानसिकता वाले वायरस से मौत की लड़ाई है। मेरी स्थिति मध्यमार्गी है- सुरक्षित सीमाएं, सुरक्षित एवं स्वच्छ शहर, खर्च के मामले में अमेरिका को दिवालिया मत बनाइए, किसी भी जाति के खिलाफ नस्लवाद गलत है।

**-एलोन मस्क, उद्योगपति**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## लोकसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस लाइन में बलवा मॉकड्रिल

# मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने किया समझाने का प्रयास
# उग्र भीड़ ने कर दिया पथराव, पुलिस टीम ने लाठी चार्ज कर संभाली स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को नेहरू नगर पुलिस लाइन में बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल की गई। इस दौरान परेड का भी आयोजन किया गया। बलवा रिहर्सल में पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल और नीतू ठाकुर की मौजूदगी में सभी थानों, यातायात और रक्षित केंद्र के 250 जवानों ने परेड में हिस्सा लिया। बलवा ड्रिल परेड से पहले पुलिस आयुक्त पटेल ने समस्त जवानों को संबोधित करते हुए ड्रिल परेड का महत्व बताया एवं कानून व्यवस्था के दौरान विपरित परिस्थितियों में क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए, इसको लेकर विस्तार से जानकारी दी।

### 250 जवानों ने परेड में लिया हिस्सा, विपरित परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियां समझी



### अलग-अलग टीम बनाकर शुरू हुई बलवा मॉकड्रिल परेड

बलवा मॉक ड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई थी। इसमें टियर गैस पार्टी, अश्रु गैस पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी, वाटर केनन पार्टी एवं अन्य को उनका काम बताया गया। उसके बाद विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से पुलिस ने बात की एवं समझाने की कोशिश की, लेकिन लोगों की भीड़ अचानक उग्र हो गई और पुलिस पर पथराव करने लगे। यह देख पुलिस ने पहले उन्हें चेतावनी दी। इसके बाद भी वे नहीं माने तो टियर गैस के गोले दागे गए। आंसू गैस के गोले छोड़ने पर भी प्रदर्शनकारी सार्वजनिक सम्पति को नुकसान पहुंचा रहे थे, तब पुलिस ने अनाउंसमेंट कर उन्हें चेतावनी दी। प्रदर्शनकारियों को उग्र होता देख कर पुलिस टीम द्वारा लाठी चार्ज किया। अनियंत्रित भीड़ को रोकने एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान से बचाने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश उपरांत फायर किए गए, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए एवं कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए, जिन्हें उपचार हेतु डॉक्टर की टीम द्वारा एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।



### बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल परेड का उद्देश्य



बलवा मॉक ड्रिल रिहर्सल परेड में दोनों ही भूमिकाओं में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी थे। कानून-व्यवस्था को देखते हुए विपरीत परिस्थितियों में भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए अमले को प्रशिक्षण देने और अपनी क्षमताओं की परख करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित की जाती है। ताकि कानून व्यवस्था ड्यूटी, धरना-प्रदर्शन इत्यादि के दौरान विपरित परिस्थितियों में पुलिसकर्मी अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

## खबर संक्षेप



### दो भैंस चोर गिरफ्तार लोडिंग बोलेरो भी जब्त

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के निकट पिपलिया गज्जू से भैंस चुराकर भाग रहे चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लोडिंग बोलेरो वाहन जब्त कर न्यायलय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी सुरेश मीना ने बताया कि फरियादी रघुवीर सिंह मीणा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की उसके दो बड़ी भैंस, तीन पड़िया, दो पड़े को उसके खेत से खोलकर आरोपी चुरा ले गए हैं। पुलिस ने बुलोरो लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 09 जीएच 4687 जब्त कर ओापियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान बंटी उर्फ विनोद उर्फ चंपालाल पिता मनोहर लाल जायसवाल (26) निवासी ग्राम मेंडिया घाट पिपरिया देवास, दूसरा दिनेश उर्फ बनवारी मोरे पिता मेमू मोरे खंडवा हरसूद निवासी (26) के रूप में हुई।

### नपा ने चलाया जन जागरुकता अभियान



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के लिए जमीनी निरीक्षण एवं जन जागरूकता अभियान चलाया है। इस दौरान दुकानदारों और ग्राहकों को जागरुक कर शपथ दिलाई गई। नपा सीएमओ सुधीर उपाध्याय के निर्देशन में 20 मार्च से 24 मार्च 2024 तक चलाया जा रहा है। 1 जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के फल स्वरूप सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुएं विशेष रूप से पतले कैरी बैग का उपयोग पर बैन किया गया है।

### बॉक्सिंग कोच सोनम नायक का सम्मान कल

**संतनगर।** उपनगर, की टापर बॉक्सिंग कोच सोनम नायक का बजरंग सेना समिति द्वारा 24 मार्च प्रातः 10 बजे सैनिक कॉलोनी कांजी हाउस, मां गायत्री मंदिर में सम्मान किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि सोनम नायक को कई अवॉर्ड मिले हैं, जैसे कि स्पोर्ट्स अथोरिटी ऑफ इण्डिया, नेताजी सुभाषचंद्र नेशनल इंण्टीटयूट ऑफ स्पोटस, पटियाला आदि हैं।

### दिगंबर जैन मंदिर में शांतिधारा आज

**औबेदुल्लागंज।** आठ दिन मनाया जाने वाला अष्टान्हिका पर्व जैन धर्म में विशेष स्थान रखता है। इस पर्व के छठवें दिन मंदिर में विशेष पूजा, सिद्धचक्र मंडल विधान के 256 अर्घ्य चढ़ाए गए। मुकेश कविता ने बताया कि सिद्ध चक्र महामंडल विधान का बहुत महत्व है। पंडित लक्ष्मी चंद अनुराग, नीति जैन, पवन रवि जैन, रितेश जैन, आशा रानी ने बताया कि अष्टानिका पर्व में व्रत करने और विधान करने से पुण्य का संग्रह होता है। दिगंबर जैन मंदिर मैन रोड पर शनिवार को चौदस के दिन विशाल शांतिधारा एवं विधान किया जाएगा।

## परवलिया थाना क्षेत्र का मामला, सिर पर आई थी गंभीर चोट

# तारासेवनिया में छत पर खेलते समय नीचे गिरा 12 साल का मासूम, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया थाना क्षेत्र स्थित तारासेवनिया में खेलते समय 12 साल का बच्चा छत से गिर गया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसका इलाज चल रहा था। डॉक्टर ने ऑपरेशन किया, लेकिन शुक्रवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार तारासेवनियां निवासी 12 साल का श्रवण अहिरवार पिता शैतान सिंह अहिरवार, छठवीं कक्षा में पढ़ता था। 20 मार्च की सुबह 8 बजे वह अपने घर की पहली मंजिल की छत पर खेल रहा था। तभी अचानक वह नीचे आया। करीब 12 फीट ऊंचाई से वह सिर के बल नीचे गिरे। बेसुध हालत में उसे परिजन सांई श्रद्धा अस्पताल गांधी नगर में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसने शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि छत पर बाउंड्री नहीं है।

### बाथरूम का पर्दा हटाकर महिला से की छेड़छाड़

**भोपाल।** छोला मंदिर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी काफी दिनों से महिला पर बुरी नजर रखे था। गुरुवार को उसने नहाते समय बाथरूम का पर्दा हटाया तो पीड़िता ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 22 साल महिला अपने मायके में रह रही है। उसी मोहल्ले में किराए से रहने वाला सतीश नामक युवक काफी दिनों से महिला पर बुरी नजर रखे हुए था। वह आते-जाते महिला को बैड टच करता था। पीड़िता और उसके परिजनों ने कई बार उसे समझइश दी, लेकिन सतीश की हरकतें बंद नहीं हुई। गुरुवार को महिला अपने बाथरूम में नहा रही थी, तभी वहां से निकल रहे सतीश ने बाथरूम का पर्दा हटा दिया। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

### युवती से छेड़छाड़, मारपीट की

रातीबड़ पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 20 साल की युवती पढ़ाई करती है। मोहल्ले में रहने वाला नाजिम नामक युवक उसे काफी दिनों से परेशान कर रहा था। करीब तीन महीने पहले युवती ने उसके खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। पिछले कुछ दिनों से वह दोबारा से युवती पर बातचीत करने के लिए दबाव डाल रहा था। बुधवार की शाम करीब सात बजे युवती घर पर अकेली थी, तभी नाजिम पहुंच गया और बात करने के लिए दबाव डालने लगा। युवती ने जब इसका विरोध किया तो उसने मारपीट कर दी। पीड़िता के शोर मचाने पर परिवार वाले पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग निकला।

### रास्ता रोककर युवती से की अश्लील हरकत

इधर, पिपलानी थाना पुलिस ने बताया कि 26 साल की युवती घरेलू काम करती है। बुधवार रात करीब ग्यारह बजे वह अपनी सहेली को अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस में बिठाकर पड़ोसी के साथ घर लौट रही थी। रास्ते में रिंकू नामक युवक मिला और पड़ोसी को बोला कि उसे नीचे उतार दे। युवती बाइक से नीचे उतरी तो रिंकू ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। पड़ोसी ने बीच-बचाव किया तो वह धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रिंकू काफी दिनों से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कॉल कर नाबालिग को घर से बाहर बुलाया, फिर सुनसान इलाके में ले जाकर किया दुष्कर्म

#### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भोपाल।** निशातपुरा में पंद्रह साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने उक्त मामले में नाबालिग की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 15 साल की किशोरी परिवार के साथ रहती है। कुछ समय पहले उसकी पहचान मोहल्ले में रहने वाले जुबेर नामक युवक से हुई थी। उसके बाद दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी। बुधवार-गुरुवार की रात करीब दो बजे जुबेर ने नाबालिग को कॉल कर घर के बाहर आने का कहा था। नाबालिग ने बाहर आने से इंकार किया तो वह घर में घुसने की धमकी देने लगा। इस पर नाबालिग बाहर निकली तो आरोपी उसे अपने साथ सुनसान स्थान पर लेकर पहुंचा और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद वह नाबालिग को अपने साथ भगाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा, लेकिन ट्रेन नहीं मिलने पर वापस लौट आया। सुबह करीब 5 बजे पीड़िता घर पहुंची तो परिजन ने उससे पूछताछ की। इस पर उसने परिजन को आपबीती सुनाई।

### फांसी लगाने वाली नाबालिग से हुआ था दुष्कर्म

#### एफएसएल से रिपोर्ट मिलने के बाद अज्ञात पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

गांधी नगर थाना क्षेत्र में गत वर्ष 13 सितंबर को पंद्रह साल की नाबालिग ने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने नाबालिग का वेजाइनल स्लाइड बनवाकर जांच के लिए भेजी थी। एफएसएल में हुई जांच में यह बात सामने आई कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ था। एफएसएल की रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दुष्कर्म करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार पंद्रह साल की नाबालिग इलाके में रहती थी। गत 13 सितंबर 2023 में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला था। पुलिस ने पीएम कराने के बाद बिसरा प्रिजर्व किया और वैजाइनल स्लाइड बनवाकर एफएसएल भेज दी। एफएसएल ने जांच की तो पता चला कि आत्महत्या से पहले नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाए गए थे। अब पुलिस परिजन और मृतिका के सहेलियों से पूछताछ करेगी।

## प्रबंधन ने मंदिर के पट बंद किए तो कुछ ही घंटों में हट गया अतिक्रमण

### शाम होते-होते फिर लोगों ने कर लिया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



भोपाल-इंदौर राजमार्ग पर प्राचीन शिव मंदिर गोल चकरा के चारों ओर अतिक्रमणकारियों का कब्जा था। मंदिर प्रबंधन द्वारा कई शिकायतें करने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा था। शुक्रवार को मजबूरन प्रबंधन ने मंदिर के पट यह चेतावनी देकर बंद कर दिया था कि जब तक अतिक्रमण नहीं हटेगा तब तक पट नहीं खुलेंगे।

मंदिर के बाहर चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया था। जिला प्रशासन कुछ ही देर में हरकत में आया और दोपहर को मंदिर के आस-पास से सभी अतिक्रमण को हटा दिया। इसके बाद प्रबंधन में मंदिर के पट खोल दिए। वहीं कार्रवाई के बाद शाम को फिर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया, इससे गुस्साए प्रबंधन ने फिर मंदिर के पट बंद कर दिए। शनिवार को बैठक के बाद ही पट खुलेंगे। मंदिर समिति के राम मोरदांनी ने बताया कि अतिक्रमण के कारण श्रद्धालु काफी परेशान हो रहे थे और उन्हें आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।



### नपा ने चलाया मतदान करने जागरुकता अभियान

**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार नगर परिषद औबेदुल्लागंज वार्ड 13 एवं वार्ड 14 में सामूहिक रूप से स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान बीएलओ इसराइल मिर्जा बैग, अरविंद तिवारी, राजकुमार शर्मा, प्रमोद कुमार पांडेय, विनोद यादव सहित बीएलओ कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बैरागढ़ पुलिस की कार्रवाई, 81 लीटर देशी शराब जब्त

# पिकअप में शराब की तस्करी तीन गिरफ्तार, एक भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ पुलिस ने संत जी कुटिया के पास से गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक पिकअप वाहन से 81 लीटर देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 35 हजार रुपए बताई जा रह है। पुलिस की धरपकड़ कार्रवाई में एक तस्कर पिकअप वाहन से कूदकर भागने में सफल हो गया, जबकि तीन लोगों को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर शराब के बारे में पूछताछ कर रही है। इसके अलावा फरार आरोपी की भी तलाश की जा रही है।

### पिकअप में थी 450 क्वार्टर शराब



पुलिस के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 1 बजे सूचना मिली कि पिकअप वाहन लालघाटी चौराहा से बैरागढ़ की तरफ जाने वाला है। उसमें बड़ी मात्रा में शराब हो सकती है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने संतजी की कुटिया के पास चैकिंग लगाई। कुछ देर बाद एक पिकअप वाहन आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक ने कुछ दूर पहले वाहन को रोका तो उसमें सवार एक व्यक्ति कूदकर भाग निकला, जबकि अंदर बैठे तीन लोगों को पुलिस ने घेराबंद कर दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम ब्रजेश विश्वकर्मा (29) निवासी सीटीओ कॉलोनी, संजय सरस्वान (32) निवासी कैंप नंबर बारह और हर्ष साहू (32) निवासी सीटीओ कॉलोनी बैरागढ़ बताया। वाहन की तलाशी लेने पर अंदर 450 क्वार्टर, 81 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। उक्त शराब पुलिस ने वाहत समेत जब्त की है।



### दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के विदाई समारोह में विद्यार्थियों को मिले कई अवॉर्ड

**संतनगर।** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा बारहवीं के विधार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन माँ सरस्वती एवं संतजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि इस विद्यालय में आपके कुछ अच्छे और कुछ बुरे दोनों प्रकार के अनुभव होगे, मैं चाहता हूं कि आप बुरे अनुभव यहां छोड़कर अच्छे अनुभव को अपने साथ लेकर जाएं। इस अवसर पर बहुमुखी प्रतिभा के धनी छात्र-छात्राओं को विभिन्न अलंकरणों से सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विधार्थियों द्वारा कक्षा 11वीं के विधार्थियों को ज्ञान ज्योति प्रदान की गई। इस अवसर पर गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर कन्हैयालाल मोटवानी, मनोहर वासवानी, विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, उपप्राचार्या रेनू आसूदानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, समस्त शिक्षक समुदाय एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

### नगर के स्थानीय नेताओं ने साधी चुप्पी

**औबेदुल्लागंज।** नगर के दो पार्षद मौन हो गए हैं। एक प्रतिपक्ष नेता हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक और दूसरे वार्ड 2 महावीर कॉलोनी के नरेश सेठी। नरेश सेठी का कहना है बिना बजह बुराई होती है, इसलिए मौन रहो। प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक का कहना है कि नजर तो सब पर रखा हूं, मगर अभी किसी कारण से मौन हूं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पति वागिश अग्रवाल गमगीन हैं, क्योंकि उनको अब कोई कंधा नहीं मिल रहा, जिस पर हाथ रख सके। नगर परिषद दफ्तर में सोनू चौकसे, पार्षद सुजीत यादव, पार्षद सुनील सेरिया की गुफ्तगू पर पार्षद राजेंद्र गुड्डू साहू नजर रखे हैं। राजेंद्र गुड्डू साहू कहते हैं भैया मैं तो अपने काम से मतलब रखता हूं। ये लोग क्या करते हैं हमें मतलब नहीं। वरिष्ठ रामेश्वर नागर और पार्षद दीपू परमार भी गमगीन हैं।

### शिवराज लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड कायम करेंगे: गौर

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गौर ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 2024 के लोकसभा चुनाव में देश में रिकॉर्ड कायम करेंगे। वहीं कांग्रेस में खलबली मची है। भोजपुर विदिशा क्षेत्र में कांग्रेस का कोई भी नेता प्रत्याशी बनने से कतरा रहा है। गौर ने बताया कि कांग्रेस से सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल या पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा के नाम चल रहे हैं।



गौर ने बताया कि हमारे नेता मार्गदर्शक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी श्रद्धा और भावना से पार्टी का काम करते हैं। पचौरी प्रमाणि और राजनीति के मजे नेता हैं। वे भाजपा में आकर अपनी सक्रियता से मजबूत और प्रभावशाली कार्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का दिल जीत कर अपना स्थान बनाएंगे।

## श्री आदिश्वर दिगम्बर जिनालय में दो दिवसीय जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव शुरू

# ध्वजारोहण के साथ निकली घटयात्रा, भगवान का अभिषेक और शांतिधारा कर की महाआरती, मुनिश्री के हुए प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के समीपस्थ नटराज कॉलोनी स्थित श्री आदिश्वर दिगम्बर जिनालय तीन दिवसीय जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को ध्वजारोहण और घटयात्रा के साथ हुआ।

श्री दिगम्बर जैन विद्यायतन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि नटराज कॉलोनी में नवीन जैन मंदिर का निर्माण कार्य कराया गया है, जिसमें तीन दिवसीय जिनबिम्ब महोत्सव आचार्य श्री विधासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य प्रथम निर्यापक मुनिश्री समय सागर महाराज, निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर महाराज व मुनिश्री निर्णय सागर महाराज के अशीर्वाद से वस्तुविद भैया जयदीप शास्त्री के निर्दशन में किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रातः 7 बजे मंदिर परिसर से घटयात्रा निकाली गई, जो नेशनल हाइवे के विभन्न क्षेत्र से होते हुए पुनः आयोजन स्थल पहुंची। जहां ध्वजारोहणकर्ता सुबोध जैन परिवार ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। इस दौरान प्रमुख पात्रों द्वारा भगवान की अभिषेक व शांतिधारा की गई। षाम को महाआरती की गई।



### दान से ही मोक्ष की राह खुलती है



प्रवचन के दौरान वस्तुविद जयदीप शास्त्री ने कहा कि ससांर में दान से ही मोक्ष की राह खुलती है। पापों का क्षय होता है, पर जरूरी नहीं है कि जिसके पास धन नहीं है, वह दान नहीं कर सकता। वह अपने समय का, भावों का भी दान कर सकता है। उन्होंने कहा कि मन की एकाग्रता के लिए ध्यान जरूरी है। संसार में आज ध्यान की बहुत गुंज हो रही है, जगह-जगह ध्यान शिविर लग रहे हैं, क्योंकि मनुष्य तनाव में अशांति के दौर से गुजर रहा है। इसलिए ध्यान उसे मानसिक शांति देता है। ध्यान ही सर्वोत्तम तप है, इसलिए सम्यक ध्यान से परमात्मा तक पहुंचा जा सकता है। कष्ट से जो वस्तु प्राप्त होती है, वह अधिक शांति देती है, लेकिन आज आदमी कष्ट उठाना नहीं चाहता है, इसलिए तो उनके शरीर रोगग्रस्त बन रहे हैं। एक रोगी व्यक्ति कैसे शांति पा सकता हैं। इसलिए ध्यान का मूल स्वरूप को समझे और उसके अनुकूल पद्धति को अपनाएं बिना कभी किसी को मुक्ति नहीं मिली हैं। अतः ध्यान से अपनी जीवन पद्धति धर्ममय बनानी होगी तभी मन, बुद्धि व चित पावन हो पाएंगे। हमारा ध्यान वास्तविक रूप से तन और मन दोनों को निर्मल करेगा। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ विमल जैन, कमेटी के विनोद जैन, विजय जैन, विकास जैन, अजीत जैन, वीरेन्द्र जैन, मुकेश जैन, सुनील काला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



### रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन, दी शुभकामनाएं

**औबेदुल्लागंज।** रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को मिडवे ट्रीट पर रखा गया। कार्यक्रम आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत कार्यकारिणी सदस्य छात्र नेता अभिषेक सेन द्वारा किया गया, जिसमें सभी छात्राओं को वरिष्ठ पत्रकारों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं सब ने एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ 24 घंटे संचालित

# सीईओ राजन ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने शुक्रवार को राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। राजन ने कहा कि चुनाव से संबंधित विशेष घटनाओं की जानकारी तुरंत भेजें। घटनाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी तुरंत मीडिया में जानी चाहिए। राजन ने कहा कि अभ्यर्थियों की ओर से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर किए जा रहे प्रचार के व्यय की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने सोशल मीडिया पर किए जा रहे प्रचार में मॉनिटरिंग की विस्तार से जानकारी ली। मप्र में 16 मार्च से लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। लोकसभा निर्वाचन के दौरान पेड



न्यूज संबंधी मामलों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय अखबारों में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित और सोशल मीडिया में चल रही खबरों की 24 घंटे सतत मॉनिटरिंग, रिकॉर्डिंग की जा रही है। राज्य स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ, राज्य नोडल अधिकारी, आयुक्त जनसम्पर्क संदीप यादव के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है।

### राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, निर्वाचन सदन, अरेरा हिल्स, भोपाल में राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ (स्टेट लेवल एमसीएमसी सेल) कार्य कर रहा है। इस प्रकोष्ठ में जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम तीन पारियों में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की खबरों की सतत निगरानी कर रही है। यह कार्य प्रतिदिन तीन पारियों में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक और रात्रि 10 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक निर्बाध रूप से निरन्तर किया जा रहा है। राज्य स्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ नर्मदा भवन में संचालित है।*

### डॉ. एचएल चौधरी को मुख्य नोडल अधिकारी बनाया गया

न्यूज मॉनिटरिंग एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिए अपर संचालक जनसम्पर्क डॉ. एचएल चौधरी को मुख्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। समाचार पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचारों एवं मीडिया रिपोर्ट्स की कतरनों के संधारण कार्य के लिए भी सुबह 6 से शाम 6 बजे तक के लिए अधिकारी, कर्मचारी तैनात किए गए हैं। तीनों पारियों के लिए आकस्मिक एवं वैकल्पिक व्यवस्था के लिए रिजर्व अधिकारी और कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं।

### 14 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्रियां जब्त

*भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता 16 मार्च से प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। सीईओ राजन ने बताया कि 21 मार्च तक 14 करोड़ 22 लाख 98 हजार 274 रुपए मूल्य की विभिन्न सामग्रियां जब्त की गई हैं। इनमें 3 लाख 11 हजार 371 लीटर मदिरा जब्त की गई है।*

### प्रदेश के 52 जिलों में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन पूरा

*भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनपुम राजन ने बताया कि मप्र के 52 जिलों में प्रथम रेंडमाइजेशन पूरा हो गया है। शुक्रवार को 18 जिलों में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। इससे पूर्व 21 मार्च को 34 जिलों में की गई थी। राजन ने बताया कि यह प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में हुई।*

## खबर संक्षेप

### बीयू के हेयर रिमूवल आयुर्वेदिक फॉर्मूला को मिला पेटेंट

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के फार्मेसी विभाग ने हेयर रिमूवल के लिए एक आयुर्वेदिक फार्मूला तैयार किया है। इस फामूर्ले से शरीर के किसी हिस्से के बाल आसानी से कुछ ही पलों में किसी टिश्यू पेपर से साफ किए जा सकेंगे। इस फार्मूले के लिए विभाग को हाल ही में भारत सरकार द्वारा पेटेंट भी प्रदान किया है। इस शोधकार्य को शोधार्थी स्टेफी थामस ने डॉ. अश्विनी मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष प्रो. रागिनी गोथलवाल के निर्देशन में पूर्ण किया है। विभाग के इस महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए बीयू के कुलगुरू प्रो. एसके जैन ने बधाई दी है। इसीलिए देश के तीन प्रतिष्ठित कलाकारों को बुलाकर यह कार्यशाला आयोजित की गई।

### एनआईटीटीटीआर और बड़ोदरा विवि के बीच हुआ एमओयू

**भोपाल।** राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) ने गतिशक्ति यूनिवर्सिटी बड़ोदरा के साथ एमओयू किया है। इस एमओयू पर एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी एवं गतिशक्ति यूनिवर्सिटी बड़ोदरा के वाईस चांसलर डॉ मनोज चैधरी ने हस्ताक्षर किए। प्रो.सीसी त्रिपाठी ने में कहा कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नेशनल एजुकेशन पालिसी 2020 की मूल भावना के उद्देश्यों की पूर्ति करने में मल्टी डिसीप्लीनरी एप्रोच के साथ काम करेंगे। आज चुनौतियों को अवसर में बदलने सभी संस्थानों, इंडस्ट्रीज की विशेषज्ञता एवं संसाधनों का परस्पर सहयोग जरूरी है।

### एआईसी-आरएनटीयू इनक्यूबेशन सेंटर का किया भ्रमण



**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के इनक्युबेशन सेंटर 'उद्गम' के अंतर्गत विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अटल इनक्युबेशन सेंटर आरएनटीयू में स्थित सेंटर फॉर इनक्यूबेशन फॉर एंटरप्रेन्योर एंड स्टार्ट अप का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसमें एआईसी-आरएनटीयू के शुभम नेमा, इनक्युबेशन ऑफिसर ने प्रोटोटाइप लैब में 3डी प्रिंटर एवं पीसीबी प्रिंटिंग मशीन जैसी तकनीकों का प्रदर्शन किया तथा इंक्युबेटर द्वारा तैयार किए गए प्रोटोटाइप्स के बारे में जानकारी दी।

### बच्चों ने सीखे बांस क्राफ्ट पॉटरी मेकिंग के हुनर



**भोपाल।** राजधानी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 में पीएम श्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत पॉटरी मेकिंग और बांस क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त कलाकार धर्मेंद्र रोहर, मीना वर्मा ने बांस क्राफ्ट और सुप्रसिद्ध पॉटरी आर्टिस्ट निधि चौपड़ा के साथ मिलकर विद्यालय के कला शिक्षक अशोक वर्मा ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। उप प्राचार्य अंजना धनराजू ने कहा कि इससे बच्चों को लोक कलाओं और संस्कृति से जोड़ने का सफल प्रयास किया जा रहा है।

इलेक्टोरल बॉन्ड व भोजशाला पर दिग्विजय सिंह के बयान पर बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# कोर्ट की अवमानना के साथ देश प्रदेश का माहौल बिगाड़ रहे कांग्रेस के नेता : शर्मा

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा: भाजपा से कम सांसद होने के बाद भी इंडी गठबंधन को ढाई गुना अधिक चंदा मिला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड एवं भोजशाला मामले को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पलटवार किया है।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश और प्रदेश में जब भी चुनाव होते हैं, कांग्रेस हार के डर से ईवीएम, जांच एजेंसी एवं न्यायालय पर सवाल खड़ा करती है। केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा करना, आंतकियों का समर्थन करना, कोर्ट के फैसलों पर आपत्ति करना और देश विरोधियों का साथ देना कांग्रेस और दिग्विजय सिंह का मूल चरित्र रहा है। शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है और कांग्रेस पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए दिग्विजय सिंह भोजशाला को मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके सर्वे का आदेश न्यायपालिका ने दिया है।

#### दरकने लगी कांग्रेस की जमीन

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने जो अपनी राजनीतिक जमीन तैयार की थी, वो उसे दरकती दिखाई दे रही है। कांग्रेस से जनता तो क्या उसके नेताओं का ही मोहभंग होने लगा है और हर दिन बड़ी संख्या में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। जिनमें मुस्लिम वर्ग के नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हैं।*

#### कांग्रेस बताए उसने कहां से वसूली की

*शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं के संज्ञान में रहना चाहिए कुल 20 हजार करोड़ के चुनावी बॉन्ड में से भाजपा को 303 सांसद होने के बाद भी सिर्फ 6 हजार करोड़ मिले हैं। बॉन्ड को वसूली कहने वाले दिग्विजय सिंह बताएं कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड की वसूली कहां-कहां से की है।*

#### नकद राशि लेकर काले धन को बढ़ावा

*प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल के नेता राजनीतिक चंदा नकद में लेते हैं और उसे अपने जेब में रखकर काले धन को बढ़ावा देते हैं। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों की भ्रष्ट कार्यशैली ऐसी थी कि 1100 रूपए चंदे के नाम पर लेते थे और 100 रूपए ही पार्टी में जमा करते थे और बाकी बचे 1000 रूपए अपने स्विस बैंक के काले खातों में जमा कराते थे।*

#### राहुल गांधी के रहते कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी जैसे नेता के होते हुए कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है।



कांग्रेस के विचारवान नेता कांग्रेस छोड़-छोड़कर जा रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस स्थिति ऐसी है कि, विनाशकाले विपरीत बुध्दि। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान शुक्रवार को सांची विधानसभा के ग्राम खरबई में प्रबुध्दजन सम्मेलन और आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं इस पावन धरा को बारंबार प्रणाम करता हूं, मेरा यह सौभाग्य है की एक बार फिर मुझे यहां की जनता की सेवा का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि, शक्ति से लड़ूंगा, हमारी शक्तियां तो साक्षात दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती है, इनसे क्या लड़ोगे। कांग्रेस में अब कुछ नहीं बचा है, सारे एक तरफ आ जाएं तो दूसरी पार्टी की जरूरत ही नहीं है।

#### हमें भ्रष्टवादी लोगों का पूर्णतः समापन करना है: सिंधिया

**भोपाल।** सिंधिया ने कहा कि अमृतकाल के सफर पर भारत चल पड़ा है और अगर भारत चल पड़ा है तो मेरा शिवपुरी, गुना, अशोकनगर भी चल पड़ा है। ये केवल मोर्चे नहीं है बल्कि एक किला है और इस किले के ये सभी सेनापति हैं। ये राजनैतिक चुनाव नहीं है, ये मां भारती के लिए संग्राम है। हमें अवसरवादी और भ्रष्टवादी लोगों का पूर्णतः समापन करना है। यह बात केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को शिवपुरी में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, मातृशक्ति सम्मेलन एवं आईटी व सोशल मीडिया की बैठक में कही। इस दौरान उन्होने कहा कि आपका हर सपना मेरा संकल्प है, आप केवल मेरे कार्यकर्ता नहीं आप मेरे सेनापति हो, मेरे परिवार के सदस्यगण हो और जीवन की आखिरी सांस तक आपका विकास, प्रगति, रखवाली ज्योतिरादित्य सिंधिया के जिम्मे रहेगी।



संघ की बैठक में दी गई मध्यभारत प्रांत की जानकारी

## मध्यभारत में तेजी से बढ़ रहा संघ 2756 शाखाएं हो रही संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नागपुर में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संपूर्ण देश के संघकार्य का वृत्त प्रस्तुत किया गया। प्रांत संघ चालक अशोक पाण्डेय ने बताया कि मध्यभारत प्रान्त में संघ की रचना से महानगरीय एवं ग्रामीण जिलों के 1763 स्थानों पर 2756 शाखाएं चल रही हैं। जिनमें महानगर में 37 स्थानों पर 432 एवं ग्रामीण जिलों में 1726 स्थानों पर 2324 शाखाएं चल रही हैं। साथ ही 513 स्थानों पर 528 साप्ताहिक मिलन के रूप में संघकार्य चल रहा है।

#### गौरवशाली अध्याय शुरू होने के संकेत

संघ ने प्रतिनिधि सभा में राम मंदिर के संदर्भ में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया है। 'श्रीराममन्दिर से राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ओर' शीर्षक से पारित प्रस्ताव में प्रतिनिधि सभा ने आग्रह किया है कि 'रामराज्य' की संकल्पना को साकार करने नागरिकों के जीवन एवं उनके सामाजिक दायित्व में प्रतिबद्धता दिखनी चाहिए। श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप समरस, सुगठित राष्ट्रजीवन खड़ा करने में नागरिकों को योगदान देना चाहिए। संघ का मानना है कि श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा घटना भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारंभ होने का संकेत है।

नाम पट्टिकाए हटाने, दीवारों से चिन्ह मिटाने पर लगे रोक

## भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग कार्यालय में मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से पन्ना तहसीलदार और पन्ना तथा मंदसौर के कलेक्टर द्वारा जनप्रतिनिधियों की नाम पट्टिकाओं को हटाने और निजी दीवारों पर पार्टी के चिन्ह को मिटाने की कार्यवाही तत्काल रोकने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल ने शिकायत में कहा है कि ये अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर नामपट्टिकाओं को हटाने के साथ निजी दीवारों पर लिखे गए पार्टी के नारे, स्लोगन पुताई करा रहे हैं। जबकि आदर्श आचार संहिता में स्पष्ट है कि ऐसे लाभार्थी कार्ड, निर्माण स्थल पट्टिका आदि पर राजनैतिक पदाधिकारियों के फोटो पर कोई आपत्ति नहीं है, जो निर्वाचन की घोषणा के पहले निर्मित किए गए हों। वहीं किसी भी प्रकार से प्राइवेट दीवारों पर की गई पुताई या चिन्हों को नहीं हटाना है, जो भवन स्वामी की सहमति से पोता या लिखा गया हो।

चेतावनी दी कि सुधर जाओ, नहीं तो हम सुधार देंगे

## वीडियो कॉल कर निगम कमिश्नर ने दिखाई गंदगी, दो अधिकारियों को थमाए नोटिस

**आयुक्त हरेंद्र ने स्वास्थ्य एवं उद्यान के अमले को फील्ड में रहने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने शुक्रवार को एक बार शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर गंदगी और कचरे के ढेरों के पास जाकर स्वास्थ्य अधिकारियों को वीडियो कॉल किया। वहीं से उन्होंने गंदगी और कचरे के ढेरों को दिखाते हुए दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया और अन्य अधिकारियों को चेतावनी दी कि सुधर जाओ नहीं तो हम सुधार देंगे।

उन्होंने अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज अंडर ब्रिज, नर्मदापुरम मार्ग में साइड वर्ज, सेंट्रल वर्ज, ओवर ब्रिज के नीचे एवं उद्यान में गंदगी और कचरे के ढेर पाए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन 13 एवं उद्यान अधीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नए नगर निगम कमिश्नर की प्रणाली को अभी तक



कोई अधिकारी समझ नहीं पाया था, जिससे वो कमरों में बैठकर ही जानकारी लेते थे। यह पहले कमिश्नर हैं, जो गंदगी और कचरे की हकीकत को जानने के लिए शहर में घूमते हैं और अधिकारियों को वीडियो कॉल करते हैं।

#### जोन के चप्पे-चप्पे को सप्ताह में दो बार देखें

निगम कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जोन का चप्पा-चप्पा सप्ताह में दो बार अनिवार्य रूप से देखने जाएं। स्वास्थ्य एवं उद्यान का समस्त अमला फील्ड में दिखे, साथ ही अधिकारियों को नसीहत दी कि बारीकी से अपनी कमियां ढूढे और शीघ्रता से दूर करें।

## बढ़ती आबादी के साथ कम होते जा रहे हैं जलस्रोत

**भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित जल दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो खेम सिंह डहेरिया, कुलपति, अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जेपी शुक्ला, मुख्य वैज्ञानिक एम्प्री उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित सतत विकास के लक्ष्य में छठवें नंबर का लक्ष्य हमारा स्वच्छ जल ही है। इस धरती पर तीन प्रतिशत पानी ही मीठा पानी है। उन्होंने कहा प्रकृति का हमें रक्षण करना होगा। जिससे वर्षा जल मिलता है, ऐसे वनों का रक्षण करना भी जरूरी है। बढ़ती आबादी के साथ-साथ हमारे जल स्रोत कम होते जा रहे हैं।

ऐशबाग के अर्जुन नगर का मामला

## दुकान के सामने गंदगी निगम कर्मचारी को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर में चाय की दुकान वाले ने नगर निगम के ड्राइवर की पिटाई कर दी। दरअसल, ड्राइवर, सुपरवाइजर और वार्ड प्रभारी के साथ दुकानों की रूटीन चेकिंग करने पहुंचा था। इस दौरान चाय की दुकान के बाहर गंदगी नजर आई। दुकानदार से गंदगी साफ कराने की बात कही तो वह भड़क गया और उसने नगर निगमकर्मी से मारपीट कर दी। आरोपी ने नगर निगमकर्मी को जातिसूचक शब्द भी कहे है। पुलिस ने नगर निगमकर्मी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, राकेश मकोरिया, नगर निगम की गाड़ी चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना करते हुए बताया कि गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास वह वार्ड प्रभारी, सुपरवाइजर समेत अन्य कर्मचारियों के साथ अर्जुन नगर, ऐशबाग सलमान की चाय की दुकान पर पहुंचे थे। इस दौरान दुकान के बाहर गंदगी मिली। राकेश मकोरिया ने बताया कि उनके हाथ में चालान काटने वाली मशीन थी और उन्होंने सलमान से कहा कि दुकान के आसपास सफाई करा लेना नहीं तो चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसी बात को लेकर राकेश और सलमान के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर सलमान ने राकेश के साथ मारपीट कर दी। राकेश ने बताया कि सलमान की दुकान पर पूर्व में भी गंदगी मिलने के कारण नाटिस दिया जा चुका है।

### राजधानी एक्सप्रेस में एक यात्री की सीट पर दूसरे यात्री ने रखा सामान, चलती ट्रेन में हुआ विवाद

**भोपाल।** बैंगलुरु से हजरत निजामुद्दीन जा रही गाड़ी संख्या 22691 राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच में यात्रियों के बीच सीट को लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। चलती ट्रेन में ही कुछ देर में यात्रियों के मारपीट भी शुरू हो गई। इसके चलते कोच के अन्य यात्रियों में दहशत का माहौल देखने को मिला।

इस दौरान कोच में सवार अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। तो कुछ देर के लिए मामला शांत हो गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार, राजधानी एक्सप्रेस के बी-2 कोच की 56 नंबर बर्थ में सात्विक कुमार दिल्ली के लिए सफर कर रहे थे। वह श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम स्टेशन से ट्रेन में सवार हुए। तो वहीं इसके पहले किसी अन्य यात्री ने पहले से ही उनकी बर्थ पर सामान रखा हुआ, जिसको सात्विक कुमार ने हटाने को कहा, लेकिन दूसरे यात्री ने सामान हटाने से मना कर दिया। जिसको लेकर विवाद शुरू हो गया। इस दौरान ट्रेन नागपुर डिवीजन में चल रही थी। इसके बाद यात्री ने नागपुर डिवीजन में आरपीएफ को शिकायत की। इसके बाद आरपीएफ ने मामले को संज्ञान में लिया। इस दौरान ट्रेन भोपाल डिवीजन में पहुंच गई थी। जिसके बाद नागपुर आरपीएफ ने भोपाल मंडल आरपीएफ स्टाफ को मामले के निराकरण कराने के लिए कहा। इसके बाद ट्रेन के इटारसी स्टेशन पर पहुंचने के बाद आरपीएफ स्टाफ ने दोनों पक्ष को समझाइश दी। तब जाकर मामला शांत हुआ।

एम्स में जन्मजात विकारों की शीघ्र पहचान के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

## क्लेक्ट लिप, क्लेफ्ट पेलेट और क्लब फुट मुक्त हुआ भोपाल: डॉ. प्रभाकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरबीएस के दलों एवं जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के प्रयासों से भोपाल जिले को क्लेक्ट लिप, क्लेफ्ट पेलेट एवं क्लब फुट मुक्त किया जा चुका है।

भोपाल में जन्मजात विकृतियों के 1700 से अधिक बच्चों को निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। इसमें क्लब फुट, क्लेक्ट लिप-क्लेफ्ट पेलेट, मोतियाबिंद के हार्ट सर्जरी, कॉक्लियर इंप्लांट बीमारियां शामिल हैं। यह जानकारी एम्स में शिशुओं में जन्मजात विकारों की शीघ्र पहचान हेतु आयोजित प्रशिक्षण में सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम दल के सदस्यों व एएनएम को जन्मजात दोषों की पहचान एवं प्रबंधन के बारे में एम्स के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।



आयोग ने अपर मुख्य सचिव-आयुक्त को दिए जांच के निर्देश, रिपोर्ट भी तलब

## बुजुर्गों के फिंगर प्रिंट घिस जाने से नहीं मिल रहा आयुष्मान योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में बीते एक माह में हमीदिया अस्पताल सहित मेडीकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में 35 हजार से ज्यादा आयुष्मान केस रिजेक्ट किए गए हैं। इसका मुख्य कारण फिंगर प्रिंट स्कैन न होना है। बुजुर्गों के फिंगर प्रिंट घिस जाने के कारण उनको आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सा शिक्षा तथा आयुक्त, संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सा शिक्षा, को जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए वैकल्पिक उपायों के उपयोग की संभावना के संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में जवाब मांगा है।

#### युवती का शारीरिक शोषण कर छोड़ा

*हबीबगंज थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा देने के लिये छतरपुर से भोपाल आई छात्रा के साथ जनत कॉलोनी निवासी एक युवक द्वारा दुराचार कर शादी के वादा से मुकर जाने और उसे छोड़ देने का मामला सामने आया है। आयोग ने पुलिस कमिश्नर से जांच कराकर की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में जवाब मांगा है।*

#### शिक्षिका पर 50 थप्पड़ मारने का आरोप, जांच के निर्देश

भोपाल के ऐशबाग थानाक्षेत्र में एक कोचिंग की शिक्षिका द्वारा सातवीं के छात्र को 50 थप्पड़ मारने के आरोप के मामले में आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में जवाब मांगा है।

### व्यापमं: पीएमटी परीक्षा घोटाले में 7 आरोपियों को 7 साल की सजा

**भोपाल।** मप्र व्यावसायिक परीक्षा मण्डल ( व्यापमं ) द्वारा वर्ष 2008 एवं 2009 में आयोजित की गई प्री मेडीकल टेस्ट (पीएमटी) परीक्षा घोटाला मामले के आरोपी प्रशांत मेश्राम, अजय टेगर, अनिल चौहान, हरिकिशन जाटव, शिवशंकर प्रसाद ,अमित बड़ोले और सुलवंत मौर्ये को सीसीबीआई के विशेष न्यायाधीश नीति राज सिंह सिसोदिया की अदालत ने दोषी ठहराते हुए 7 -7 वर्ष के सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मामले में एसटीएफ की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने पैरवी की। अभियोजन के मुताबिक मप्र व्यापमं द्वारा वर्ष 2008 एवं 2009 में प्री मेडीकल टेस्ट (पीएमटी) का आयोजन किया गया था। उपरोक्त परीक्षा में आरोपियों ने अपने स्थान पर अन्य व्यक्तियों / प्रतिरूपकों को परीक्षा में बैठा कर लिखित परीक्षा पास कर गांधी मेडीकल कॉलेज भोपाल में एमबीबीएस पाठयक्रम में प्रवेश प्राप्त किया था।




हरिभूमि
भोपाल, शनिवार
23 मार्च 2024
haribhoomi.com

## लोकसभा और विधान सभा चुनावों में गठजोड़ की रणनीति

# ओडिशा में बीजू जनता दल से नहीं बनी समझौता की बात, भाजपा ने किया लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान

ओडिशा में भाजपा और बीजेडी के बीच सीटों पर समझौता नहीं हो पाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर/ नई दिल्ली

ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी और बीजू जनता दल के बीच विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए सीटों पर समझौता नहीं हो पाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और बीजेडी के बीच सीटों पर समझौते की बात चल रही थी और दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर लगातार अटकलें चल रही थी, लेकिन शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के बयान के बाद यह साफ हो गया है कि ओडिशा में भाजपा और भाजपा के बीच सीटों का समझौता नहीं हो रहा है। ओडिशा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने ट्वीट किया कि विगत 10 वर्षों से नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा की बीजेडी मोदी सरकार के अनेक राष्ट्रीय महत्व के प्रसंगों में समर्थन देती आई है, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।

- पटनायक के नेतृत्व में बीजेडी मोदी सरकार की मददगार
- प्रदेश अध्यक्ष ने उनका आभार भी व्यक्त किया

**भाजपा बोली- 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करेंगे**




### प्रदेशाध्यक्ष समाल बोले-हम विकसित ओडिशा बनाएंगे

उन्होंने कहा कि अनुभव में आया है कि देशभर में जहां भी डबल इंजन की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। समाल ने कहा कि ओडिशा-अस्मिता, ओडिशा गौरव और ओडिशा के लोगों के हित से जुड़े अनेकों विषयों पर हमारी चिंताएं हैं। उन्होंने कहा कि 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पिछले कुछ समय से ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक की पार्टी के एनडीए में शामिल होने को लेकर काफी अटकलें थी, लेकिन अब मामला साफ हो गया है।

**भाजपा की लोकसभा की चौथी सूची जारी**

## तमिलनाडु और पुडुचेरी के 15 उम्मीदवार घोषित



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीते दिनों भाजपा ने अपने 9 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी। अब पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। तीसरी और चौथी दोनों ही प्रत्याशियों की लिस्ट में भाजपा ने दक्षिण भारत की सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए थे। आज पार्टी ने अपनी नई लिस्ट में तमिलनाडु के 14 और पुडुचेरी का एक प्रत्याशी घोषित कर दिया है।तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 अप्रैल को पहले ही चरण में वोटिंग होनी है। ऐसे में पार्टी ने ताबड़तोड़ तरीके से इन दोनों ही राज्यों से अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं। भाजपा इन चुनावों में दक्षिण भारत के कई राज्यों में अपने बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही थी। पुडुचेरी लोकसभा सीट पर भाजपा ने ए. नमस्सिवायम को अपना प्रत्याशी बनाया है। यह सीट फिलहाल कांग्रेस के पास है। यहां से कांग्रेस के केवी वैथिलिंगम सांसद हैं, कांग्रेस ने एक बार फिर उन्हें मौका दिया है, जिसके चलते भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है।

### उपचुनाव के लिए घोषित किए प्रत्याशी

इसके साथ ही भाजपा ने तमिलनाडु की विलावनकोड और त्रिपुरा की रामनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव सीट के लिए भी प्रत्याशी घोषित किए हैं। रामनगर सीट से दीपक मजूमदार को प्रत्याशी बनाया गया है तो विलवनकोड सीट से वी एस नंथिनी को अपना कैंडिडेट बनाया है।

### सूची में ये नाम शामिल

पार्टी ने तिरुवल्लूर सीट से पोन वी बालगणपति, चेन्नई नॉर्थ से आरसी पॉल कनगराज, तिरुवन्नामलाई से आश्वथामन, नमक्कल सीट से केपी रामलिंगम, तिरुप्पुर से एपी मुरुगानंदम, पोलची से केवसंतराज, करूर से वीवीसेंथिलनाथन, चिदंबरम एससी सीट से पी कार्थियायिनी, नागापट्टिनम से एसीएम सुरेश, तंजावुर से एम मुरुगानंदनम, देवनाथ यादव शिवगंगा सीट, रामश्रीनिवास मदुरै सीट से, विरुधुनगर से राधिका सरथकुमार, तेनकासी एससी सीट से बी जॉन पांडियन को भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किया है।

**कांग्रेस को बड़ा झटका**

### राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने दिया इस्तीफा



लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अहमदाबाद पूर्व सीट से लोकसभा उम्मीदवारी वापस ली थी। गुप्ता ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। रोहन ने कहा कि उनके पिता के साथ पार्टी ने विश्वासघात किया। उनके साथ ही ऐसा ही किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजी चिट्ठी में उन्होंने कांग्रेस के एक वामपंथी विचारधारा वाले नेता को जिम्मेदार माना है।

**उधर, सुक्खू सरकार की मुश्किलें और बढ़ीं**

### 3 निर्दलीय विधायकों ने स्पीकर को सौंपा इस्तीफा



राजनीतिक गहमागहमी के बीच हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा पहुंचकर अपना इस्तीफा दिया। निर्दलीय केएल ठाकुर, होशियार सिंह और आशीष शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मुलाकात कर अपना इस्तीफा विधानसभा सचिव को सौंपा। निर्दलीयों ने कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता के हित में विधायक पद से इस्तीफा दिया है। कहा कि भाजपा से विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। भाजपा की ओर से जल्द टिकट तय होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है।

**अब 9 सीटों पर होंगे विधानसभा उपचुनाव**

तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र से राज्य की राजनीतिक में फिर से नए समीकरण बनने के आसार हैं। इनके इस्तीफे से खाली हुई विधानसभा सीटों पर भी चुनाव होंगे। अब कुल 9विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होना तय है।

### खरगे की सीट से कांग्रेस ने उनके दामाद डोड्डामणि को बनाया उम्मीदवार



कांग्रेस ने गुरुवार को लोकसभा उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, जिससे यह काफी हद तक साफ हो गया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूची में कांग्रेस ने खरगे की पारंपरिक सीट गुलबर्गा से उनके दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को चुनाव मैदान में उतारा है। खरगे 2009 और 2014 में गुलबर्गा से लोकसभा पहुंचे थे। हालांकि, 2019 में खरगे हार गए थे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने सफाई दी और कहा कि खरगे के पास कई जिम्मेदारियां हैं।

**सीपीआई ने किया बड़ा ऐलान**

### बेगूसराय से कन्हैया कुमार नहीं होंगे इंडि गठबंधन के उम्मीदवार



2019 में बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कन्हैया कुमार का इंडी गठबंधन (बिहार में महागठबंधन) से टिकट कट गया है। सीपीआई ने पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय को उम्मीदवार बनाया है। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने इसकी घोषणा कर दी है। पटना में शुक्रवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद से हरी झंडी मिलने के बाद ही सीपीआई ने इस सीट से प्रत्याशी के नाम का ऐलान किया।

**पल्लवी का बड़ा बयान**

### एनडीए से ऑफर मिला तो विचार करेंगे



समाजवादी पार्टी से अपना दल कमेरावादी का गठबंधन टूटने के बाद पल्लवी पटेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर एनडीए से ऑफर मिला तो हम इस पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन हमारे साथ वही कर रहा है जो नीतीश कुमार के साथ किया। हमने तीन सीट गठबंधन के सहयोगियों से चर्चा के बाद घोषित की थी। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश से नाता तोड़ लिया था। उन्होंने कहा कि एनडीए से ऑफर आया तो सोचेंगे। हमें राजनीति करनी है।

**अन्नाद्रमुक ने किया बड़ा वादा**

### पूरे देश की महिला मुखियाओं को देंगे 3000 रुपए प्रति माह



लोकसभा चुनाव से पहले कई पार्टियां लोकलुभावन वादे कर रही हैं। कोई फ्री बिजली देने का वादा कर रही है, तो कोई युवाओं को सरकारी नौकरी। इस बीच एक पार्टी ने महिलाओं को मासिक सहायता देने की घोषणा की है।अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें पार्टी ने अन्य बातों के अलावा देश भर में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को 3,000 रुपए मासिक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने का वादा किया।

**केंद्र सरकार से करेंगे आग्रह**

पार्टी महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी द्वारा जारी घोषणापत्र में कहा कि पार्टी केंद्र से भारत में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह करेगी। 113 चुनावी आश्वासनों में राज्यों के लिए राज्यपालों की नियुक्ति, एनईईटी के लिए एक वैकल्पिक परीक्षा, चेन्नई में सुप्रीम कोर्ट की पीठ की स्थापना शामिल हैं।

**विज से मिलने घर पहुंचे सैनी**

### मैं नाराज नहीं, ऐसी बातें तो होती रहती हैं



हरियाणा में सियासी उलटफेर के बाद से नाराज चल रहे पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मिलने के लिए खुद सीएम नायब सैनी उनके अंबाला में आवास पर पहुंचे। विज ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

**सीएम शिंदे से की मुलाकात**

### शिंदे की शिवसेना से चुनाव लड़ेंगे एक्टर गोविंदा



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रहे गोविंदा दूसरी सियासी पारी शुरू करना चाहते हैं। उनकी पिछले दिनों महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात हुई थी और कयास लग रहे कि वे उत्तर पश्चिम मुंबई से लोकसभा चुनाव में उतरेंगे।

## खबर संक्षेप

### एल्विश यादव को कोर्ट से मिली जमानत



**नोएडा।** एल्विश यादव की जमानत याचिका पर 22 मार्च को कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एल्विश को जमानत दे दी है। एल्विश रेव पार्टी में सांपों के जहर की तस्करी के मामले में जेल में बंद थे। एल्विश के वकील प्रशांत राठी ने कहा था कि उन्होंने जमानत याचिका दाखिल की है। शुक्रवार को कोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के बाद उसे जमानत दी है।

### 2 बाइक पर सवार 6 को ट्रक ने कुचला, 4 मरे



**भोजपुर।** बिहार के भोजपुर में सड़क हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना पीरो थाना क्षेत्र के मनैनी छलका बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर हुई है। दो लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरो थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। ट्रक चालक इसके बाद आसानी से फरार हो गया है।

### मुंबई से गोरखपुर जा रही 'गोदान' में आग



**नासिक।** मुंबई से गोरखपुर जाने वाली गोदान एक्सप्रेस में आग लगने का मामला सामने आया है। ट्रेन मुंबई से चलकर महाराष्ट्र के नासिक रोड स्टेशन के पास पहुंची थी। गोदान एक्सप्रेस के आखिर वाली लगेज बोगी में अचानक आग लगी। दोपहर 3 बजे आग लगने की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर ट्रेन के बाकी हिस्सों को लगेज कम्पार्टमेंट से अलग कर दिया गया।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी ने 2024 का बड़ा एजेंडा दे दिया

# गलती की तो पड़ेगी मार... भ्रष्टाचार पर वार भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी हथियार

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ल ने कहा मोदी बर्दाश्त नहीं करते भ्रष्टाचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में गिरफ्तारी ने लोकसभा चुनावों का एजेंडा सेट कर दिया है। आप ने घोषणा कर दी है कि वह गिरफ्तारी के विरोध में पूरे देश में धरना-प्रदर्शन करेगी।

कार्यकर्ता 'मैं भी केजरीवाल' की तख्ती-बैनर लेकर केंद्र और भाजपा का विरोध कर रहे हैं। राहुल से लेकर प्रियंका गांधी तक ने इसे लोकतंत्र को दबाने की कार्रवाई बताया है। भाजपा का कहना है कि केंद्र भ्रष्ट नेताओं पर सख्त कार्रवाई कर रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी ने भ्रष्टाचार किया है तो उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

**विपक्ष को एक सूत्र में बांधने का एकमात्र एजेंडा 'भ्रष्टाचार' ही रह गया**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने कहा कि विपक्ष को एक सूत्र में बांधने का एकमात्र एजेंडा 'भ्रष्टाचार' ही रह गया है। केजरीवाल जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताते थे, राहुल, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद यादव और शरद पवार को भ्रष्ट बताते थे, आज वे उन्हीं के साथ खड़े हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उन्हें लगता है कि भ्रष्टाचार के मामले में अब उनका बचना संभव नहीं रह गया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र का हर वादा निभाया है। राम मंदिर बनवाना हो या 370 को समाप्त करना, तीन तलाक से मुक्ति हो या गरीबों का कल्याण करना, केंद्र सरकार ने अपना हर वादा निभाया है। पीएम ने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने का भी वादा किया था। केंद्रीय जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई करने की खुली छूट देकर केंद्र सरकार ने यही कार्य किया है।

**आप नेता कक्कड़ बोलीं**

#### केवल विपक्ष पर कार्रवाई क्यों?



आप नेता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार के नाम पर केवल विपक्ष को दबाने का काम किया जा रहा है। एजेंसियां केवल विपक्ष पर कार्रवाई कर रही हैं।

**सीएम मान बोले**

#### देश में अघोषित आपातकाल



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने केजरीवाल के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। देश में अघोषित आपातकाल के हालात हैं।

**आतिशी ने कहा**

#### ईडी को कोई सबूत नहीं मिले



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने गिरफ्तारी पर रोष जाहिर किया। उन्होंने अरेस्ट करने की नीति पर सवाल खड़े किए। दावा किया कि ईडी ने कोई सबूत पेश नहीं किए।

**भारद्वाज को हाईकोर्ट की फटकार**

#### आपको जेल भेज देंगे



दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप नेता सौरभ भारद्वाज को फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने क्लिनिकल प्रतिष्ठानों को रेगुलेट करने के लिए कानून बनाने पर न्यायिक आदेशों का पालन नहीं करने पर भारद्वाज को फटकारा।

#### उधर, कविता को नहीं मिली राहत



दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में बीआरएस नेता तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव की एमएलसी बेटी के. कविता को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली।

**राज्यपाल ने पोनमुडी को दिलाई शपथ**

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पोनमुडी कैबिनेट मंत्री बने



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी-द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के वरिष्ठ विधायक के. पोनमुडी को शुक्रवार को मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने पोनमुडी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शपथ दिलाई। राजभवन में संक्षिप्त शपथग्रहण समारोह हुआ। सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को यह कामयाबी मिली है। स्टालिन लंबे समय से पोनमुडी को अपनी कैबिनेट में शामिल करने का प्रयास कर रहे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने जताई थी चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में फिर से शामिल करने से इनकार करने को लेकर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि के आचरण पर गुरुवार को गंभीर चिंता व्यक्त की थी। राज्यपाल को 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

### रवि ने आमंत्रित किया

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने डीएमके नेता के. पोनमुडी को मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित करने पर अपनी सहमति दे दी।

**यूपी, दिल्ली, राजस्थान और छग शामिल**

## कदाचार में 'लिप्त' 10 राज्यों के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने देश के अलग-अलग राज्यों के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इन स्कूलों में नियम विरुद्ध आचरण करने के साथ कदाचार में लिप्त रहने के आरोप हैं। उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश, केरल और उत्तराखंड के स्कूलों पर कार्रवाई की है।

### परीक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन

दिल्ली, पंजाब और असम के तीन स्कूलों की मान्यता को डाउनग्रेड यानी घटा दिया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुताबिक जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है, इनमें डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के प्रमाण मिले हैं। सचिव हिमांशु गुप्ता ने 22 मार्च को जारी बयान में कहा, क्या स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं? यह जांचने के लिए देश भर के सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों में औचक निरीक्षण किया गया।

**सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने कही यह बात, राज्य सरकार को नोटिस जारी**

## शीर्ष कोर्ट परामर्श प्रक्रिया के दिशा निर्देश तय करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालत राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए निर्धारित परामर्श प्रक्रिया से जुड़े व्यापक दिशानिर्देश जारी करेगी।

मुख्यमंत्रियों, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों और विपक्ष के नेताओं की ओर से ली जाने वाली परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश तय करने से पहले सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति से जुड़ी याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि नियुक्ति से पहले प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया।



**मध्यप्रदेश में लोकायुक्त नियुक्ति का मामला सुप्रीम**

### देशव्यापी असर को देखते हुए कुछ तौर-तरीके तय करेंगे

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस मुद्दे के देशव्यापी असर को देखते हुए कुछ प्रक्रियागत तौर तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा कि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर तरीके तय करने होंगे। आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि उनसे सिर्फ यह कहा जाए कि उम्मीदवार को अपनी सहमति दे दें। इसका देशव्यापी प्रभाव है। ऐसे में हमें कुछ मानदंड तय करने होंगे अन्यथा समिति में नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

**एमपी के नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने दाखिल की है याचिका**

*पीठ मध्य प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें राज्य में लोकायुक्त के पद पर जस्टिस (सेवानिवृत्त) सत्येंद्र कुमार सिंह की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि एलओपी से परामर्श नहीं किया गया। सिंघार के वकील कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का पूरी तरह से मजाक बताया। प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेजी गई थी।*

# अमेरिका में 25 मार्च से निकलेगी राम मंदिर रथ यात्रा

**60 दिन में 48 राज्य 851 मंदिरों तक जाएगी**


अयोध्या के राम मंदिर का फाइल फोटो

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो से शुरू होने वाली राम मंदिर रथ यात्रा दो महीने तक चलने वाली है, जिसमें भारी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) इस यात्रा का आयोजन कर रहा है। वहीं रथ यात्रा के कनाडा खंड का आयोजन कनाडा के विश्व हिंदू परिषद कर रहा है, जो अलग तरह का कार्यक्रम होगा। दर्जनों स्वयंसेवकों ने वीएचपीए के साथ पंजीकरण कराया है। यात्रा के दौरान, जनवरी में अमेरिका में राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले मंदिरों को भी भागीदारी का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।



- कनाडा में रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा करेगी
- अमेरिका में पहली बार राम मंदिर रथ यात्रा का हो रहा आयोजन
- 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन राम रथ यात्रा का होगा समापन
- 851 अमेरिका के मंदिरों को करेगी कवर
- 150 कनाडा के मंदिरों तक जाएगी
- 8 हजार मील की दूरी तय करेगी
- शिकागो से शुरू होगी रथ यात्रा

### यह भी विशेष

- रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित और सशक्त बनाना है। आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का प्रसार करने के अभियान में एकजुट होना बहुत जरूरी है।
- टोयोटा सिएना वैन को रथ जैसा रूप दिया जाएगा। इसके ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राम मंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा।
- रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल और हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद की तेजल शाह नेतृत्व कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### पहली बार प्रत्यारोपित की सुअर की किडनी



**वॉशिंगटन।** मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल ने एक बयान में कहा कि यह पहली बार है कि सूअर की किडनी किसी जीवित व्यक्ति में प्रत्यारोपित की गई है। इसके अलावा दो पुरुषों को पिग हार्ट ट्रांसप्लांट (सूअरों से हृदय प्रत्यारोपण) किया गया था, हालांकि दोनों की कुछ महीनों के भीतर मृत्यु हो गई थी। बोस्टन के डॉक्टरों ने संसोधित सूअर की किडनी 62 वर्षीय एक मरीज में प्रत्यारोपित की।

### भूकंप के झटकों से हिला इंडोनेशिया का जावा द्वीप



**जकार्ता।** इंडोनेशिया का जावा द्वीप एक बार फिर भूकंप के जोरदार झटकों से हिल गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि शुक्रवार को इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पास 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके राजधानी जकार्ता में महसूस किए गए और दूसरे शहर के निवासियों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। यूएसजीएस ने कहा कि भूकंप की गहराई लगभग 8 किलोमीटर थी।

### भारत और मॉरिटानिया विदेश कार्यालय परामर्श



**नई दिल्ली।** भारत और मॉरिटानिया ने नौआकोट में अपना पहला विदेश कार्यालय परामर्श आयोजित किया। सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सेवला नाइक मुडे और मॉरिटानिया के विदेश मंत्रालय में द्विपक्षीय सहयोग के महानिदेशक मोहम्मद एल हांची केट्टब ने की।

## आपका स्वागत है मेरे बड़े भाई.. भूटानी पीएम तोबगे ने किया पीएम मोदी का स्वागत

# भारत से भूटान तक चलेगी रेल, पीएम मोदी के दौरे से चीन को लगा बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶ थिम्पू

भूटान में आपका स्वागत है, मेरे बड़े भाई.. इन शब्दों के साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने दो दिनों के थम्पू दौरे पर पहुंचे भारतीय प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी का गले लगाकर स्वागत किया है। जिससे एक संकेत मिलता है, कि भूटान में चीन की दाल नहीं गल पाई है।

ऐसा इसलिए, क्योंकि भूटान की नई सरकार से मिल रहे संकेतों के मुताबिक, भूटान भारत के खिलाफ चीन को रणनीतिक क्षेत्र में कदम जमाने नहीं देगा। पीएम नरेन्द्र मोदी दो दिनों के भूटान दौरे पर शुक्रवार को राजधानी थिम्पू पहुंचे हैं। स्वागत में पोस्टर्स लगाए गए हैं। पीएम मोदी पारो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। वहां मोदी ने जिस गर्मजोशी के साथ भूटान के पीएम को गले से लगाया, उससे संकेत यही मिलते हैं कि भूटान को घबराने की जरूरत नहीं है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के भूटान दौरे पर शुक्रवार को राजधानी थिम्पू पहुंचे हैं। वहां पीएम मोदी ने जिस गर्मजोशी के साथ भूटान के पीएम को गले से लगाया, उससे संकेत यही मिलते हैं कि भूटान को घबराने की जरूरत नहीं है।



**पीएम मोदी को भूटानी आर्म्ड फोर्सेस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर**

- कई मुद्दों पर हुई चर्चा संकेत: अब चीन की नहीं गलेगी दाल
- एयरपोर्ट को दुल्हन की तरह सजाया, फूलों की बनाई गईं रंगोलियां
- शुक्रवार से दो दिन के भूटान दौरे पर पीएम मोदी



**एक दिन पहले टल गई थी यात्रा**

बता दें कि पीएम मोदी की यात्रा गुरुवार को तय थी, लेकिन थम्पू में खराब मौसम की वजह से यात्रा टल गई थी। आपको बता दें, कि दोनों देशों के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1968 में स्थापित हुए थे, जिसकी आधारशिला 1949 में हस्ताक्षरित मित्रता और सहयोग संधि थी और बाद में फरवरी 2007 में इसे नवीनीकृत किया गया था।

### भूटान दौरे से भारत के साथ दोस्ती की नई गाथा तैयार

पीएम मोदी के भूटान दौरे ने भारत के साथ दोस्ती की नई गाथा तैयार कर दी है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत और भूटान के बीच रेल सेवा शुरू हो जाएगी। समझौता ज्ञापन में दोनों के बीच दो प्रस्तावित रेल संपर्क का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोकराझार-गेलेफू रेल संपर्क और बनारहाट-समत्से रेल संपर्क शामिल हैं। इस यात्रा से भारत के दुश्मन चीन को बड़ा झटका लगा है। दोनों देशों ने शुक्रवार को ऊर्जा, व्यापार, डिजिटल संपर्क, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और दोनों देशों के बीच रेल संपर्क संबंधी समझौते को अंतिम रूप दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और अनूठे संबंध हैं।

### लाल कालीन और रंगीन झंडे भी लगे

एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का को भूटानी आर्म्ड फोर्सेस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूटान आगमन से पहले पूरे एयरपोर्ट को दुल्हन की तरह सजाया गया था और फूलों की रंगोलियां बनाई गई थी। पीएम मोदी के स्वागत के लिए भूटानी संस्कृति को चित्रित करने वाला लाल कालीन और रंगीन झंडे भी लगाए गए थे। इसके अलावा, पीएम मोदी के सुरक्षित आगमन को सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। अपनी भूटान यात्रा के दौरान पीएम मोदी भारत-भूटान द्विपक्षीय साझेदारी को और बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### हैती से 12 लोगों का जत्था निकला

## भारतीयों की निकासी के लिए 'ऑपरेशन इंदिरावती' शुरू



- जयशंकर ने ट्वीट कर शेयर की फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैती से भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए भारत ने ऑपरेशन इंद्रावती शुरू किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और भलाई के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हैती से भारतीय नागरिकों को निकालकर डोमिनिकन गणराज्य भेजा जाएगा। हैती से 90 भारतीयों को भी निकाला जाएगा।

**डोमिनिकन गणराज्य सरकार को भी धन्यवाद दिया**



जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत ने हैती से 12 भारतीयों को निकाला है। उन्होंने डोमिनिकन गणराज्य सरकार को भी धन्यवाद दिया है। पोस्ट के साथ-साथ जयशंकर ने एक्स पर एक तस्वीर भी शेयर की है। गौरतलब है कि हैती में भारत का कोई दूतावास नहीं है। वहां के हालातों पर डोमिनिकन की राजधानी सैंटो डोमिंगो में स्थित भारतीय मिशन द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

**प्रधानमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा**

बता दें, हिंसा और लूटपाट के कारण हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने देश में शांति बहाल करने की अपील की थी। कैरिबियाई देश हैती में गृह युद्ध से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। देश में फैली हिंसा के कारण 3,62,000 हैती वासियों को विस्थापित होना पड़ा। सशस्त्र गिरोह देश की राजधानी पर कब्जा कर चुके हैं। वे राष्ट्रपति भवन समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बना रहे हैं। सड़कों पर गोलियां चल रही है।

### बैठक का नेतन्याहू ने किया विरोध

## अरब मंत्रियों और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ काहिरा

अरब मंत्रियों और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने काहिरा में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (पीएलओ) की कार्यकारी समिति के महासचिव हुसैन अल-शेख - फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के विश्वासपात्र के साथ बातचीत की। अब्बास का फिलिस्तीनी प्राधिकरण, जो कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर सीमित नियंत्रण रखता है। लड़ाई समाप्त होने के बाद गाजा के प्रशासन में भूमिका निभा सकता है।

**युद्ध पर तत्काल युद्धविराम सुनिश्चित हो**



ब्लिंकन ने पहले ही मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से मुलाकात कर युद्ध में तत्काल युद्धविराम सुनिश्चित करने और सभी बंधकों की रिहाई पर बातचीत पर चर्चा की थी। विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि शीर्ष अमेरिकी राजनयिक अपने नवीनतम मध्य पूर्व दौरे के हिस्से के रूप में एक दिन पहले सऊदी अरब का दौरा करने के बाद मिस्र में हैं।

### हमले से 3 की मौत, अंधेरे में डूबे कई शहर

## रूस ने यूक्रेन पर किया दूसरा बड़ा हमला, तबाह हुआ विद्युत संयंत्र

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने पुतिन के फिर सत्ता में आने के बाद यूक्रेन पर हमला तेज कर दिया है। रूस ने यूक्रेन पर दूसरा सबसे बड़ा हमला किया है। रूसी सेना ने इस बार यूक्रेन के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र सहित देश के कई हिस्सों में बिजली सुविधाओं पर हमला किया, जिससे बड़े पैमाने पर कई शहरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इन हमलों के कारण कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई। खारकीव क्षेत्र में ऊर्जा सुविधाओं पर हमलों के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि रात के समय किए गए ड्रोन और रॉकेट हमले 'यूक्रेनी ऊर्जा क्षेत्र पर सबसे बड़े हमले' हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा कि दुनिया रूसी आतंकवादियों के लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देखती है। रूस लोगों के सामान्य जीवन के खिलाफ लड़ रहा है।

**रात के समय किए गए ड्रोन और रॉकेट हमले**



**'निप्रो पनबिजली संयंत्र' में लग गई आग**

हमलों के कारण 'निप्रो पनबिजली संयंत्र' में आग लग गई जो यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान जोपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र को बिजली की आपूर्ति करता है। संयंत्र की मुख्य 750 किलोवॉट बिजली लाइन कट गई और कम-पावर की एक बैकअप लाइन काम कर रही है। इस संयंत्र पर रूसी सैनिकों का कब्जा है और संयंत्र के आसपास लड़ाई परमाणु दुर्घटना की आशंका के कारण लगातार चिंता का विषय बनी हुई है।

### इस्लामिक रेजिस्टेंस के हमले से मजबूर

## अफगानिस्तान के बाद अब इराक से निकल रहा अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की इजराइल समर्थित पॉलिसी का पूरी दुनिया समेत उसके ही देश में विरोध होना शुरू हो गया है। यूएन और मानव अधिकार संगठनों ने जैसे ही बाइडेन प्रशासन पर जंग रुकवाने का दबाव बनाया तो देश में मौजूद जायनिस्ट ग्रुप बाइडेन पर भड़क गए। अमेरिका में चुनाव जारी हैं। अब एक और देश के सामने अमेरिका झुकता नजर आ रहा है। अमेरिका इराक में लंबे समय से मौजूद अपनी सेना को वापस बुलाने पर विचार कर रहा है।

**हमलों ने यूएस को किया मजबूर**



इराक के अल-नुजाबा रेजिस्टेंस प्रवक्ता हुसैन अल-मौसावी ने कहा कि हमने अपने हमलों से अमेरिका को बातचीत की मेज पर वापस आने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि अभी अमेरिकियों के साथ सरकार की बातचीत से स्पष्ट नतीजे नहीं मिले हैं।

### माजिद ब्रिगेड से पस्त पाक सेना

## बलूचों ने चीन के 26 अरब डॉलर के बड़े प्रोजेक्ट को कर दिया फेल



एजेंसी ▶▶ बलूच

बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग करने वाले अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी के माजिद ब्रिगेड ने पाकिस्तान के रणनीतिक ग्वादर बंदरगाह के बाहर फिर से एक भीषण बम धमाका किया है। बुधवार को हुए इस बम धमाके में कम से कम 25 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई है। हालांकि, पाकिस्तान का कहना है, कि हमले में आठ आतंकवादी और दो सुरक्षाकर्मी मारे गए, लेकिन बीएलए ने 25 सुरक्षाकर्मियों को मारने का दावा किया है। माजिद ब्रिगेड ने कराची में चीनी वाणिज्य दूतावास (2018), ग्वादर पर्ल कॉन्टिनेंटल होटल (2019) और कराची में पाक स्टॉक एक्सचेंज (2020) पर भी हमला किया है। इसीलिए, 26 अरब डॉलर का सीपीईसी प्रोजेक्ट पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, क्योंकि पूरे बलूचिस्तान ने पाक और चीन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

### सेना की वर्दी में 5 बंदूकधारियों ने मॉल में की अंधाधुंध फायरिंग, ग्रेनेड भी फेंका, आग की उठी लपटें

## आतंकी हमले से दहला मॉस्को, 40 की मौत, 100 से ज्यादा घायल

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस की राजधानी मॉस्को के पास एक कॉन्सर्ट हॉल में लड़ाकू वर्दी पहने 5 बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और ग्रेनेड भी फेंका। जिससे मॉल में भयंकर आग लग गई। हादसे में तकरीबन 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग बुरी तरह घायल हो गए।

मरने वालों और घायलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रूसी राजधानी के पश्चिमी छोर पर स्थित क्रोकस सिटी हॉल में बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। बाद में विस्फोट की आवाजें भी सुनाई दीं और कॉन्सर्ट हॉल आग की लपटों में घिरा दिखा। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हमलावर ऑटोमैटिक वेपन्स के साथ बिल्डिंग के एंट्री गेट पर पहुंचे और गोलीबारी शुरू कर दी थी। हमलावर सेना की वर्दी में थे।

हमलावरों ने क्रोकस सिटी हॉल पर ग्रेनेड भी फेंका, जिससे मॉल में भयंकर आग लग गई। मॉल में सैंकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने रूसी मीडिया के हवाले से हमले को भयानक त्रासदी बताया है।

**हॉल में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट चल रहा था, आर्मी की वर्दी में आए हमलावर**



### हेलीकॉप्टर से आग पर काबू...



गोलीबारी शुरू होने के एक घंटे बाद रोसग्वार्डिया स्पेशल फोर्स क्रोकस सिटी हॉल पहुंचे। आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर से कोशिश की गई। कॉन्सर्ट हॉल में सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका के बीच 50 से अधिक एम्बुलेंस मौके पर तैनात की गईं। बंदूकधारियों ने गोलीबारी के बाद कॉन्सर्ट हॉल में बम भी फेंके। वीडियो में इमारत के ऊपर काले धुएं का विशाल गुबार उठता हुआ दिया। स्पेशल फोर्सेज ने इमारत में देररात ऑपरेशन चलाया।

### लोगों पर करीब से चलाईं गोलियां

वहीं एक वीडियो में दिख रहा है कि वर्दीधारी तीन लोग राइफलें लेकर कॉन्सर्ट हॉल की लॉबी में बिखरे लोगों पर बेहद करीब से गोलियां चला रहे हैं। हमलावरों ने विस्फोटक का भी उपयोग किया है क्योंकि विस्फोटों की आवाज हमले के कई वीडियो में सुनी गई। लोग खून से लथपथ होते हुए नजर आए। वहीं कुछ लोग जान बचाने भागते हुए नजर आए।

पांच बार के चैंपियन माही ने विकेट के पीछे किए तीन शिकार

# धोनी का चला जादू, 6 विकेट से जीता सीएसके, कोहली के 12 हजार रन पूरे



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के शुरुआती मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर यहां चेपॉक स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर अपना दबदबा जारी रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी छह विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाने में सफल रही। सीएसके ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर अपने नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को जीत से शुरुआत करायी। मैच से एक दिन चेन्नई की कप्तानी छोड़ने वाले धोनी ने विकेट के पीछे तीन शिकार किए।

शिवम दुबे (नाबाद 34 रन) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 25 रन) पांचवें विकेट के लिए नाबाद 66 रन जोड़कर सीएसके को जीत तक ले गए। गायकवाड़ (15 रन) ने रचिन रविंद्र (37 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। पर रचिन रविंद्र ने आईपीएल में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और तीन छक्के जमाए। गायकवाड़ यश दयाल की गेंद पर आउट हुए। रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने अपना शिकार बनाया। अजिंक्य रहाणे ने दो छक्के से 19 गेंद में 27 रन और डेरिल मिचेल ने भी दो छक्के से 18 गेंद में 22 रन बनाये। ये दोनों कैमरन ग्रीन के शिकार हुए।



### दयाल और दुबे इम्पैक्ट प्लेयर

आरसीबी ने दिनेश कार्तिक की जगह यश दयाल को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया। दयाल पारी का दूसरा ओवर लेकर आए। रहाणे के आउट होने के बाद सीएसके ने शिवम दुबे को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा। उन्होंने मुस्तफिजुर रहमान को रिप्लेस किया।

### कोहली ने ठोका पहला छक्का

विराट कोहली ने पारी के 10वें ओवर में आईपीएल के 17वें सीजन का पहला छक्का जमाया। उन्होंने महीश तीक्षणा की दूसरी बॉल पर छक्का जड़ा। इतना ही नहीं, कोहली ने सीएसके के खिलाफ 1000 रन भी पूरे कर लिए हैं।

### किंग कोहली का कीर्तिमान टी-20 क्रिकेट में बनाए 12 हजार रन

*किंग कोहली ने अपनी 21 रन की पारी के दौरान खास मुकाम हासिल कर लिया है। ब्रेक के बाद 22 गज की पिच पर लौटे विराट कोहली भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। हालांकि, कोहली ने टी-20 क्रिकेट में ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है, जहां अब तक कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं पहुंच सका है। दरअसल, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में छह रन बनाने के साथ ही विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे कर लिए हैं। कोहली यह मुकाम हासिल करने वाले पहले भारतीय और कुल छठे बल्लेबाज हैं।*

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 21 | 20 | 0 | 1 |
| डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 35 | 23 | 8 | 0 |
| पाटीदार का धोनी बो मुस्तफिजुर | 00 | 03 | 0 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल का धोनी बो चाहर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर | 18 | 22 | 1 | 0 |
| अनुज रावत रन आउट | 48 | 25 | 4 | 3 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 38 | 26 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 173/6
गेंदबाजी : चाहर 4-0-37-1, देशपांडे 4-0-47-0, तीक्षणा 4-0-36-0, मुस्तफिजुर 4-0-29-4, जडेजा 4-0-21-0.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गायकवाड़ का ग्रीन बो दयाल | 15 | 15 | 3 | 0 |
| रविंद्र का पाटीदार बो शर्मा | 37 | 15 | 3 | 3 |
| रहाणे का मैक्सवेल बो ग्रीन | 27 | 19 | 0 | 2 |
| मिचेल का पाटीदार बो ग्रीन | 22 | 18 | 0 | 2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 34 | 28 | 4 | 1 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 25 | 17 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 18.4 ओवर में 176/4
गेंदबाजी : सिराज 4-0-38-0, यश दयाल 3-0-28-1, जोसफ 3.4-0-38-0, कर्ण शर्मा 2-0-24-1, मयंक डागर 2-0-6-0, ग्रीन 3-0-27-2, मैक्सवेल 1-0-7-0.

खास-खबर

## पंत की वापसी से नए जोश में दिल्ली, किंग्स देंगे कड़ी चुनौती



चंडीगढ़। पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन को भुलाकर दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के नए सत्र में शनिवार को जब आमने सामने होंगे तो सभी की नजरें महीनों बाद मैदान पर लौट रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी। दिसंबर 2022 में भयावह कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत ने क्रिकेट के लिए अपने जुनून के दम पर समय से पहले रिकवरी कर ली है। पंत ने 15 महीने कड़ी मेहनत, जुझारूपन और हिम्मत के साथ रिकवरी को दिए हैं। पंजाब की टीम भी दिल्ली की तरह अभी तक खिताब नहीं जीत सकी है। वह एक ही बार फाइनल में पहुंची है जब 2014 में उसे कोलकाता नाइट राइडर्स ने हराया था। इसके बाद 2019 से 2022 तक टीम लगातार चार सत्र में छठे स्थान पर रही और 2023 में आठवें स्थान पर खिसक गई।

### श्रेयस की वापसी मैच में हैदराबाद के नए कप्तान कमिंस देंगे चुनौती



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। केकेआर के सबसे कामयाब कप्तान गौतम गंभीर अब मेंटोर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हैं। टीम के मालिक शाहरुख खान ने गंभीर से कहा है, 'यह तुम्हारी टीम है। बनाओ या बिगाड़ो।'



### महिला हॉकी टीम को नई मजबूती देंगे

**नई दिल्ली।** रांची में ओलंपिक क्वालीफायर में हार का दर्द जिंदगी भर उन्हें सालता रहेगा। लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया का वादा है कि अगले चार साल में इतनी मजबूत टीम बनाएंगे कि यह दिन दोबारा नहीं देखना पड़े। सविता ने इंटरव्यू में कहा, 'ओलंपिक क्वालीफायर हारना हमारे लिए ऐसा बुरा पल है जिसे हम खिलाड़ी पूरी जिंदगी शायद नहीं भुला सकेंगे। अभी तक मैं उससे उबर नहीं सकी हूं।' रियो ओलंपिक 2016 के जरिए 36 साल बाद ओलंपिक में लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी।

खबर संक्षेप



### आईपीएल में मैच नहीं यात्रा थकाऊ है : कमिंस

**कोलकाता।** पहली बार किसी टी20 टीम की अगुआई कर रहे आस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि क्रिकेट का छोटा प्रारूप थकाऊ नहीं है लेकिन दो महीने तक चलने वाली इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान यात्रा करना और विभिन्न टीमों से भिड़ने के लिए अलग तरह की तैयारी करना निश्चित रूप से बड़ी चुनौती है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम की अगुआई करने वाले कमिंस पर सनराइजर्स हैदराबाद की किस्मत बदलने की बड़ी जिम्मेदारी है जो पिछले सत्र में अंतिम पायदान पर रही थी।

### डिसिल्वा-मेंडिस के शतक श्रीलंका 280 रन पर ढेर

**सिलहट।** कप्तान धनंजय डिसिल्वा (102) और कामिंदु मेंडिस (102) के शतकों से श्रीलंकाई टीम शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर पहली पारी में 280 रन बनाने में सफल रही।



स्टंप तक श्रीलंका ने बांग्लादेश के 32 रन तक तीन विकेट झटक लिए थे। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद श्रीलंका ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद डिसिल्वा और कामिंदु दोनों ने समान 102 रन की शतकीय पारियां खेलकर टीम को संभाला।

### चैंपियन भारत को मिला कड़ा ग्रुप

**चेंगदू।** थॉमस और उबेर कप के शुक्रवार को यहां हुए ड्रा में मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष टीम को मजबूत इंडोनेशिया के साथ जबकि महिला टीम को दमदार चीन के साथ रखा गया।



भारतीय टीम अपने पहले खिताब का बचाव करने उतरेगी और उसे मुश्किल ग्रुप में रखा गया है। भारत 2022 में बैंकॉक में हुए फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर थॉमस कप जीतने वाला दुनिया का छठा देश बना था। उबेर कप में भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को ग्रुप ए में मेजबान और टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन (15 बार की विजेता) के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

## मियामी ओपन : कालिनिना ने वोज्नियाकी को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स



यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी।

विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बीट्रिज हदाद मेइया भी धीमी शुआत से उबरते हुए डायने पैरी को 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में 24वीं रैंकिंग वाली कैटी बूल्टर भी अगले दौर में पहुंच गई जब ब्रेंड एफ ने 7-6, 1-0 से पिछड़ने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। मारिया सक्कारी, टेलर टाउनसेंड, अन्ना कालिन्स्काया, मेडिसन कीस भी अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में केइ निशिकोरि को सेबेस्टियन ओफनेर ने 6-3, 6-4 से हराया।

## रॉयल्स टीम में जम्पा की जगह कोटियान, शरत टाइटंस से जुड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई को 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तनुष कोटियान को आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा के विकल्प के तौर पर शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किया गया।

कोटियान को उनके बेसप्राइज 20 लाख रुपए में खरीदा गया। पिछले सत्र में जम्पा ने रॉयल्स के लिए छह मैचों में आठ विकेट लिए थे। जम्पा ने टी20 विश्व कप के मद्देनजर कार्यभार का हवाला देकर जम्पा ने आईपीएल से नाम वापिस ले लिया। आफ स्पिनर और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज



कोटियान ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनकी शिकायत की गई। कोटियान ने शानदार वापसी की और इस रणजी सत्र में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने 502 रन बनाने के साथ 29 विकेट लिए थे।

आईपीएल ने कर्नाटक के विकेटकीपर बल्लेबाज बी आर शरत के रोबिन मिंज की जगह गुजरात टाइटंस से जुड़ने की भी जानकारी दी। झारखंड के मिंज मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल होने के कारण बाहर हो गए थे। शरत 20 लाख रुपए की बेसप्राइज पर टीम से जुड़े।

## फीफा विश्व कप क्वालीफायर : भारत अफगानिस्तान ने खेला गोलरहित ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| आभा

भारत और अफगानिस्तान ने फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में ग्रुप ए में गोलरहित ड्रॉ खेला और दोनों टीमें गोल करने का एक भी मौका भुना नहीं सकी। गुरुवार को देर रात खेले गए मुकाबले में भारत पहले हाफ में गोल करने के करीब पहुंचा जब मनवीर सिंह ने दो मौके बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। इस मैच के बाद भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि कुवैत के तीन अंक है जिसे कतर ने 3-0 से हराया।

अफगानिस्तान ग्रुप में चौथे स्थान पर है। डामाक स्टेडियम पर दोनों टीमों ने शुरुआत में काफी आक्रामक खेल दिखाया। अफगानिस्तान ने अपनी रफ्तार और कद काठी के दम पर दबदबा बनाने की कोशिश की तो भारतीयों की पासिंग अच्छी थी। जनवरी में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले विक्रम प्रताप सिंह पहली बार अंतिम एकादश में उतरे और अफगान डिफेंस में सेंध



मारने की बारंबार कोशिश की। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 17वें मिनट में मनवीर अगर गोल कर देते तो भारत को 2026 विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में दूसरे दौर के बाहरी मुकाबले में बढ़त मिल जाती।

### हरियाणा के 15 मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ग्रेटर नोएडा।** हरियाणा के मुक्केबाजों ने सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन प्रभावी प्रदर्शन किया और नौ लड़के तथा छह लड़कियां क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। उदय सिंह ने 37 किलो वर्ग में पंजाब के रणवीर को 5-0 से हराया। रवि सिहाग (49 किलो), लक्ष्य (52 किलो) और नमन (58 किलो) भी बड़े अंतर से जीतकर आगे पहुंचे। संचित जयानी (46 किलो), अर्पित (55 किलो) और अनमोल दहिया (64 किलो) ने भी अपने अपने मुकाबले जीत लिए। सिद्धांत (61 किलो) ने तमिलनाडु के एम डी देवा आकाश को 3-2 से हराया।

### महिंद्रा ने सरफराज के पिता को तोहफे में दी थार...




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत में अहम भूमिका निभाने पर सरफराज खान को एक खास तोहफा मिला है। महिंद्रा ग्रुप के मालिक आनंद महिंद्रा ने सरफराज के डेब्यू टेस्ट में दमदार प्रदर्शन से प्रभावित होकर उनके पिता नौशाद खान को बधाई दी थी और उन्हें थार गाड़ी तोहफे में देने का वादा किया था, जो उन्होंने शुक्रवार को पूरा कर दिया।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में 21-16, 19-21, 16-21 से हारी सिंधू

## सिंधू, सेन हारे, श्रीकांत और राजावत की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| बासेल

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापानी युवा खिलाड़ी से हार गई जबकि लक्ष्य सेन को प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के ली चिया हाओ ने हराया। भारत के किदाम्बी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने अपने मुकाबले जीतकर पुरुष एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर में बाहर हुई सिंधू को जापान की 17 वर्ष की जूनियर विश्व चैंपियन तोमोका मियाजाकी के हाथों 21-16, 19-21, 16-21 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं सेन को सिर्फ 38 मिनट में ली चिया हाओ ने 21-17, 21-15 से हराया। श्रीकांत ने मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त



ली जि जिया को 21-16, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि राजावत ने चीन के लेइ ला शि को 21-14, 21-13 से हराया। जॉर्ज ने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 18-21, 22-20, 21-18 से मात दी।

### 36 मिनट में दर्ज की जीत

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सिर्फ 36 मिनट में 21-10, 21-12 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू से होगा। भारत की तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को जापान की रूइ हिरोकामी और युना कातो ने 21-17, 21-16 से हराया।

## साथियान ने जीता पहला डब्लूटीटी फीडर खिताब



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्लूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरुत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्लूटीटी फीडर बैरुत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया।

महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11-9, 11-5, 11-5 से मात दी। पुरुष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11-5, 7-11, 11-13, 12-14 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11-6, 10-12, 11-6, 11-6 से हराकर खिताब जीता।






# 'डॉन 3' में मुख्य किरदार निभाएंगे रणवीर सिंह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर ने जब से यह ऐलान किया है कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डॉन 3' में मुख्य अभिनेता का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, तब से फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। डॉन फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग में रणवीर सिंह बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की जगह लेंगे और डॉन की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शूटिंग शेड्यूल ट्रैक पर है और यह अगले साल यानी 2025 में फ्लोर पर जाएगी। प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है।

लाइफ Style

# सई मांजरेकर

## सलमान के साथ सुरक्षित महसूस करती हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सई मांजरेकर अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर की लाडली बेटी हैं। सई ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' से की थी। हाल ही में अभिनेत्री फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' में नजर आईं। दर्शकों को इस फिल्म में सई की एक्टिंग काफी पसंद आई है।

पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान सई अपनी आने वाली फिल्मों के अलावा सलमान खान के साथ अपने रिश्ते पर भी खुलकर बातें करती नजर आईं। सई मांजरेकर अपनी मेहनत के दम पर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रही हैं। हाल ही में गुरु रंधावा के साथ उनकी फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' रिलीज हुई थी। सई अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, 'किसी भी नए कलाकार के लिए सलमान खान के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।'

सई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'मैंने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ की थी। उस फिल्म की शूटिंग के दौरान जिस तरह से उन्होंने मेरा ख्याल रखा, वह मेरे लिए बेहद खास था। मैं उनके साथ एक अलग सा बांड महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर अपनी कोई भी फिल्म साइन करने से पहले सलमान खान से सलाह जरूर लेती हैं। वे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि वे मुझे कभी गलत सलाह नहीं देंगे। उनके साथ मैं सुरक्षित महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर आने वाले दिनों में अजय देवगन के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा सई मांजरेकर साउथ की फिल्मों में भी दिखाई देंगी।



हॉलीवुड मसाला



# तीन बार करवाई ब्रेस्ट सर्जरी

**लॉस एंजिलिस।** अक्सर देखा जाता है कि फिल्मों में खूबसूरत दिखने के लिए सेलेब्स प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेते हैं। आज के समय में अपने शरीर के किसी भी अंग की प्लास्टिक सर्जरी कराना बहुत आसान हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा देश और विदेशी एक्ट्रेसेज शामिल हैं। आए दिन किसी न किसी एक्ट्रेस की सर्जरी की खबर सामने आती है। इन दिनों हॉलीवुड एक्ट्रेस मेगन फॉक्स अपनी सर्जरी को लेकर चर्चा में है। मेगन फॉक्स ने अपनी कुछ प्लास्टिक सर्जरी की पुष्टि की है बाकी का खंडन भी किया है।



# रिबेल मून 2 का एक्शन से भरपूर ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** जैक स्नायडर की स्पेस एंडवेंचर फिल्म रिबेल मून का दूसरा भाग अगले महीने रिलीज हो रही है। फिलहाल इसका ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें एक्शन और रोमांच की तगड़ी डोज देखने को मिल रही है। रिबेल मून का पहला भाग पिछले साल 22 दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सोफिया बुटेला रिबेल मून में लीड रोल निभाती हैं। रिबेल मून- पार्ट वनः अ चाइल्ड ऑफ फायर में सोफिया का किरदार कोरा का है, जो अंतरिक्ष के एक शांत ग्रह पर गांव के लोगों के बीच रहती है। अच्छी फाइटर कोरा बागी मिजाज की है। कोरा ब्रह्मांड में मदरवर्ल्ड के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकती है और ब्रह्मांड के सबसे बड़े योद्धाओं को अपनी लड़ाई के लिए जमा करती है। पहले भाग में दिखाया गया था कि कोरा योद्धाओं को लेकर गांव पहुंचती है। दूसरे भाग द स्कारगिवर में कहानी आगे बढ़ेगी।



# जैकलीन ने सुकेश को दिया बर्थडे गिफ्ट!

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज तब से सुर्खियों में हैं जब उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल हुआ है। अभिनेत्री का नाम ठग सुकेश से आज भी जोड़ा जाता है। सुकेश पिछले कुछ समय से जेल में है। जेल में रहने के बावजूद वह कई मौकों पर अभिनेत्री को प्रेम पत्र भेजता रहता है। अपने जन्मदिन से पहले, उसने एक बार फिर जैकलीन के नाम अपना पैगाम भेजा है। सुकेश चन्द्रशेखर ने पत्र की शुरुआत यह लिखकर की, "बेबी, 25 मार्च को मेरे जन्मदिन के गिफ्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन मैं इसे अपना छोटा जन्मदिन का उपहार कहूंगा। बेबी, यह मेरे जीवन में अब तक मिला सबसे अच्छा उपहार है। मैं जिस उपहार की बात कर रहा हूं, वह आपका नया रिलीज हुआ गाना यम्मी यम्मी है।



# अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी की उड़ी अफवाह

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने लगीं जिनमें दावा किया गया कि एक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, इसके पीछे की हकीकत अलग है। अल्लू अर्जुन पूरे देश के दिलों की धड़कन हैं। अर्जुन इंडस्ट्री के सबसे बड़े एक्टर्स में से एक हैं और फिलहाल वो अपनी एक्शन सीक्वल फिल्म 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं और इस बार जब उन्हें आरटीओ ऑफिस में देखा गया तो उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जैसे ही एक्टर की फोटो ऑनलाइन वायरल हुई, इसने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया और फैंस तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे। फैंस ने अनुमान लगाया कि अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अल्लू को हैदराबाद में आरटीओ ऑफिस में देखा गया।



# सलमान खान के शो में एंट्री लेगी वायरल गर्ल जसमीन

**मुंबई।** टीवी पर 17 साल राज करने के बाद ओटीटी पर रियलिटी शो बिग बॉस ने अपनी मुकाम बना लिया है। दो सीजन की अपार सफलता के बाद जल्द ही सलमान खान का बिग बॉस ओटीटी 3 भी आने वाला है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के कंटेस्टेंट की लिस्ट में जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ वायरल सोशल मीडिया ट्रेंड से रातों-रात स्टार बनने वालीं जसमीन कौर का नाम शामिल हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ये बताया जा रहा है कि जसमीन कौर बिग बॉस ओटीटी सीजन में नजर आ सकती है। बीते साल जसमीन का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कुछ ड्रेसेस को जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ बताती नजर आईं। लेकिन जिस स्टाइल से उन्होंने इसे कहा वो देखते ही देखते इंटरनेट पर जमकर वायरल हो गया है। बी टाउन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जैसे तमाम सेलेब्स ने भी जसमीन की स्टाइल को कॉपी करते हए इस ट्रेंड पर वीडियो बनाए, जिनकी खूब चर्चा हुई। बता दें कि जसमीन कौर दिल्ली की एक फेमस क्लोथिंग डिस्ट्रीब्यूटर हैं और इंस्टाग्राम हैंडल पर करीब 1.3 मिलियन फॉलोअर्स भी हैं।

# अंकिता का पैपराजी पर फूटा गुस्सा



**मुंबई।** बिग बॉस 17 के बाद अब अंकिता लोखंडे बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए दिखेंगी। हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता रणदीप हुड्डा संग उनकी लेटेस्ट फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर आज से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बीते रात अंकिता की इस फिल्म का प्रीमियर रखा गया है, जिसमें सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स अभिषेक कुमार, खानजादी और आयशा खान जैसे कई और सदस्य शामिल हुए। इस बीच पैपराजी की भारी भीड़ के चलते हुई दिक्कत की वजह से अंकिता लोखंडे गुस्से में आ गई और उन पर आग बबूला हो गईं।

# कार्तिक की झोली में एक और मेगा बजट फिल्म

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स में से एक है। अपने करियर ने कार्तिक ने कई शानदार फिल्में दी और आने वाले दिनों में भी कार्तिक कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कार्तिक ने एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, थ्रिलर समेत लगभग हर शैली के फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस बीच 'भूल भुलैया 2' की सफलता ने कार्तिक की झोली कई फिल्में डाल दी, जिसमें अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक कार्तिक एक बार फिर एक्शन करते नजर आने वाले है। चर्चा है कि कार्तिक साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो साजिद नाडियाडवाला कार्तिक के साथ एक मेगा बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म की योजना बना रहे हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित करेंगे, फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम हो रहा है। चर्चा ये भी है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जिसकी शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को साल 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहा है। फिल्म में एक्शन थ्रिलर के साथ-साथ दर्शकों को कॉमेडी और ड्रामा भी देखने को मिलेगा।



# जान्हवी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं राम चरण



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह जल्द ही जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' से अपना साउथ डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही वह फिल्म 'आरसी 16' से भी साउथ सिनेमा में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगी। इसमें वह राम चरण के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। जान्हवी के साथ काम करने को लेकर अभिनेता ने उत्साह व्यक्त किया है। राम चरण 'आरसी 16' में जान्हवी कपूर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं। राम ने अभिनेत्री और उनके पिता, निर्माता बोनी कपूर के साथ तस्वीरें साझा की हैं।

## शुक्रवार को देशभर में रिलीज हुई फिल्म पर आया दर्शकों का रूझान

# स्वातंत्र्य वीर... हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की हकीकत

रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में शामिल विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित यह फिल्म उनकी सशस्त्र क्रांति की नीतियों का खुलासा करती है।




**मुंबई।** वीर सावरकर का किरदार फिल्म में रणदीप हुड्डा ने अदा किया है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका अदा करने के साथ-साथ रणदीप ने फिल्म का निर्देशन भी किया है। अब जब फिल्म रिलीज हो गई है तो सोशल मीडिया पर इसे कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के लिए रणदीप हुड्डा ने जीतोड़ मेहनत की है। उन्होंने ढेरों किताबें पढ़कर न सिर्फ गहन अध्ययन किया है, बल्कि वीर सावरकर के किरदार को पर्दे पर दिखाने के लिए गजब का ट्रांसफॉर्मेशन भी किया है। अभिनेता ने करीब 26 किलो वजन घटाया है। अब जब फिल्म पर्दे पर आ गई है तो दर्शकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### दो नेशलन अवार्ड

सोशल मीडिया पर नेटिजन्स अभिनेता और फिल्म दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ यूजर्स फिल्म को 'थ्रिलिंग मास्टरपीस' कह रहे हैं। कुछ फैंस ने तो अभिनेता को इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड दिए जाने की बात तक कह डाली है।

### अंकिता को भी तारीफ

रणदीप हुड्डा के साथ-साथ अंकिता लोखंडे के अभिनय की भी दर्शक दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने 'स्वतांत्र्य वीर सावरकर' में यमुनाबाई सावरकर का किरदार निभाया है। फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखकर लौट रहे दर्शक फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### रणदी का जादू

रणदीप हुड्डा ने हमेशा की तरह इस फिल्म में भी अपने अभिनय का जादू चलाया है। दर्शक फिल्म की तारीफ तो कर ही रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी इसे जरूरत देखने की सलाह दे रहे हैं। खासकर युवाओं को यह फिल्म देखने का सुझाव अधिकांश दर्शक देते नजर आए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930